नई दिल्ली
शनिवार, 20 सितंबर 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 157
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## डूसू चुनाव में अभाविप का दबदबा

### आर्यन मान अध्यक्ष,1 सीट पर एनएसयूआई का कब्जा



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में भाजपा के समर्थित छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने तीन पदों पर जीत दर्ज की है। उपाध्यक्ष का पद एनएसयूआई के खाते में गया है। अभाविप ने डूसू अध्यक्ष पद के साथ-साथ सचिव (कुणाल चौधरी) और संयुक्त सचिव (दीपिका झा) पद पर भी जीत हासिल की है। अभाविप के आर्यन मान ने अध्यक्ष पद पर ▸▸ शेष पेज 5 पर

## पित्रोदा के बयान पर भड़की भाजपा, कांग्रेस पर साधा निशाना

# 26/11 के बाद भी कांग्रेस सरकार ने पाकिस्तान पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया था: भंडारी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा ने कांग्रेस के ओवरसीज विभाग प्रमुख सैम पित्रोदा के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले (26/11) के बाद भी कांग्रेस सरकार ने पाकिस्तान पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया था और इसकी वजह कांग्रेस का पाकिस्तान के प्रति अनवरत प्रेम था। भाजपा ने पित्रोदा के उस बयान का हवाला देते हुए, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान को घर जैसा बताया था को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी और शहजाद पूनावाला ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस का पाकिस्तान से अनवरत प्रेम उसकी नीतियों में झलकता है।

कांग्रेस की विदेश नीति पाकिस्तान को खुश करने वाली रही

पित्रोदा का बयान 140 करोड़ भारतीयों व शहीदों का अपमान



### कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान को बचाने की कोशिश की: पूनावाला



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान को बचाने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने आतंकवादी हाफिज सईद से यासीन मलिक के जरिए बातचीत की, 26/11, समझौता, पुलवामा और पहलगाम जैसे आतंकी हमलों में पाकिस्तान को क्लीन चिट दी।

### पाकिस्तान को अपना घर बता रहे पित्रोदा: भंडारी



*भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने इसे राहुल गांधी की सोच से जोड़ते हुए कहा कि राहुल गांधी के सबसे करीबी और कांग्रेस ओवरसीज प्रमुख सैम पित्रोदा पाकिस्तान को अपना घर बताते हैं। यही वजह है कि यूपीए सरकार ने 26/11 जैसे हमले के बाद भी पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का पसंदीदा और कांग्रेस का चुना हुआ! उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विदेश नीति हमेशा पाकिस्तान को खुश करने वाली रही है। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस ने आतंकवाद पर कठोर रुख दिखाने की बजाय पाकिस्तान की स्थितियों को समझने और उनका पक्ष लेने की कोशिश की।*

### आरोप- यह बयान कांग्रेस की रणनीति के तहत

*पत्रकार वार्ता में भंडारी ने कहा कि क्या कोई देशभक्त कभी यह कह सकता है कि आतंकी राज्य पाकिस्तान उसके लिए घर जैसा है? उन्होंने आरोप लगाया कि यह बयान कांग्रेस नेतृत्व की रणनीति के तहत आया है और यह 140 करोड़ भारतीयों व शहीद सैनिकों का अपमान है। भंडारी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पित्रोदा गांधी परिवार के करीबी हैं और लंबे समय से उनकी रणनीति तय करते हैं।*







## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने लगाया कदम्ब का पौधा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर कदम्ब का एक पौधा लगाया। यह पौधा यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय की ओर से एक विशेष उपहार के तौर पर भेजा गया था। यूके के राजा ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर यह पौधा उपहार के तौर पर भेजा था। यह पौधा मित्रता के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' पहल से प्रेरित यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।'

### मशहूर असमिया गायक जुबीन गर्ग का निधन



**नई दिल्ली।** मशहूर असमिया गायक जुबीन गर्ग का सिंगापुर में दुखद दुर्घटना में निधन हो गया। वह स्कूबा डाइविंग कर रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गए। सिंगापुर पुलिस ने उन्हें बचाया और पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया। काफी मशक्कत के बावजूद, डॉक्टर उन्हें बचा नहीं पाए। वह 52 साल के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी थीं। नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल के आयोजकों की तरफ से कहा गया कि स्कूबा डाइविंग करते समय उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई।

## बोले रणधीर जायसवाल, भारत के कूटनीतिक परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना कनाडा सरकार की जिम्मेदारी है

# कनाडा में भारतीय दूतावासों को खालिस्तानियों की मिली धमकी के बीच भारत की दो टूक...

- जैश-लश्कर के वीडियो से दुनिया के सामने हुई आतंकवाद को लेकर भारत के पुराने रुख की पुष्टि
- यूएनजीए के सत्र में भाग लेने के लिए पीएम नहीं जयशंकर जाएंगे अमेरिका

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कनाडा में भारत के दूतावासों को मिली खालिस्तानियों की हालिया धमकी के बीच शुक्रवार को मामले पर विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली का पक्ष रखा है। जिसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि कनाडा में भारत के कूटनीतिक परिसरों यानी मिशन- दूतावास और भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पूरी जिम्मेदारी कनाडा की सरकार की है। ऐसे किसी भी चिंताजनक मामले के सामने आने पर हम उसे संबंधित पक्ष के समक्ष उठाते हैं।

इस मामले को भी भारत ने कनाडा की सरकार के सामने उठाया है। इतना ही नहीं दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) के बीच हाल ही में द्विपक्षीय स्तर पर संवाद भी हुआ है। जो सुरक्षा के मुद्दे पर केंद्रित था। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरागत परिपाटी रही है कि जब भी कोई सुरक्षा संबंधी मामला आता है। तो हम उस पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए उसे संबंधित देश के सामने उठाते हैं। इस साल जून महीने में कनाडा में हुई दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की पहली द्विपक्षीय बैठक में भी भारत की तरफ से इस मामले का उठाया गया था।

### कैलिफोर्निया में पुलिस की गोलीबारी में मारे गए भारतीय के मामले पर सरकार की पैनी नजर, स्थानीय प्रशासन से साधा संपर्क



#### कैलिफोर्निया में भारतीय की मौत

*कैलिफोर्निया में पुलिस की गोलीबारी में मारे गए तेलंगाना के रहने वाले 30 वर्षीय इंजीनियर मोहम्मद निजामुद्दीन के मामले पर जायसवाल ने कहा कि भारत अमेरिका में स्थानीय अधिकारियों के साथ ही मृतक के परिवार के संपर्क में है। मामले पर हमारी कड़ी नजर बनी हुई है। दरअसल घटना को लेकर जानकारी मिलने के बाद निजामुद्दीन के परिवार ने विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर और विदेश मंत्रालय से मामले में तुरंत हस्तक्षेप करते हुए अपने बेटे के पार्थिव शरीर को स्वदेश लाने में मदद करने की मांग की है। जिसके जवाब में मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए रणधीर ने यह जानकारी दी है।*

#### लश्कर-जैश के वीडियो से पुष्ट हुआ भारत का दावा

*रणधीर ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों से जुड़े आतंकियों के एक के बाद एक सामने आ रहे वीडियो में बताई जा रही बातों से भारत के ही पुराने रुख की दुनिया के सामने मजबूती के साथ पुष्टि हो रही है। जिसमें भारत कहता आया है कि पाकिस्तान की सरकार और उसकी सेना की अपने पाले-पोसे हुए आतंकी संगठनों के साथ गहरी सांठगांठ है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी नई दिल्ली ने कई बार इस तथ्य को पुरजोर अंदाज में उठाया है और आगे भी ऐसा करना जारी रखा जाएगा। जायसवाल ने कहा कि भारत की आतंकवाद को लेकर बनी हुई शून्य सहिष्णुता की नीति जस की तस जारी है।*

#### यूं लिया 'जापाड' अभ्यास में हिस्सा

*रूस में आयोजित बहुपक्षीय 'जापाड-2025' सैन्य अभ्यास को लेकर रणधीर ने कहा कि भारत की इस अभ्यास में भागीदारी सामान्य रक्षा सहयोग से जुड़ी हुई है। भारत के अलावा इसमें नाटो के सदस्य देशों जैसे अमेरिका, तुर्किये और हंगरी ने भी पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया है।*

#### यूएनजीए में भाग लेंगे जयशंकर

*22 से 27 सितंबर 2025 तक न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित किए जा रहे संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर अमेरिका की यात्रा करेंगे। जिससे पूर्व में इस संबंध में प्रधानमंत्री की भागीदारी को लेकर लगाई जा रही कयासबाजी पर फिलहाल विराम लग गया है।*

## सऊदी अरब-पाकिस्तान रक्षा समझौते के बीच भारत को रियाद से है उम्मीद कि वो साझा हितों और संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखेगा

# चाबहार बंदरगाह पर अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभावों की जांच-पड़ताल में जुटा भारत



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

रूस से तेल खरीद पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ का मामला अभी पूरी तरह से सुलझा भी नहीं था कि अब अमेरिका ने मध्य-पूर्व में भारत के रणनीतिक-व्यापारिक हितों पर अप्रत्यक्ष रूप से गंभीर निशाना साधा है। जिसमें उसने ईरान में भारत द्वारा विकसित किए जा रहे चाबहार बंदरगाह का संचालन करने वाले लोगों पर 29 सितंबर से प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। नई दिल्ली ने शुक्रवार को इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में कहा कि हमने चाबहार बंदरगाह के मामले पर अमेरिका का प्रेस वक्तव्य देखा है। जिसमें उन्होंने बंदरगाह का संचालन करने वाले लोगों पर फिर से प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। हम वर्तमान में इन प्रतिबंधों के भारत पर पड़ने वाले प्रभावों की जांच-पड़ताल कर रहे हैं। बताते चलें कि अमेरिका ने 2018 में ईरान पर चाबहार से जुड़े हुए प्रतिबंधों से छूट प्रदान की थी। जिससे भारत ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### पहले ही कछुआ चाल से जारी विकास

*अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट ने बीते गुरुवार को जारी किए गए अपने एक बयान में प्रतिबंधों के बारे में दी गई जानकारी को सार्वजनिक किया था। जिसमें उसने यह कहा था कि इस महीने 29 सितंबर से ईरान के चाबहार बंदरगाह का संचालन करने वाले लोगों पर ईरान फ्रीडम एंड काउंटर-प्रोलिफरेशन एक्ट (आईएफसीए) के तहत प्रतिबंध लगाए जाएंगे। प्रतिबंधों की ये घोषणा भारत की चाबहार को विकसित करने की योजना को लेकर एक ताजा झटका माना जा सकता है। क्योंकि इससे जुड़े विकास कार्य की पहले ही ईरान पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से काफी धीमी रफ्तार बनी हुई है।*

#### भारत के लिए चाबहार का रणनीतिक महत्व

*गौरतलब है कि भारत रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह को विकसित करने के लिए ईरान के साथ 2003 से बातचीत कर रहा है। दोनों देशों के बीच 2015 में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए गए थे। जिसके तहत भारत ने बंदरगाह के शहिद बेहिश्ती टर्मिनल को विकसित करने पर सहमति जताई थी। इसके अगले साल 2016 में भारत, ईरान और अफगानिस्तान के बीच बंदरगाह में एक रेल लिंक कनेक्टिविटी विकसित करने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। जिससे तीनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं आपस में जुड़ेंगी। ईरान का चाबहार बंदरगाह भारत के लिए रणनीतिक लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसके जरिए वो पाकिस्तान को दरकिनार कर अपना सामान सीधे अफगानिस्तान और मध्य-एशिया के बाजारों में भेज सकता है।*

## शिवराज जम्मू के बाढ़ प्रभावित किसानों से मिले, खेतों में जाकर नुकसान का जायज़ा लिया

# कृषि मंत्री बोले, आपदा के इस क्षण में मोदी सरकार जम्मू कश्मीर के लोगों के साथ मज़बूती से खड़ी है

- *प्रभावित लोगों के लिए कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री ने किए राहत के कई ऐलान, कहा- किसान सम्मान निधि की राशि जल्द जारी होगी*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को जम्मू के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान चौहान ने बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए कई घोषणाएं कीं। उन्होंने ग्राम बडयाल ब्राह्मण, आरएसपुरा, जम्मू में बाढ़ प्रभावित




किसान भाई-बहनों के साथ संवाद करते हुए कहा कि केंद्र सरकार आपदा से किसानों को बाहर निकालेगी। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय, जल शक्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि मंत्रालय सहित सभी विभागों की टीमें यहां आई हैं। सभी टीमों ने सर्वे किया है और टीमें अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। नुकसान का आंकलन चल रहा है। राज्य सरकार का ज्ञापन आएगा, इसके बाद हम राहत देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। चौहान ने कहा कि कुछ काम ऐसे हैं जो राज्य सरकार को करना है। हम आपदा में कोई राजनीति नहीं करेंगे। पहला काम है, गरीबों को संकट से बाहर करना। रेत के मामले में राज्य के स्तर पर फैसला कर लेना चाहिए कि ▸▸ शेष पेज 5 पर

# राहुल गांधी का दावा: राजूरा में 6,800 नाम कटे, हार केवल 3,050 वोटों से, भाजपा ने किया पलटवार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को चुनाव आयोग पर बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाते हुए कहा कि मतदाता सूची से अवैध रूप से नाम काटे और जोड़े गए हैं। उन्होंने दावा किया कि कर्नाटक और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में लाखों मतदाताओं के नाम केंद्रीयकृत सॉफ्टवेयर के जरिए गलत तरीके से हटाए गए, उनका दावा है की अधिकतर कांग्रेस समर्थक के वोट डिलीट किए गए। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से मांग की है कि वह एक सप्ताह के भीतर उन मोबाइल नंबरों और ओटीपी का डेटा सार्वजनिक करे जिनके जरिये यह नाम हटाने-जोड़ने की प्रक्रिया हुई। ▸▸ शेष पेज 5 पर




#### भाजपा का पलटवार

*राहुल गांधी के आरोपों पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें "शहरी माओवादी" करार देते हुए कहा कि उनका बयान दिखाता है कि उन्हें संविधान पर कोई भरोसा नहीं है। केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू और सांसद निशिकांत दुबे ने भी राहुल के बयान को भ्रामक बताया।*

#### राजूरा सीट पर "स्पष्ट वोट चोरी"

*राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले की राजूरा विधानसभा सीट का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस की शिकायत के बाद यहां से लगभग 6,800 मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को केवल 3,050 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। राहुल ने इसे "स्पष्ट वोट चोरी" करार दिया।*

#### युवाओं से आह्वान

*राहुल ने सोशल मीडिया पर युवाओं और जनरेशन-जी से आह्वान किया कि वे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आएं और "वोट चोरी" के खिलाफ संघर्ष करें।*

## राजनीतिक दल बनाकर टैक्स में छूट के खेल से चुनाव आयोग वाकिफ

# छत्तीसगढ़, हरियाणा और मप्र समेत अन्य राज्यों के 359 राजनीतिक दलों पर लटकी तलवार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने देशभर में पंजीकृत अपहचाने गए राजनीतिक दलों की सफाई मुहिम के तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ के 9,हरियाणा के 11, मप्र के 6 ऐसे राजनीतिक दलों या यूं कहें राजनीतिक दल के नाम पर 'दुकान' चला रहे सभी उपक्रमों का शटर गिराना तय कर दिया है। चुनाव आयोग ने पहले देशभर के 474 ऐसे निष्क्रिय दलों को पंजीकरण सूची से बाहर कर दिया है, जिन्होंने चुनाव लडने के अलावा खाताबही के सब काम किये।



उनमें छत्तीसगढ़ के 7 दल भी शामिल थे। आयोग ने यह कार्रवाई उन दलों पर की है जिन्होंने पिछले लगातार छह वर्षों में एक भी चुनाव नहीं लड़ा। इससे पहले अगस्त 2025 में भी 334 दलों को डीलिस्ट किया गया था। इस तरह पिछले दो महीनों में 808 दलों की मान्यता रद्द हो ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### पहले 7 इस बार 9: छत्तीसगढ़ के इन राजनीतिक दलों पर लटकी तलवार

*छत्तीसगढ़ एकता पार्टी, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, छत्तीसगढ़ समाजवादी पार्टी, छत्तीसगढ़ संयुक्त जातीय पार्टी, छत्तीसगढ़ विकास पार्टी, राष्ट्रीय आदिवासी बहुजन पार्टी, राष्ट्रीय मानव एकता कांग्रेस पार्टी, पृथक बस्तर राज्य पार्टी, राष्ट्रीय समाजवादी स्वाभिमान मंच।*

## भाजपा ने पूछा: क्या राहुल जेन-जी आंदोलन के नाम पर अराजकता फैलाना चाहते हैं?

### झूठ बोलना, गलत आरोप लगाना और तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करना राहुल की फितरत बन चुकी

# राहुल गांधी परिपक्व कब होंगे? जितना बोलते हैं, उतना ही खुद को एक्सपोज करते हैं: रविशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की 'जेन-जी' टिप्पणी की आलोचना करते हुए आरोप लगाया है कि वे देश में अराजकता फैलना चाहते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट का हवाला देते हुए सवाल पूछा कि क्या राहुल गांधी जेन-जी आंदोलन के नाम पर अराजकता फैलाना चाहते हैं? वह इसके नाम पर हिंसा और अराजकता को बढ़ावा दे रहे हैं? क्या उनका इको-सिस्टम उन्हीं के इशारों पर काम करता है। क्या वह देश के



युवाओं को भ्रमित कर रहे हैं? उन्हें इन सब सवालों का जवाब देना चाहिए। ▸▸ शेष पेज 5 पर

#### राहुल भ्रम फैला रहे

*चुनाव आयोग ने भी राहुल गांधी के आरोपों को नकारते हुए स्पष्ट कहा है कि कुछ शिकायतें मिली थीं, जिन पर 2023 में एफआईआर दर्ज कराई गई और मामले की जांच सीआईडी कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन नाम नहीं काटे जाते हैं। अब राहुल गांधी 2025 में उसी मामले को उठाकर भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने कई समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों को भी दिखाया।*

#### संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर रहे

*भाजपा सांसद ने कहा कि राहुल गांधी 2014, 2019 और 2024 के चुनाव को फर्जी बता रहे हैं। राहुल गांधी देश के मतदाताओं के विवेक का अपमान करना बंद करें। राहुल गांधी को उनकी ही करनी के कारण वोट नहीं मिलता है। राहुल गांधी चुनाव आयोग, संसद, अदालत, मीडिया यानी सारी संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते हैं।*

# डूसू चुनावः एबीवीपी ने चार में से तीन सीटों पर किया कब्जा

## एनएसयूआई ने एक पद पर हासिल की विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव 2025 के केंद्रीय पैनल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने चार पदों में से तीन पद जीतकर शानदार जीत हासिल की है, जबकि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) को केवल एक सीट पर विजय मिली है। डूसू चुनाव 2025 में कुल 1 लाख 53 हजार 100 पंजीकृत मतदाताओं में से 60 हजार 272 छात्रों ने मतदान किया था। मतदान प्रतिशत 39.36 प्रतिशत रहा। इस बार कुल 21 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई, लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा समर्थित एबीवीपी और कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई के बीच देखने को मिला।

*आर्यन मान बनें दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष*

*नोटा को 23 हजार 674 मत प्राप्त हुए*





चुनाव जीतने के बाद प्रत्याशियों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति से की मुलाकात।

### कौन जीता, कौन हारा

| पद | एबीवीपी उम्मीदवार | एनएसयूआइ उम्मीदवार |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | आर्यन मान (जीते) | जोसलिन नंदिता चौधरी (हारीं) |
| उपाध्यक्ष | गोविंद तंवर (हारे) | राहुल झांसला (जीते) |
| सचिव | कुणाल चौधरी (जीते ) | कबीर (हारे) |
| संयुक्त सचिव | दीपिका झा (जीते) | लवकुश भड़ाना (हारे) |

### रेखा गुप्ता ने डूसू चुनाव में एबीवीपी के विजेताओं को दी बधाई



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा तीन पदों पर जीत हासिल करने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को विजेताओं को बधाई दी और उनसे विश्वविद्यालय के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने का आग्रह किया। गुप्ता ने 'विकसित भारत के रंग, कला के संग' कार्यक्रम में कहा कि डूसू चुनाव में एबीवीपी की शानदार जीत पर सभी युवा साथियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। यह जीत सिर्फ एक संगठन की नहीं, बल्कि हर उस युवा की है, जो देशभक्ति, अनुशासन, सेवा और संघर्ष को अपने जीवन का मार्गदर्शक मानता है। छात्र राजनीति में अपने अनुभव को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मैंने भी दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की अध्यक्ष के रूप में इन मूल्यों को जिया और सीखा।

### छात्र समुदाय की अटूट आस्था का प्रमाण है डूसू जीत : सचदेवा

डूसू चुनाव में तीन पदों पर विजय को लेकर दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एबीवीपी को जीत पर शुभकामनाएं दी है और कहा कि एबीवीपी की राष्ट्रवादी विचारधारा, सेवा भाव, संगठनात्मक शक्ति और गतिशील नेतृत्व में छात्र समुदाय की अटूट आस्था का प्रमाण है।

### चार पदों पर कुल 21 उम्मीदवार थे मैदान में

डूसू चुनाव 2025-26 के लिए नियुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. राज किशोर शर्मा ने बताया कि इस बार अध्यक्ष पद के लिए 9, उपाध्यक्ष पद के लिए 3, सचिव पद के लिए 4 और संयुक्त सचिव पद के लिए 5 उम्मीदवार और कुल 21 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे।

### उपाध्यक्ष पद के लिए किसे मिले कितने मत

उपाध्यक्ष पद के लिए प्राप्त कुल 59 हजार 869 मतों का विस्तृत विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि राहुल झांसला को 29 हजार 339, गोविंद तंवर को कुल 20 हजार 547 और सोहन कुमार को 4163 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए नोटा को 5820 मत दिये गए।

### अध्यक्ष पद के लिए किसे मिले कितने मत

मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. राज किशोर शर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष पद के लिए प्राप्त कुल 59 हजार 882 मतों में से अंजलि को कुल 5385, अनुज कुमार को 1028, आर्यन मान को 28 हजार 841, दिव्यांशु सिंह यादव को 1513, जोसलिन नंदिता चौधरी को 12 हजार 645, राहुल कुमार को 724, उमांशी को 5522, योगेश मीना को 514 और अभिषेक कुमार 535 मत प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि प्रधान पद के लिए 3175 विद्यार्थियों ने नोटा को चुना।

### सचिव पद के लिए किसे मिले कितने मत

सचिव पद पर कुल 59 हजार 863 मत प्राप्त हुए थे जिनमें से अभिनंदना प्रत्याशी को 9535, कबीर को 16 हजार 117, कुणाल चौधरी को 23 हजार 779 और मोहित को कुल 3067 मत प्राप्त हुए। 7365 विद्यार्थियों से सचिव पद पर नोटा को मतदान किया।

### संयुक्त सचिव पद के लिए किसे मिले कितने मत

संयुक्त सचिव पद के लिए कुल 59 हजार 919 मत प्राप्त हुए थे जिनमें से अभिषेक कुमार को कुल 8425, अक्षिता को 3397, अमीलिया अन्न वर्गेश को 1578, दीपिका झा को 21 हजार 825 और लवकुश भड़ाना 17 हजार 380 तथा नोटा को 7314 मत प्राप्त हुए।

### शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई मतगणना प्रक्रिया



दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव 2025-26 की मतगणना शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। अंतिम परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए 59 हजार 882 मतों में से 28 हजार 841 मत लेकर आर्यन मान विजेता रहे जबकि 12 हजार 645 मत लेकर जोसलिन नंदिता चौधरी दूसरे स्थान पर रही। जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए कुल प्राप्त 59 हजार 869 मतों में से 29 हजार 339 मत प्राप्त करके राहुल झांसला विजेता रहे जबकि 20 हजार 547 मत प्राप्त करके गोविंद तंवर दूसरे स्थान पर रहे। सचिव पद पर कुल प्राप्त 59 हजार 863 मतों में से 23 हजार 779 मत प्राप्त करके कुणाल चौधरी विजेता रहे जबकि 16 हजार 117 मत प्राप्त करके कबीर दूसरे स्थान पर रहे। संयुक्त सचिव पद पर डले कुल 59 हजार 919 मतों में से 21 हजार 825 मत प्राप्त करके दीपिका झा विजेता रही जबकि 17 हजार 380 मत प्राप्त करके लवकुश भड़ाना दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, चुनाव में नोटा को 23 हजार 674 मत प्राप्त हुए।

### एनएसयूआई ने गंवाया अध्यक्ष पद, उपाध्यक्ष पद जीते झांसला को मिले सबसे ज्यादा वोट

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के केंद्रीय छात्र संगठन चुनावों में इस बार कांग्रेस संगठन नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया को बड़ा झटका लगा है। इस बार एनएसयूआई अपना अध्यक्ष पद व संयुक्त सचिव पद बचाने में नाकाम रही। लेकिन उपाध्यक्ष पद पर राहुल यादव झांसला ने सबसे ज्यादा वोट 29339 हासिल कर जीत का परचम लहराया है। एनएसयूआई ने इस बार अपने अध्यक्ष पद के लिए जोसलिन नंदिता चौधरी पर दांव लगाया था। लेकिन जोसलिन एबीवीपी के आर्यन मान से बुरी तरह हार गई। जबकि 2024 में डूसू अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के रौनक चौधरी ने जबरदस्त जीत दर्ज की थी। इस बार एनएसयूआई ने चार में से केवल एक पद उपाध्यक्ष पर जीत दर्ज की है। उपाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के राहुल यादव ने सबसे ज्यादा वोट 29339 हासिल कर जीत दर्ज की। अपनी जीत पर झांसला ने कहा कि यह जीत मेरी नहीं बल्कि उन छात्रों की है जिन्होंने अन्याय के खिलाफ वोट डाले है। मैं हर संभव एक एक छात्र की समस्या को हल करने के लिए खड़ा रहुंगा। उन्होंने कहा कि मैं अपनी इस जीत से अभिभूत हूँ, निशब्द हूँ, भाव विभोर हूँ। दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनावों में उपाध्यक्ष पद पर विश्वास जताने के लिए मैं सभी छात्र छात्राओं व कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी के आरोप, कहा ईवीएम में हेराफेरी व धांधली हुई!

नई दिल्ली- एनएसयूआई की हार पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी ने कहा है कि इस बार भी छात्र चुनाव में ईवीएम में हेराफेरी व डीयू प्रशासन की मिलीभगत की कोशिश हुई। उन्होंने कहा कि जीत हो या हार एनएसयूआई हमेशा आम छात्रों, उनके मुद्दों और डीयू को बचाने के लिए लड़ती रहेगी, हम और मजबूत होते जाएँगे। वरुण ने कहा कि इस अनोखे चुनाव में एनएसयूआई ने शानदार प्रदर्शन किया है। न सिर्फ एबीवीपी के ख़िलाफ़, बल्कि डीयू प्रशासन, दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार, आरएसएस-बीजेपी और दिल्ली पुलिस की संयुक्त सेना के खिलाफ भी एनएसयूआई ने लड़ाई लड़ी। ऐसे में डीयू के हज़ारों छात्र हमारे साथ डटे रहे और हमारे उम्मीदवारों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई पैनल से नवनिर्वाचित डूसू उपाध्यक्ष राहुल झांसला और विजयी हुए सभी अन्य पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नीतू, पुत्री**: श्री चरण सिंह, **पता**: 2626 बी, गली नं. 21 ए, बलजीत नगर, पटेल नगर, दिल्ली; **स्थायी पता**: मानपुर, डाकघर – कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड एवं **विकास, पुत्रः** श्री गुरमीत सिंह, **पता**: डब्ल्यूजेड–1182/3, नांगल राया, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 235/25, U/s 316(4) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः रंजीत नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीतू** एवं **विकास** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीतू** एवं **विकास** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 235/25, U/s 316(4) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः रंजीत नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नीतू एवं विकास** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आकृति महेंद्रू**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी**
**कमरा सं. 145, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/12224/CD/2025**
**(Court Matter)**


### मनोहर लाल, रेखा गुप्ता और प्रवेश साहिब सिंह ने मास्टर प्लान का किया अनावरण

# दिल्ली के लिए 57 हजार करोड़ रुपए के नए ड्रेनेज मास्टर प्लान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर मनाया जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत शुक्रवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में दिल्ली के लिए दिल्ली के लिए 57 हजार करोड़ रुपए के नए ड्रेनेज मास्टर प्लान जारी किया है। इसका अनावरण केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य और पावर मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने किया। इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी, बांसुरी स्वराज, योगेंद्र चंदोलिया आदि मौजूद रहे।

यह योजना अगले तीन दशकों के लिए दिल्ली के ड्रेनेज ढांचे को भविष्य-सक्षम बनाने का लक्ष्य रखती है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ल संबंधी मुद्दे हमारे शहर की भलाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इसमें पीने का पानी, वर्षा जल निकासी और सीवेज सिस्टम शामिल हैं। दिल्ली का नया ड्रेनेज मास्टर प्लान इस प्रतिबद्धता का प्रतीक है कि हम इन महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने के लिए कटिबद्ध हैं। वर्षों की परिश्रमपूर्वक परामर्श, डेटा संग्रह और अध्ययन के बाद तैयार की गई यह व्यापक योजना दिल्ली की ड्रेनेज आवश्यकताओं के लिए रोडमैप प्रदान करेगी, जिससे जलजमाव से राहत मिलेगी और शहर को ड्रेनेज संबंधी चुनौतियों से सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत शहरी बाढ़ से निपटना, सतही जल भंडारण में सुधार, जल बहाव कम करना और मुख्य स्टॉर्म वॉटर चैनलों को अपग्रेड करना शामिल है, जिससे दिल्लीवासियों का जीवन स्तर सुधरेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शहर के ड्रेनेज सिस्टम की अपनी प्रारंभिक समीक्षा साझा करते हुए बारापुला नाला, कुशक ड्रेन, मिंटो ब्रिज और आईटीओ ब्रिज के अपने व्यक्तिगत निरीक्षण का उदहारण दिया। उन्होंने गर्व से कहा कि इस साल पहली बार मिंटो ब्रिज और आईटीओ जैसी जगहों पर गंभीर जलजमाव नहीं देखा गया, जो पहले एक आम समस्या थी। मुख्यमंत्री ने एक प्रमुख पहल की घोषणा करते हुए कहा कि 30 सितंबर को सेवा पखवाड़ा उत्सव के हिस्से के रूप में 4 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा, जिसमें यमुना पुनर्जीवन योजना भी शामिल है। यह योजना चरणबद्ध और संरचित तरीके से लागू की जाएगी। दिल्ली सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने इस अवसर पर कहा कि जैसे ही हमारी सरकार बनी, हमने तुरंत दिल्ली में जलजमाव की समस्याओं को हल करने के लिए कदम उठाए। हमने शहर के मुख्य जलजमाव बिंदुओं का दौरा किया और ठोस कदम उठाए।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **सोनू कुमार, पुत्रः** सुबिन्दर यादव, **पता**: गली नं. 06, धर्मपुरा, गांधी नगर, दिल्ली **FIR No. 357/2020; U/s: 356/379/411/34 IPC, पुलिस थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू कुमार**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू कुमार**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सोनू कुमार**, **FIR No. 357/2020; U/s: 356/379/411/34 IPC, पुलिस थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पी. भारगव राव**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06**
**पूर्वी जिला कोर्ट नं. 03,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/12505/SHD/2025**
**(Court Matter)**

### देशभर में पांचवी पास आरोपी के खिलाफ दर्ज मिले 150 केस

# धोलेरा टाउनशिप में निवेश का झांसा देकर 2700 करोड़ की ठगी, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आर्थिक अपराध शाखा ने गुजरात के धोलेरा में विकसित की जा रही टाउनशिप परियोजना में निवेश के बदले मोटे मुनाफे का लालच देकर कई लोगों से 2700 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने प्रधानमंत्री मोदी के नाम का भी सहारा लिया था। जांच में पता चला कि इसके खिलाफ देशभर में 150 से अधिक केस दर्ज है।

एडिशनल सीपी अमृता गुगुलोथ के अनुसार आरोपी जुगल किशोर (57) ने झूठा दावा किया कि प्रधानमंत्री इस परियोजना के 'ब्रांड एंबेसडर' हैं और अपनी कंपनी के माध्यम से लोगों को निवेश का प्रलोभन दिया। पुलिस ने बताया कि देशभर में आरोपियों के खिलाफ लगभग 150 मामले दर्ज हैं और कुल मिलाकर 2700 करोड़ रुपये की ठगी का अनुमान है। गुगुलोथ ने बताया कि शाहदरा निवासी किशोर 'नेक्सा एवरग्रीन प्राइवेट लिमिटेड' से जुड़ी कंपनियों में साझेदार और सक्षम प्राधिकारी था। इसी समूह ने यह योजना शुरू की थी। उसे कई शिकायतों के आधार पर गिरफ्तार किया गया। इनमें एक दिल्ली निवासी और 97 अन्य लोगों की शिकायतें शामिल हैं। इन लोगों ने आरोप लगाया कि निवेशकों से धोलेरा में भूखंड देने और हर सप्ताह मुनाफे का वादा किया गया था। जांच से पता चला है कि आरोपी और उसके साथियों ने निवेशकों के साथ ऑनलाइन बैठकें कीं, जिनमें उन्होंने प्रधानमंत्री के वीडियो दिखाकर यह दावा किया कि यह परियोजना सरकार द्वारा समर्थित है। पीड़ितों को भूखंड, साप्ताहिक तीन प्रतिशत रिटर्न और मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल जैसे इनाम देने का लालच दिया गया। कंपनी ने एक एप भी शुरू किया था, जिसके जरिए निवेशक अपनी जमा राशि की निगरानी कर सकते थे। आरोपी के भूमिगत होने से पहले इस एप को बंद कर दिया गया था। पुलिस ने बताया कि लोगों से जुटाई गई धन राशि का उपयोग कई कंपनियों में किया गया और उसका सीधे तौर पर दुरुपयोग किया गया। नेक्सा समूह ने गुजरात में 1,200 बीघा से अधिक जमीन खरीदी थी, जिसमें से अब तक लगभग 168 एकड़ जमीन का पता लगाया जा चुका है। किशोर के दो सहयोगी राजस्थान निवासी सुभाष बिजारणिया और उपेंद्र बिजारणिया को दिसंबर 2024 में गिरफ्तार किया गया था और दोनों न्यायिक हिरासत में हैं।

### लूटपाट के आरोप में किशोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष प्लेस इलाके में हुई एक लूटपाट के आरोप में पुलिस ने 16 वर्षीय किशोर को हिरासत में लिया है। आठ सितंबर को चार युवकों ने एनएफसी बाजार के भूमिगत पैदल पथ के पास एक व्यक्ति पर कथित तौर पर हमला किया था। उस पर चाकू से कई प्रहार किए और फिर उसका बैग लूट आरोपी फरार हो गए थे। बैग में दो लाख रुपये, एक लैपटॉप और महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। पुलिस के अनुसार एक टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों को पकड़ने के लिए बृहस्पतिवार को इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास जाल बिछाया। शाम करीब साढ़े चार बजे मुखबिर ने एक संदिग्ध की मौजूदगी का संकेत दिया। आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान नाबालिग ने लूटपाट में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली और बताया कि इस वारदात में उसके साथी लव, अमित और काकू भी शामिल थे जो फरार हैं।

# छह करोड़ रुपये की शेयर बाजार धोखाधड़ी में दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने दो लोगों को करोड़ों रुपये के शेयर बाजार धोखाधड़ी मामले में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इन्होंने अपने बैंक खाते कथित तौर पर संगठित साइबर सिंडिकेट को मुहैया कराए थे। आरोपियों के नाम कुलवंत सिंह और देवेंद्र सिंह बताये गये हैं।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार इन लोगों ने फर्जी निवेश योजनाओं के जरिए धोखाधड़ी के पैसे को सफेद करने के लिए अपने बैंक खाते ठगों को मुहैया कराए थे। सिंडिकेट ने निवेशकों को आईपीओ फंडिंग और शेयर बाजार में अच्छे रिटर्न के अवसरों का झांसा दिया। पीड़ितों को धोखेबाजों द्वारा नियंत्रित बैंक खातों में पैसा हस्तांतरित करने के लिए प्रेरित किया गया। इस तरीके का इस्तेमाल करके लगभग 6 करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई। धोखाधड़ी की रकम का एक हिस्सा, 20 लाख रुपये, एक एनजीओ के नाम पर एक खाते में जमा होने का पता चला। पुलिस के अनुसार राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज कम से कम 10 शिकायतों से यह गैंग सीधे जुड़ा हुआ था। डीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान, यह पता चला कि आरोपियों ने एक एनजीओ के नाम पर एक ट्रस्ट पंजीकृत किया था और स्वामित्व छिपाने के लिए चालू खाते खोले थे। फिर इन खातों को साइबर धोखाधड़ी गिरोहों के संचालकों को सौंपा गया था। पुलिस ने कहा कि कुलवंत और देवेंद्र ने चेक बुक, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग से जुड़ी जानकारी सौंपकर धोखाधड़ी वाले लेनदेन को सुगम बनाया। बदले में उन्हें 30 हजार रुपये प्रति माह दिए जाते थे और खातों से होने वाले प्रत्येक लेनदेन पर पांच प्रतिशत कमीशन भी मिलता था। पुलिस ने कहा कि कार्यप्रणाली में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पीड़ितों से संपर्क करना और उन्हें नकली ट्रेडिंग एप्लिकेशन डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करना शामिल था। डीसीपी गौतम ने कहा कि आरोपियों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वे संगठित साइबर गिरोहों के लिए पेशेवर खाता प्रदाता थे। उनके खातों ने पूरे भारत में धोखाधड़ी की रकम प्राप्त करने और उसे प्रसारित करने में अहम भूमिका निभाई और साथ ही साजिशकर्ताओं को बचाया। पुलिस ने बताया कि संचालकों का पता लगाने और ठगी गई शेष राशि की बरामदगी के लिए आगे की जांच जारी है।

## तीन साल में मादक पदार्थों से जुड़े लोगों की 27 करोड़ की संपत्ति जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ वित्तीय कार्रवाई के तहत पिछले तीन वर्षों में मादक पदार्थ अपराधियों की 27 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां जब्त की हैं। 2023 में तीन मादक पदार्थ तस्करों की लगभग 38 लाख रुपये की संपत्तियां जब्त की गई थी। अगले वर्ष 28 अपराधियों की पांच करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई, जिसमें से 4.5 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अपराध शाखा की एएनटीएफ टीम द्वारा जब्त की गई।

क्राइम ब्रांच के स्पेशल सीपी देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 2025 में कार्रवाई और तेज कर दी गई जिसमें 30 अपराधियों की लगभग 21.5 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त हुई। यह कार्रवाई 15 सितंबर तक की है। इसके अलावा पांच करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति से जुड़े 19 और अपराधियों के खिलाफ वित्तीय जांच जारी है। वित्तीय संपत्तियों की जब्ती से मादक पदार्थों की तस्करी और सप्लाई से जुड़े अपराधियों की पूरी श्रृंखला कमजोर हो जाती है। वित्तीय संसाधनों को अवरुद्ध करके हम मादक पदार्थों की तस्करी की लाभप्रदता को कम करते हैं और नेटवर्क को ध्वस्त करने में पूरी कोशिश के साथ जुड़े हैं।

GOVERNMENT OF ASSAM
DIRECTORATE OF AGRICULTURE, ASSAM

EXPRESSION OF INTEREST (EOI)

Bid Ref. No.:Agri/IPMU/NFSM/Agri Machinery/1700/2024-25/22

The Director of Agriculture, Government of Assam, invites online bids (Expressions of Interest (EOI) for empanelment of manufacturers to supply, installation and after-sales service of Agricultural Machinery under departmental schemes. Interested manufactures may download the necessary documents from the official website: https://assamtenders.gov.in/. The last date and time for submission of bid is 10/10/2025 at 12:00 PM.

Sd/-
Director of Agriculture
Government of Assam

DIPR/CF/HBI 2005

## मीठापुर में पीएम स्किल सेंटर की शुरुआत

- गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष कालका ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने परशुराम चौक मीठापुर बदरपुर में पीएम स्किल सेंटर की शुरुआत की है। सेंटर का उद्घाटन शुक्रवार को कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका व महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने किया। इस मौके पर कमेटी सदस्य गुरप्रीत सिंह जसा सहित अन्य मौजूद थे। अपने संबोधन में कालका और काहलों ने कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली कमेटी के सहयोग से 100 करोड़ रुपये की लागत से ऐसे स्किल सेंटर खोलने का फैसला लिया, जिसके तहत इस प्रकार के केंद्र खोले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों में सिख नौजवान लड़के-लड़कियों को न केवल हुनर सिखाया जा रहा है, बल्कि उन्हें 2000 रुपये प्रति माह की सहायता राशि भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों में 26 से 27 प्रकार के विभिन्न कोर्स करवाए जा रहे हैं, जो पूरी तरह तकनीकी आधारित हैं और इन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों से युवाओं को बहुत बड़ा लाभ मिल रहा है। ऐसे कार्यक्रमों के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवा न केवल स्वरोजगार के योग्य होंगे, बल्कि विभिन्न नौकरियों के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कोर्स करने वाले सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आशा जताई कि यह लोग प्रधानमंत्री स्किल सेंटर के तहत यहाँ से प्रशिक्षण लेकर देश और दुनिया में बसे नौजवानों के लिए प्रेरणा बनेंगे। कालका व काहलों ने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी हमेशा पीएम नरेंद्र मोदी व भारत सरकार की आभारी रही है, जिसने सिख युवाओं का साथ देने के लिए यह पहल की। उन्होंने हमेशा यह भरोसा दिलाया कि सिख समुदाय की भलाई के लिए वह हमेशा अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी।

# रेलवे कर्मचारियों ने की वेतन आयोग सहित अपनी मांगों को पूरा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- रेलवे कर्मचारियों को पी.एल.बी. बोनस छठवें वेतन आयोग की सीलिंग पर दिया जा रहा है

एआईआरएफ/एनआरएमयू के आह्वान पर शुक्रवार को शाखा दिल्ली सराय रोहिल्ला द्वारा कोच केयर सेंटर (सिक लाइन) पर गेट मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष कामरेड सोनू यादव व संचालन शाखा सचिव कामरेड राज कुमार ने किया। मीटिंग में आठवे वेतन आयोग की समिति का शीघ्र गठन कर एक जनवरी 2026 से आठवें वेतन आयोग को लागू करने की मांग की गई।

कामरेड सोनू यादव ने गेट मीटिंग को सम्बोधित करते हुए बताया कि सातवाँ वेतन आयोग समाप्त होने के कगार पर है, किंतु रेलवे कर्मचारियों को पी.एल.बी. बोनस छठवें वेतन आयोग की सीलिंग पर दिया जा रहा है, जिसे अविलंब बढ़ाया जाये।

50 प्रतिशत डीए हो जाने के पश्चात भी अभी तक रनिंग कर्मचारी के माइलेज की दर में होने वाली 25 प्रतिशत बढ़ोतरी के आदेश रेलवे बोर्ड से अभी तक जारी नहीं किए गए हैं,माइलेज बढ़ोतरी के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं।

पुराने पी-वे मैनुअल के अनुसार ट्रैकमैन कैडर पर 18–20 किमी पेट्रोलिंग और 6–8 किमी की सिंगल कीमैनों की मजबूरी असहनीय है तुरंत सुधार किए जायें। सुरक्षा व गैर-सुरक्षा श्रेणी की रिक्तियाँ तत्काल भरी जाएँ। दुर्गा पूजा से पूर्व बोनस को बढ़ा कर भुगतान किया जाए । यूपीएस में सुधार कर ओपीएस की तरह हमारे कटे पीएफ का ब्याज सहित भुगतान रिटायरमेंट पर किया जाये।

गेट मीटिंग में मंडल उपाध्यक्ष सीता राम मीणा, शाखा के पदाधिकारी राज कुमार, विजय,राजपाल,प्रदीप कुमार, गोपी सहाय मीणा, बजरंग, राकेश और प्रवीण कुमार सहित बड़ी तादाद में रेल कर्मचारियों ने सम्मिलित हो एक सुर में वेतन आयोग की समिति तुरंत गठित करने की मांग की।

# ट्रेन की चपेट में आने से दो मासूम बच्चियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पुलिस ने पीड़ित परिवार पर भांजी लाठियां
- परिवार स्थानीय लोगों के साथ कर रहा था प्रदर्शन

किराड़ी के प्रेम नगर इलाके में शुक्रवार दोपहर दो बच्चियों की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। दोनों बच्चियां जेजे कालोनी नांगलोई नगर निगम स्कूल से घर लौट रही थी। नांगलोई स्टेशन के पास यह हादसा हुआ। बच्चियों की पहचान आठ वर्षीय शाहिस्ता प्रवीण और सात साल की रौनक खातून के रूप में हुई है। दोनों बच्चियों के परिजनों ने शवों के पास प्रदर्शन किया और ट्रेन रोकने का भी प्रयास किया। इस दौरान परिवार ने पुलिस पर लाठी भांजने का भी आरोप लगाया है।

मिली जानकारी के अनुसार दोनों बच्चियां प्रेमनगर की रहने वाले थी। उनकी मौत के बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। बाद में पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर घर भेजने का प्रयास किया। पुलिस शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेजना चाहती थी लेकिन परिवार प्रदर्शन कर रहा था। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों ने पीड़ित परिजनों पर ही लाठियां भांजनी शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले महीने ही रेलवे ने दीवार खड़ी कर क्षेत्र के लोगों की आवाजाही बंद कर दी थी। इसके बाद से लोग वैकल्पिक मार्ग और एफओबी बनाए जाने की मांग कर रहे थे। पहले भी बाबा विद्यापति मार्ग क्रॉसिंग बंद करने को लेकर प्रदर्शन हुआ था। लगभग छह-सात साल पहले भी दो बच्चियां स्कूल से घर लौटते समय ट्रेन की चपेट में आकर यहां जान

### यूईआर -2 पर सबसे महंगे टोल टैक्स के खिलाफ लाकड़ा ने की याचिका दायर

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने दिल्ली में सबसे महंगे टोल टैक्स यूईआर -2 मुंडका के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। लाकड़ा ने बताया कि यह टोल टैक्स दिल्ली एनसीआर वालों के जनहित के खिलाफ है। क्योंकि इतिहास में यह पहली बार है कि दिल्ली में टोल टैक्स इतना ज्यादा है कि लोग भरने से पहले 100 बार सोचने को मजबूर है। दिल्ली में बने किसी भी पुल या रोड पर चलने के लिए दिल्ली वासियों को ही भारी भरकम टोल टैक्स चुकाना पड़ रहा है जो गलत है। लाकड़ा ने बताया कि इसलिए ही हमने जनहित को सर्वप्रथम रखते हुए कोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने कि ये पूरे दिल्ली देहात और एनसीआर के सभी लोगों के साथ भारतीय जनता पार्टी ने धोखा किया है। हमारे साथ इस लड़ाई में दिल्ली देहात के सभी लोग दिल्ली हाई कोर्ट में न्याय की मांग करेंगे। दिल्ली के निवासियों की जमीन लेकर जो रोड बनाया गया उस पर ही दिल्ली वालों से रोजाना के 235 रुपए वसूले जा रहे है जबकि कानूनी प्रावधान है कि 20 किमी के लिए कोई टोल टैक्स नहीं लिया जाता है, पर दिल्ली वालों को इस प्रकार की कोई राहत नहीं दी गई। लाकड़ा ने बताया कि यही कारण है कि हमें मजबूरी में कोर्ट जाना पड़ा है और हमें पूरी उम्मीद न्याय अवश्य मिलेगा।

### हाथ से सीवर सफाई रोकने में रेखा गुप्ता की सरकार भी नाकामः देवेंद्र यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि पूर्व में आम आदमी पार्टी की तरह वर्तमान रेखा सरकार भी दिल्ली में हाथ से सीवर की सफाई रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है। जबकि अकसर सीवर में सफाई के दौरान मजदूरों की मौत होती रही है। कोर्ट द्वारा दिल्ली सरकार पर 5 लाख का जुर्माना करना इस बात का सबूत है कि आज मैनुअल स्कैवेंजिंग जारी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा खोली गई इस पोल ने साबित किया है कि न्यायालय के निर्देश भी दिल्ली सरकार के लिए कोई महत्व नही रखते। यादव ने कहा कि हाथ से सीवर सफ़ाई के दौरान होने वाली मौत को रोकने में बीजेपी की सरकार भी असफल रही है। यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा देश में मैनुअल स्कैवेंजर्स के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 हाथ से मैला निकालने की प्रथा पर प्रतिबंध लगाता है। परंतु मैनुअल स्क्वैंजिंग का अमानवीय कार्य सरकार की देखरेख में हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक के बावजूद राजधानी दिल्ली में सीवर की मैनुअल सफाई के कारण दो दिन पहले भी अशोक विहार में सीवर की सफाई करते हुए 40 वर्षीय अरविन्द की मौत हो गई और 3 अन्य कर्मचारी अपनी जिंदगी से लड़ रहे है।

# हत्या के मामले का संदिग्ध आरोपी मुठभेड़ के बाद पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




उत्तर पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ ने हत्या के एक मामले में फरार चल रहे संदिग्ध आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। शालीमार बाग निवासी आरोपी गुड्डू (23) को मुठभेड़ के दौरान दाहिने पैर में गोली लगी और उसे बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके पास से एक देसी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी पिछले महीने शालीमार बाग थाने में दर्ज एक हत्या के मामले में वांछित था।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार 25 अगस्त को हैदरपुर निवासी हर्ष मिश्रा (25) के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना पीसीआर को मिली थी। मिश्रा पर अज्ञात हमलावरों ने चाकू से हमला किया था। मिश्रा ने अगले दिन दम तोड़ दिया था। 26 अगस्त को हत्या का मामला दर्ज किया गया और जांच के दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। हालांकि गुड्डू को मामले का मुख्य आरोपी माना गया था वह फरार था। पुलिस के अनुसार मौर्य एन्क्लेव के एयू ब्लॉक के पास गुड्डू की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी। उसे पकड़ने के लिए बृहस्पतिवार रात करीब एक बजे टीम ने मुनक नहर के पास जाल बिछाया। डीसीपी ने बताया कि एक संदिग्ध व्यक्ति सीए ब्लॉक की झुग्गियों से एकता कैंप की झुग्गियों की ओर जाता दिखा। मुखबिर द्वारा गुड्डू को पहचाने जाने पर पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण करने को कहा। लेकिन आरोपी ने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर गोली चला दी। गोली हेड कांस्टेबल नरसी राम की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। पुलिस ने उसे चेतावनी देते हुए पहले हवा में गोली चलाई, फिर उसके शरीर के निचले हिस्से पर निशाना साधा। गोली गुड्डू के दाहिने पैर में लगी और उसे पकड़ लिया गया। गुड्डू ने मिश्रा की हत्या में अपनी भूमिका कबूल की है।

### वियतनाम से चल रहा फर्जी नौकरी गिरोह

नई दिल्ली। उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने वियतनाम में फर्जी नौकरी गिरोह चलाये जाने का खुलासा किया है। इस गिरोह से जुड़े दो ठगों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर दिल्ली के एक शख्स से 3.12 लाख रुपये की ठगी का आरोप है। यह गिरोह ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में नौकरी की तलाश कर रहे भारतीयों को निशाना बनाता था। पुलिस ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश में 1,000 किलोमीटर तक का क्षेत्र कवर करने के बाद तीन दिनों तक चली छापेमारी में गिरोह के मास्टरमाइंड सहदेव सिंह (37) और उसके सहयोगी नीरज (37) को एटा से पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान सहदेव सिंह ने खुलासा किया कि उसने वियतनाम में गिरोह चलाने वालों के साथ काम किया था, जो ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में रोजगार चाहने वाले भारतीयों को निशाना बनाकर ठगी करते थे। यह मामला तब प्रकाश में आया जब बुराड़ी निवासी 40 वर्षीय आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन पेशेवर ने शिकायत की।

निदेशालय, सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषा, हरियाणा
हरियाणा सरकार



आज़ादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक, अम्बाला कैंट

निविदा सम्बन्धी सूचना

1857 की क्रान्ति की याद में वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने के लिए अम्बाला कैंट में (अम्बाला कैंट-दिल्ली) नेशनल हाईवे - 44 पर 'आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक ' का निर्माण किया जा रहा है। यह एशिया का सबसे बड़ा स्मारक है जिसमें प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होगा।

स्मारक में बनाई गई Water Body/Lake में Solar Boat, Mechanical Boat, Manual Boat की Ferrying/Operating के लिए एजेन्सी/फर्म की आवश्यकता है।

विभाग द्वारा उक्त क्षेत्र में अनुभव रखने वाली एजेन्सी की सेवाएं (Quality & Cost Based Selection (QCBS) ) हेतु https://etenders.hry.nic.in पर टैंडर लगाकर बोलियां आमंत्रित की गई हैं जिसकी अन्तिम तिथि 21 अक्तूबर, 2025 सायं 5:00 बजे तक है। इस टैंडर की ID-2025_HRY_473613 है तथा इसके दस्तावेज़ व अन्य शर्तें उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती हैं। अगर कोई बोलीदाता शहीद स्मारक देखना चाहता है तो वह किसी भी दिन सायं 5:00 बजे से पहले देख सकता है।

सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा, एस.सी.ओ. नं. 200-201, सैक्टर-17 सी, चण्डीगढ़
फोन नं. 0172-5046246 ई-मेल: directorshaheedsamarak@gmail.com
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

**खबर संक्षेप**

## विदेशी ठग को खाता देने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 35,20,000 रुपए की ठगी मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। साइबर थाना एनआईटी में ग्रीनफिल्ड कॉलोनी फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 20 जनवरी 2024 को उसके पास एक कॉल आया जिसने अपने आपको ट्रेडिंग कंपनी को एजेंट बताया और उसे एक कंपनी के व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा।

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम



**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त यातायात जयवीर सिंह के मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गवर्नमेंट आईटीआई पाली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक सुनीता प्रभारी सामुदायिक पुलिसिंग सेल ने विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने ओवरस्पीडिंग तथा मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी गई।

## जॉब के नाम पर की ठगी, आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 80201 रुपए की ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम आरोपी खाताधारक को गिरफ्तार किया है। एनआईटी फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 4 मार्च 2024 को उसने इंस्टाग्राम पर पार्ट टाइम जॉब से संबंधित एक विज्ञापन देखा, जिस पर दिये गये लिंक पर उसने पार्ट टाइम जॉब के लिए अप्लाई किया। जिसके बाद उसके पास कॉल आया और रजिस्ट्रेशन के लिए 499 रुपए मांगे और फिर उन्होंने उसे जॉब का लालच देकर झांसे में ले लिया।

## कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा स्तुति से किया गया

# नन्हे-मुन्ने छात्रों की प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

**बच्चों ने मंच पर कला का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सैक्टर 15 पार्ट 2 स्थित सलवान पब्लिक स्कूल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और उन्हें हिंदी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा स्तुति से किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि मलिक का कहना है कि मॉन्टेसरी से कक्षा द्वितीय तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भक्ति रस और वीर रस से ओत-प्रोत कविताओं का मनमोहक पाठ किया, जिसमें हिन्दी साहित्य की आध्यात्मिकता की अनूठी झलक देखने को मिली। चौपाइयों के माध्यम से रामायण का संदेश और आरंभ है प्रचंड कविता का सशक्त वाचन दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहा।

**खास बातें**

- नन्ने-मुन्ने बच्चों ने भक्ति रस, वीर रस से ओत-प्रोत किया
- रामायण का संदेश प्रचंड कविता का सशक्त वाचन विशेष आकर्षण का रहा
- हिंदी से प्रेम बनाए रखने के लिए प्रेरित किया





बच्चों ने आत्मविश्वास और उत्साह के साथ मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों में न केवल हिन्दी भाषा के प्रति प्रेम को प्रगाढ़ किया, अपितु भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रति गर्व की भावना भी जागृत की। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सविता उपाध्याय ने बच्चों को बारहखड़ी याद करने, शुद्ध उच्चारण करने और हिन्दी से प्रेम बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## सराय ख्वाजा स्कूल के विद्यार्थियों ने बनाए इको ब्रिक्स के ट्री गार्ड

# इको ब्रिक्स सिंगल यूज प्लास्टिक का बेहतर समाधानः निगम कमिश्नर

**50 विद्यार्थियों को ईनाम देकर सम्मानित किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक शुक्रवार को पर्यावरण और प्राणियों के लिए बहुत खतरनाक व कई बीमारियों का जनक बनता जा रहा है । कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा शुक्रवार को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई इको ब्रिक्स की प्रतियोगिता में बच्चों को पुरस्कृत करने पहुंचे थे। कार्यक्रम का आयोजन सुनो नहरों की पुकार मिशन व स्कूल के सहयोग से किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे खड़गटा का स्वागत स्कूल प्राचार्य रविंद्र मनचंदा स्टॉफ सदस्यों व मिशन के पदाधिकारियों डॉ जसमेर सिंह, मुकेश नानकवाल, ईश्वर दलाल, दीपक छारा द्वारा किया गया। यह जानकारी सांझा करते हुए हसला के राज्य संगठन सचिव दीपक छारा ने बताया कि स्कूल में इको ब्रिक्स की एक प्रतियोगिता करवाई गई जिसमे विद्यार्थियों ने प्लास्टिक की बोतल में सिंगल यूज प्लास्टिक भरकर 1500 इको ब्रिक्स जमा करवाई गई और उनके विजेताओं को आज लकी ड्रा के माध्यम से एक लडक़ी व एक लड़के को साइकिल ईनाम में देकर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा द्वारा सम्मानित किया गया।



इसके अलावा अपने सेक्शन में सबसे ज्यादा इको ब्रिक्स जमा करवाने वाले 50 विद्यार्थियों को ईनाम देकर सम्मानित किया गया, मिशन के संरक्षक डॉ. जसमेर सिंह ने नहरों, नदियों में प्लास्टिक या अन्य सामग्री न डालने की शपथ दिलवाई। कमिश्नर खड़गटा ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक से इको ब्रिक्स बनाकर उनका बेहतरीन प्रयोग जैसे ट्री गार्ड, बेंच, कुर्सी, टॉयलेट की दीवार आदि बनाने में किया जाए और इस मुहिम से फरीदाबाद जिले के सभी स्कूलों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का निस्तारण आज के समय वैश्विक समस्या है जिसको इको ब्रिक्स बनाकर कुछ कम किया जा सकता है। सिंगल यूज प्लास्टिक न केवल मानवजाति के लिए बल्कि अन्य जीव जंतुओं व पर्यावरण के लिए नुकसानदेह है । स्कूल प्राचार्य रविन्द्र मनचंदा ने समस्त स्टाफ व विद्यार्थियो की तरफ से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करके धन्यवाद करके आश्वस्त किया कि स्कूल की तरफ से स्वच्छ भारत अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। मंच संचालन जितेंद गोगिया ने किया। बच्चों को मोटिवेट करके अधिक इको ब्रिक्स बनाने के लिए चार टीचर संदीप, सरिता, आरती व रविंदर को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य रविंदर मनचंदा, डॉ जसमेर, ईश्वर दलाल, मुकेश नानकवाल, दीपांजलि, सरिता, बुधसिंह निकेता, सोनिया, आरती, सन्दीप, रविन्द्र, पवन, दिलबाग, अनिल, जितेंद्र, सुरेंद्र, सुशीला, सुनीता, गीता व समस्त स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 38 लाख 75 हजार रुपए की ठगी, खाता उपलब्ध करवाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 38, 75,000 रुपए की ठगी में खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को काबू किया है। सेक्टर-16 ए फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने थाना सैंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसको ठगो ने कॉल कर बताया कि शेयर मार्केट में निवेश करवाते हैं और फिर उन्होंने व्हाट्सएप पर एक लिंक भेज कर शिकायतकर्ता को एक व्हाट्सएप ग्रुप ज्वाइन करवाया। जिसके बाद उसने पैसे निवेश करना शुरू किया और कुल 3875000 रुपए निवेश किये। जब पैसे निकालने के लिए बोला तो और पैसों की मांग की गई। जिस शिकायत पर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते



हुए ओमप्रकाश निवासी जिला सीकर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि ओमप्रकाश ने शेलेन्द्र से लेकर आगे ठगो को दे दिया था। आरोपी ओमप्रकाश 12वीं पास है। खाता में ठगी के 10 लाख रूपये आये थे। शेलेन्द्र को गिरफ्तार कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया हुआ था जिसको न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है वहीं ओमप्रकाश को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**सेवा पखवाड़ा : महापौर कैंप कार्यालय पर बैठक का आयोजन**

# महापौर ने मुख्यमंत्री के आह्वान पर फरीदाबाद को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत फरीदाबाद को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ शुक्रवार को फरीदाबाद महापौर कैंप कार्यालय पर फरीदाबाद रोटरी क्लब 3011 के सहयोग से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में फरीदाबाद रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. रवि गुगनानी एवं फरीदाबाद जिला स्वास्थ्य विभाग के टीबी इंचार्ज डॉ. हरजिंदर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई कि किस प्रकार समाज और सरकार मिलकर फरीदाबाद को टीबी मुक्त बना सकते हैं।

इस अवसर पर फरीदाबाद रोटरी क्लब के सभी असिस्टेंट गवर्नर्स एवं प्रेसीडेंट्स, विशेष रूप से धीरज भूटानी, एच.एल. भुटानी, तरुण गुप्ता, वीरेन्दर मेहता, अनिल जैन, श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव, श्रीमती लिली ढल एवं श्रीमती अंजू श्रीवास्तव उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. रवि गुगनानी ने कहा कि हमें टीबी मरीज़ों का दर्द समझना होगा और उसी दिशा में आगे बढ़ना होगा, क्योंकि जिस पर दर्द गुजरता है, समाज और संस्थाओं को मिलकर यही संवेदना आगे ले जानी है। फरीदाबाद जिला स्वास्थ्य विभाग के टीबी इंचार्ज डॉ. हरजिंदर सिंह ने बताया कि टीबी उन्मूलन के प्रयासों में कई प्रकार की चुनौतियां सामने आती हैं, जैसे समय पर जांच और इलाज की उपलब्धता, मरीज़ों की जागरूकता और संसाधनों की कमी। ऐसे में समाज और रोटरी जैसे संस्थानों का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। हमें स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक सहयोग की भी जरूरत है ताकि हर मरीज को समय पर सहायता मिल सके। महापौर श्रीमती परवीन जोशी ने कहा कि सभी रोटेरियन द्वारा दिए गए सहयोग और समर्थन के आश्वासन काबिल-ए-तारीफ हैं। आगे बढ़ते हुए हम सब मिलकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लक्ष्य को पूरा करेंगे और संपूर्ण फरीदाबाद को टीबी मुक्त बनाएंगे। मैं आप सभी से आह्वान करती हूं कि आगे आएं और इस मिशन में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि फरीदाबाद जल्द से जल्द टीबी मुक्त बन सके।

**कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की**

# तुगलकी फरमान जारी कर जनता को परेशान कर रही भाजपा सरकार : बलजीत कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा में भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिलों में भारी बढ़ोतरी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक के नेतृत्व में जिले के कांग्रेसियों ने जिला उपायुक्त के मार्फत महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। तयशुदा कार्यक्रम के तहत कांग्रेसी नेता भारी संख्या में सेक्टर-12 पेट्रोल पंप पर एकत्रित हुए और वहां से पैदल विरोध मार्च निकालते हुए सेक्टर-12 लघु सचिवालय पहुंचे। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लिए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार के तुगलकी फरमान ने आम आदमी की जेबों पर कुठाराघात किया है यह सरकार लोगों को सुविधाएं देना तो दूर उनके ऊपर टैक्सों का बोझा लादकर उन्हें परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हरियाणा सरकार ने लोगों के बीच में कहा था कि बिजली के बिलों में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नही की जाएगी। लेकिन सरकार ने लोगों से वायदा खिलाफी करते हुए बिजली के बिलों में बेइंतहा बढ़ोतरी करते हुए अप्रैल माह से बिलों में लगभग 9 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करके लोगों के पास बिल भेजे गए है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का




सामना करना पड़ रहा है। कौशिक ने कहा कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की तरफ से बिजली दरों की स्लैब में बदलाव के कारण उपभोक्ताओं के बिल 9 से 30 फीसदी तक बढ़ गए। तीन किलोवॉट के कनेक्शन वालों को 9 फीसदी, पांच किलोवॉट वालों को 12 फीसदी, 10 किलोवॉट पर 18 फीसदी व 20 किलोवॉट पर 30 फीसदी ज्यादा बिल देना होगा। उद्योगों को मिलने वाले एलटी 50 केवीए, व एचटी 50 केवीए से ऊपर कनेक्शन को दो स्लैब में बदला गया है।

पहले 20 केवीए तक फिक्स चार्ज नहीं लगता था, जोकि अब सभी पर लग रहा है। इस श्रेणी में पहले एमएमसी 185 रुपये प्रति केवीए था। इसके तहत पहले एमएमसी और बिजली का बिल आने पर एक ही चार्ज लगता था।

# नीरज शर्मा क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



भारतीय रेलवे द्वारा समाजसेवी नीरज शर्मा को क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति जेडआरयूसीसी उत्तर रेलवे भारत सरकार का सदस्य नियुक्त किया गया है। भारतीय रेलवे में उनके योगदान को देखते हुए केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने विशेष कोटे से उनकी नियुक्ति की है। यह नियुक्ति आगामी दो वर्षों के लिए होती है। अपनी नियुक्ति पर नीरज शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। नीरज शर्मा ने बताया कि रेलवे देश की लाइफ लाइन है। इसको और अधिक सुधार कर बेहतर कैसे बनाया जा सकता है इसके लिए हम सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों को और अधिक रेलवे द्वारा सुविधाएं मुहैया कराई जाए इसके लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे। इस नियुक्ति पर उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित रेलवे बोर्ड के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

**सीएम योगी ने गाजियाबाद में किया 'भारतवर्ष की स्वर्णाभा नरेंद्र मोदी' पुस्तक का विमोचन**

# टेक्नोलॉजी रोजगार छीनती नहीं, बल्कि नए अवसर पैदा करती है : मुख्यमंत्री योगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गाजियाबाद में पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर द्वारा लिखित पुस्तक 'भारतवर्ष की स्वर्णाभा नरेंद्र मोदी' का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को आगे बढ़ाने और युवाओं को तकनीक से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लिखना एक साधना है और यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अब तक की उपलब्धियों को संजोने वाली प्रेरणादायी कृति है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसे विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और पुस्तकालयों में रखा जाए ताकि नई पीढ़ी प्रेरणा ले सके। वहीं उन्होंने युवाओं से एआई और उभरती हुई तकनीकी ज्ञान को अपनाने का आह्वान किया।

### युवाओं से किया आह्वान

सीएम योगी ने कहा कि यूपी का युवा, किसान, नारी शक्ति और उद्यमी हमारी ताकत हैं। उन्होंने सभी से समर्थ यूपी पोर्टल पर अपने सुझाव अवश्य देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर जिले से तीन श्रेष्ठ सुझावों को जनपद स्तर पर और पांच श्रेष्ठ सुझावों को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

### गुलामी की मानसिकता छोड़ने का दिया संदेश

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के 'पंच प्रण' की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीयों को गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलना होगा और अपनी भारतीयता पर गर्व करना होगा। उन्होंने शेर और सियार की कहानी सुनाते हुए कहा कि हम भारतीयों को अपनी दहाड़ पहचाननी चाहिए।

### सीएम ने दोहराया विकसित भारत और यूपी का संकल्प

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने वाला है। उत्तर प्रदेश भी तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। 2017 से पहले यूपी को बीमारू राज्य कहा जाता था, लेकिन आज यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2016-17 में यूपी की जीडीपी 12.75 लाख करोड़ थी, जिसे 2025-26 में ही 36 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य है। टेक्नोलॉजी और एआई पर जोर सीएम योगी ने युवाओं से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल टेक्नोलॉजी को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी रोजगार छीनती नहीं बल्कि नए अवसर पैदा करती है। जिस तरह कंप्यूटर आने पर नई संभावनाएं बनीं, उसी तरह एआई भी कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में नई दिशा देगा। किसान यदि तकनीक अपनाएंगे तो उनकी उत्पादकता तीन गुना तक बढ़ सकती है।

## घटना स्थल से गोलियों के 30 से अधिक खोल बरामद

# बिल्डर कंपनी के ऑफिस पर बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर सिटी गुरुग्राम के मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के निकट बिल्डर कंपनी के ऑफिस पर बदमाशों द्वारा की गई ताबड़तोड़ फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। सेक्टर 45 में पांच हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने ऑफिस को निशाना बनाते हुए 30 राउंड से भी ज़्यादा गोलियां चलाई। गनीमत रही कि हमले के दौरान ऑफिस में मौजूद कोई हताहत नहीं हुआ। जबकि दफ्तर में लगे सभी शीशे चकनाचूर हो गए। वहीं लाखों की रुपए की बीएमडब्ल्यू और जैगुआर कार में भी गोलियां लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तुरंत मौके पर पहुँचे और जाँच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, बीती रात करीब 9 बजकर 20 मिनट पर सेक्टर 45 में प्रॉपर्टी मार्केटिंग कंपनी एमएनआर बिल्डमार्क कंपनी के आलीशान दफ्तर का मेनगेट फांदकर पांच नकाबपोश बदमाश घुसे। जिन्होंने दफ्तर में घुसते ही ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरु कर दी। जिससे दफ्तर में लगे सभी शीशे चकनाचूर हो गए। दफ्तर के अंदर खड़ी लाखों की रुपए की बीएमडब्ल्यू व जैगुआर कार में भी गोलियां लगी। इस जानलेवा हमले में ऑफिस के अंदर मौजूद किसी भी व्यक्ति को गोली नहीं लगी और कोई घायल नहीं हुआ।

### 30 से अधिक खोल बरामद

जांच अधिकारी एसआई बलजीत सिंह ने बताया कि घटनास्थल से गोलियों के 30 से अधिक खोल बरामद किए हैं। प्राथमिक जांच में पुलिस इसे आपसी रंजिश या रंगदारी से जुड़ा मामला मान रही है। पुलिस टीम आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके

# आईटीआई फरीदाबाद में लगे शिक्षुता एवं रोजगार मेले में 144 छात्र हुए शॉर्ट लिस्ट

***41 विद्यार्थियों को दिया गया मौके पर ही रोजगार***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के आदेश अनुसार हरियाणा राज्य की राजकीय आईटीआई में छात्रों को अधिक से अधिक शिक्षुता एवं रोजगार दिलाने के लिए शुक्रवार को शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन आईटीआई फरीदाबाद में किया गया।

इस शिक्षुता एवं रोजगार मेले में फरीदाबाद, पलवल, पृथला के औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न उद्योगों ने भाग लिया। उनमें मुख्य रूप से गुड ईयर लिमिटेड प्राइवेट लिमिटेड, मित्रा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, इम्पेरियल ऑटो लिमिटेड, जेसीबी लिमिटेड, बिरलानु लिमिटेड, एबीबी इंडिया लिमिटेड, चेरा इंजीनियर वर्क्स, टाटा स्टील प्राइवेट लिमिटेड, फ्रिक इंडिया लिमिटेड, व्हर्लपूल इंडिया लिमिटेड, गलहेंड इंडिया लिमिटेड, प्लैजर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गेट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मिटासो एप्लायंसेज लिमिटेड इत्यादि शामिल रहे। इस रोजगार मेले में 244 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। जिस में से 144 छात्रों को विभिन्न कंपनियों द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया एवं 41 विद्यार्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिया गया।

रोजगार मेले में श्रीराम अग्रवाल अध्यक्ष डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **हितिक पुत्रः** दीपक कुमार **पताः** मकान नंबर एल–1226 मंगोलपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 849/21 U/s 33 Delhi Ex. Act थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हितिक,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हितिक,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 849/21 U/s 33 Delhi Ex. Act थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **हितिक,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
जेएमएफसी–05. कमरा नं.–105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/12445/OD/2025
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### फिर अटकी सपा नेता आजम खां की रिहाई



**लखनऊ।** यूपी के सीतापुर जिला कारागार में बंद सपा नेता आजम खां को उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद भी वह रिहा नहीं हो पाए। शुक्रवार को उनकी रिहाई के कयास लगाए जाते रहे। बाद में रिहाई अटकने की एक खास वजह सामने आई। रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जा करने के मामले में आजम खां की जमानत अर्जी गुरुवार को मंजूर कर ली गई थी।

### दो ट्रकों की टक्कर में चालक जला जिंदा



**रांची।** झारखंड के हजारीबाग जिले में दो ट्रकों की आमने-सामने की भिड़त में एक चालक जिंदा जलकर मौत का शिकार हो गया। यह जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी। हादसा गुरुवार रात एनएच-2 पर कोनरहरा खुर्द गांव के पास, बरकट्ठा थाना क्षेत्र में हुआ। ट्रेलर और ट्रक की भिड़त के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि टक्कर के तुरंत बाद दोनों वाहन आग की चपेट में आ गए।

### कार की टक्कर से दो की मौत, एक घायल



**भदोही।** भदोही जिले की कोतवाली क्षेत्र के गिराई पावर हाउस के सामने वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर बृहस्पतिवार की देर रात तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार महिला और एक युवक की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार वाराणसी ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। ऊंज थाना क्षेत्र के सिकी चौरा बिछिया निवासी रोहित कुमार चला रहा था।

सरयू नदी के किनारे पर्यटकों के लिए रेस्टोरेंट होगा शुरू

# दीपोत्सव में अयोध्या को मिलेगा फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का तोहफा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

प्रदेश सरकार इस दीपोत्सव पर अयोध्या को एक अनूठा उपहार देने जा रही है। सरयू नदी के किनारे पर्यटकों के लिए एक आधुनिक फ्लोटिंग रेस्टोरेंट शुरू किया जाएगा, जो न केवल अयोध्या के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को एक अनोखा अनुभव भी प्रदान करेगा।

इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निर्माण मुंबई की कंपनी लिटमस मरीन ने किया है। यह अयोध्या में पर्यटन निगम का तीसरा व्यावसायिक प्रतिष्ठान होगा। लिटमस मरीन के प्रबंधक सुशील तंद्रे ने बताया कि यह फ्लोटिंग रेस्टोरेंट 20.5 मीटर लंबा और आठ मीटर चौड़ा है। इसमें 12.6 मीटर का हिस्सा रेस्टोरेंट के लिए उपयोग किया जाएगा, जहां एक बार में 35 पर्यटक बैठ सकेंगे। रेस्टोरेंट पूरी तरह से वातानुकूलित है और इसमें आधुनिक लाइटिंग सिस्टम के साथ-साथ एक सुसज्जित किचन भी है। इसे तैयार करने में डेढ़ माह का समय लगा और तकरीबन 20 कर्मचारियों ने सेवाएं दीं। यह रेस्टोरेंट 10 से 15 मीटर गहरे पानी में संचालित हो सकता है, जो इसे सरयू नदी के प्रवाह में सुरक्षित और स्थिर बनाता है।

■ रेस्टोरेंट 20.5 मीटर लंबा होगा ■ 12.6 मीटर का हिस्सा उपयोग में होगा



### पर्यटकों के लिए फोटोग्राफी का आकर्षण

फ्लोटिंग रेस्टोरेंट न सिर्फ खाने-पीने की सुविधा देगा, बल्कि पर्यटकों के लिए फोटोग्राफी का भी बेहतरीन स्थल बनेगा। नदी के बीच से दिखाई देने वाली राम की पैड़ी, घाटों और दीपोत्सव के समय जगमगाती अयोध्या की झलक पर्यटकों के कैमरे में कैद होकर जीवनभर की यादगार बन जाएगी। यह जगह सेल्फी पॉइंट के रूप में भी तेजी से लोकप्रिय हो सकती है।

### एक और अहम कदम

प्रदेश सरकार और पर्यटन निगम का यह प्रयास अयोध्या को एक वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और कदम है। राम मंदिर के निर्माण और अन्य पर्यटन परियोजनाओं के बाद, यह फ्लोटिंग रेस्टोरेंट अयोध्या की ब्रांडिंग को और मजबूत करेगा। इस तरह की पहल से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

निखिल टीकाराम फुंडे, जिलाधिकारी

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025: सीएम ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा

# सीएम योगी ने लिया तैयारियों का जायजा पीएम मोदी करेंगे तीसरे संस्करण का शुभारंभ

सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन स्थल पर सभी व्यवस्थाएं बेहतर हों ताकि देश-विदेश से आने वाले अतिथियों और उद्यमियों को किसी तरह की असुविधा न हो।

एजेंसी ▶▶ नोएडा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट पहुंचे। यहां आगामी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 तृतीय संस्करण की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग एक घंटे तक समीक्षा बैठक की और व्यवस्थाओं को बीते साल से बेहतर करने के निर्देश दिए। सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन स्थल पर सभी व्यवस्थाएं बेहतर हों ताकि देश-विदेश से आने वाले अतिथियों और उद्यमियों को किसी तरह की असुविधा न हो। तीसरे संस्करण का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस मौके पर कई देशों के राजनयिक भी मौजूद रहेंगे। इस बार आयोजन में रूस को कंट्री पार्टनर बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से स्टॉल लगाने, ट्रैफिक प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और पार्किंग जैसी तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि इस आयोजन को पिछले साल से अधिक भव्य और सफल बनाया जाए। सीएम राजकीय विमान से हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे और वहां से हेलीकॉप्टर के जरिए ग्रेटर नोएडा आए।

**खास बातें**

- सीएम व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए
- अतिथियों को किसी तरह की असुविधा न हो
- उद्यमियों को इस आयोजन में दुनिया के सामने अपने हुनर को दिखाने का मौका मिलेगा



### ट्रेड शो गांवों और कस्बों के हुनरमंद कारीगरों को वैश्विक बाजार से जोड़ेगा

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि यह ट्रेड शो गांवों और कस्बों के हुनरमंद कारीगरों को वैश्विक बाजार से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। पिछले दो संस्करणों की सफलता ने साबित कर दिया है कि उत्तर प्रदेश के उद्यमी और उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं। पिछला बार के ट्रेड शो से व्यापारियों को 2027 तक के ऑर्डर मिले थे। इस बार उससे भी अधिक कारोबार और अवसर मिलने की संभावना है। ट्रेड शो के तीसरे संस्करण से एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओडी) के उद्यमियों को भी इस आयोजन में दुनिया के सामने अपने हुनर को दिखाने का मौका मिलेगा। यह प्लेटफार्म न सिर्फ व्यापार बढ़ाने में मदद करता है बल्कि उत्तर प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाता है। यह आयोजन उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगा। पिछले वर्षों की सफलता को देखते हुए सरकार को भरोसा है कि इस बार का आयोजन और भी बड़ा होगा। एक्सपोर्ट के मोर्चे पर भी उत्तर प्रदेश ने बड़ी छलांग लगाई है। यह आयोजन हमारी अर्थव्यवस्था को नई गति देगा। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो न सिर्फ व्यापार का मंच है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक ताकत को दुनिया के सामने पेश करने का अवसर भी है। ग्रामीण शिल्प से लेकर आधुनिक उद्योग तक, यहां सबको अपनी प्रतिभा और उत्पादों को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

दुबई में छिपा है संभल हिंसा का मास्टरमाइंड

# शारिक साटा के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी

एजेंसी ▶▶ संभल

जामा मस्जिद हिंसा का मास्टरमाइंड शारिक साटा की गिरफ्तारी के लिए संभल पुलिस ने लुक आउट नोटिस जारी किया है। आरोपी शारिक साटा वर्ष 2020 में फर्जी पासपोर्ट बनवाकर दुबई भाग गया और वहीं छिपा हुआ है। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि 24 नवंबर को संभल में हिंसा के दौरान 28 पुलिसकर्मी और एक एसडीएम घायल हुए थे, जबकि पांच लोगों की मौत हुई थी। इस हिंसा का मास्टरमाइंड शारिक साटा ही है। आरोपी उत्तर प्रदेश के साथ हरियाणा और दिल्ली में भी कई मामलों में वांछित है। पुलिस ने जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में उसकी भूमिका को प्रमुख मानते हुए कार्रवाई की है। पुलिस अब तक उसके कई गुर्गों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसमें मुल्ला अफरोज, गुलाम मुस्तफा समेत अन्य आरोपी शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया है कि शारिक साटा दुबई में बैठकर ही अपने गिरोह के जरिये लग्जरी वाहनों की चोरी और बिक्री कराता है। इतना ही नहीं, वह अपने गुर्गों को हथियार और कारतूस भी मुहैया कराता है। एएसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि आरोपी विदेश में छिपा है। इसलिए उसकी गिरफ्तारी के लिए लुक आउट नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद इंटरपोल और अन्य एजेंसियों की मदद से आरोपी पर शिकंजा कसा जा सकेगा।



### हुसैन के नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवाकर दुबई गया साटा

शारिक साटा ने हुसैन के नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवाया था और इसी पासपोर्ट पर दुबई भागा है। यह पासपोर्ट उसने वर्ष 2020 में दिल्ली के पते पर जारी कराया था। इसके बाद वह दुबई से अपनी गिरोह को ऑपरेट कर रहा है। पुलिस ने बताया कि पूरे देश में शारिक साटा के खिलाफ 54 मुकदमे दर्ज हैं।

### गिरोह के ज्यादातर सदस्य संभल के

वर्ष 2022 में नवादा थाना पुलिस ने शारिक साटा गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार किए थे। आरोपियों से पूछताछ में बताया गया कि उन्होंने एक वर्ष में 300 से ज्यादा साटा के नंबर बेचकर लाखों रुपये की कमाई की थी। आरोपियों ने यह भी बताया था कि वह फिक्स के अनुसार साटा गेम चलाते थे। फिक्सिंग से नंबर जीतने का लालच मिश्रा ने बुकी के गिरोह तक खात्मा किया। इसके बाद पुलिस ने खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

## पेज एक का शेष

### आर्यन मान अध्यक्ष...

जोसलीन नंदिता चौधरी को करारी शिकस्त दी। उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित स्टूडेंट विंग एनएसयूआई के राहुल झांसला ने जीत दर्ज की है।

### चाबहार बंदरगाह पर...

को इस बंदरगाह का विकास करने का मौका मिला था। अमेरिका की सहयोगी अफगानी सरकार के पतन और तालिबान के उभार को कम करने के लिए उक्त छूट दी गई थी। जिसे अगले सप्ताह के बाद हटा लिया जाएगा।

**बंदरगाह संचालन करती आईपीजीएल :** भारत ने शुरुआत में शाहिद बेहिश्ती टर्मिनल का विकास करने के लिए लगभग 85 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। 2018 में भारत की एक सरकारी कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) ने टर्मिनल के रणनीतिक नियंत्रण की जिम्मेदारी अपने हाथ में ले ली थी। जिसे देखते हुए अमेरिकी प्रतिबंधों का देश पर प्रभाव पड़ना लाजमी है।

**साझा हितों का ध्यान रखेगा सऊदी अरब :** रणधीर ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हालिया हुए रक्षा समझौते के मध्य नई दिल्ली को रियाद से ये उम्मीद है कि वो भारत के साथ अपने साझा हितों और संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखेगा। उन्होंने ये भी कहा कि भारत की सऊदी अरब के साथ सामरिक साझेदारी है। जो बीते कुछ वर्षों में और अधिक गहरी हुई है। जिसे देखते हुए हम ये उम्मीद करते हैं कि इस भागीदारी के तहत सऊदी अरब भारत के साथ अपने साझा हितों और संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखेगा। सऊदी अरब-पाकिस्तान रक्षा समझौते के मद्देनजर भारत की सरकार देश के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी। जिससे सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। रणधीर ने कहा, मामले को लेकर हमने मीडिया में आई खबरें देखी हैं। सरकार इस घटनाक्रम से अवगत है। जिसमें दोनों देशों के बीच एक दीर्घकालिक समझौता हुआ है। मामले पर हमारी कड़ी नजर बनी हुई है। जिसमें भारत समझौते के देश पर पड़ने वाले प्रभावों के साथ ही क्षेत्रीय-वैश्विक स्थिरता पर पड़ने वाले असर का भी अध्ययन कर रहा है।

**कतर, यूएई से जारी संवाद :** कतर, यूएई के भी सऊदी अरब-पाकिस्तान रक्षा समझौते में शामिल होने से जुड़े प्रश्न का जवाब देते हुए जायसवाल ने कहा कि हाल ही में कतर के अमीर और हमारे प्रधानमंत्री के बीच फोन पर बातचीत हुई है। साथ ही भारत की लगातार यूएई के साथ भी वार्ता चलती रहती है। यूएई के विदेश राज्य मंत्री ने भारत की बीते दिनों यात्रा की थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री से उनकी मुलाकात भी हुई थी। दोनों देशों के संबंध काफी महत्वपूर्ण हैं। गौरतलब है कि सऊदी अरब-पाकिस्तान के रक्षा समझौते के बाद किसी भी हमले को दोनों देश अपने ऊपर किया गया हमला मानेंगे। जानकार, सुरक्षा के नजरिए से इसे भारत के लिए चिंता का विषय बता रहे हैं।

### कृषि मंत्री बोले, आपदा ...

जिसका खेत, उसकी रेत। रेत बची है, तो वही किसानों को दे दी जाए, खनन के नियम लागू न हों। किसान अपने-अपने खेतों की रेत बेचें, यह व्यवस्था होनी चाहिए। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत जो प्रावधान हैं, उनको हम लागू करेंगे। राज्य सरकार को केंद्र सरकार राशि देती है, जिसमें 75 फीसद हिस्सा केंद्र और 25 फीसद राज्य सरकार का होता है। आपदा प्रबंधन के लिए राज्य सरकार के पास लगभग 2,499 करोड़ रुपये हैं। उसका उपयोग सरकार करेगी। इसके अलावा जो जरूरत होगी, केंद्र सरकार हरसंभव मदद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भगवान न करे कि ऐसा हो लेकिन अगर किसी की जान चली जाती है तो आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत 4 लाख रुपये की सहायता दी जाती है। दिव्यांग होने पर भी सहायता राशि दी जाती है। चौहान ने कहा कि गाद निकालना हो तो 18 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर का प्रावधान है। पहाड़ खिसकने से नुकसान होने पर सीमांत किसानों को 47 हजार रुपये देने का प्रावधान है। मिर्च और धान जैसी फसल का नुकसान हुआ है, बीमित किसानों के नुकसान की पूरी भरपाई करने की कोशिश करेंगे। राहत की राशि के अलावा हम फसल बीमा योजना की राशि देंगे। सब्जी और बागवानी फसल के लिए सिंचित क्षेत्र में 17 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर का प्रावधान है, कृषि वानिकी के लिए 22,500 रुपये प्रति हेक्टेयर का प्रावधान है। ये राशि राज्य सरकार के द्वारा दी जायेगी। दुधारू पशु के नुकसान पर 37500 रुपये, घोड़ा और बैल के नुकसान पर 32 हजार रुपये, बछड़ा, टट्टू और खच्चर के नुकसान के लिए 20 हजार रुपये के मुआवजे का प्रावधान है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नहर क्षतिग्रस्त हैं, तो भी बांध के लिए भी राज्य सरकार केंद्र सरकार से बात करे। कई जगह मकान टूट गए हैं। शिवराज सिंह ने घोषणा करते हुए कहा कि 1 लाख 30 हजार रुपये प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान के लिए दिए जाएंगे। शौचालय के अलग और मनरेगा की मजदूरी के लिए 40 हजार रुपये ग्रामीण विकास विभाग देगा। उन्होंने कहा कि 5,101 मकान की जानकारी आई है, मैं यहाँ से जाते ही इसकी स्वीकृति दे दूंगा। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों का काम यहां बहुत अच्छा है। यहां बहनों को नुकसान हुआ होगा। हम उसके लिए 76 करोड़ रुपये की राशि जारी करेंगे। चौहान ने खेतों में जाकर खराब फसलों का निरीक्षण किया। किसानों की समस्या सुनी और हरसंभव मदद का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि संकट बड़ा है और जब फसलें बर्बाद होती हैं तो केवल फसलें बर्बाद नहीं होती हैं। किसान की जिंदगी बर्बाद होती है, उनके बच्चों का भविष्य तबाह होता है लेकिन किसान दुःखी न हों, सरकार उनके साथ है। श्री चौहान ने कहा कि आज यहां मैं अकेला नहीं आया हूं बल्कि मेरा पूरा विभाग आया है।

### राहुल गांधी का दावा...

**चुनाव आयोग की सफाई :** चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। आयोग ने कहा कि मतदाता सूची में नाम हटाने या जोड़ने की प्रक्रिया पूरी तरह कानूनी और पारदर्शी होती है। कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में नाम हटाने की कोशिश से जुड़े एक मामले में पहले ही एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

- राजूरा विधानसभा : 6,800 नाम हटाए गए
- कांग्रेस की हार : 3,050 वोटों से
- राहुल गांधी की मांग : ईसीआई 1 हफ्ते में मोबाइल व ओटीपी डेटा जारी करे
- भाजपा का जवाब : फडणवीस बोले- राहुल "शहरी माओवादी"
- ईसीआई का रुख : आरोप निराधार, प्रक्रिया पारद

### छत्तीसगढ़, हरियाणा और मप्र...

चुकी है। अब छत्तीसगढ़, हरियाणा, मप्र समेत अन्य राज्यों के लिए और भी बड़ी सूची तैयार हुई है। निर्वाचन आयोग ने ऐसे सभी राजनीतिक दलों को चिन्हित किया है जिन्होंने पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) में अपनी वार्षिक ऑडिटेड रिपोर्ट और चुनावी खर्च का ब्यौरा जमा नहीं किया। इन दलों को अब कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा और राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी इनके जवाब सुनेंगे। इसके बाद आयोग अंतिम निर्णय लेगा कि इन्हें पंजीकरण सूची से हटाया जाए या नहीं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस कार्रवाई से छत्तीसगढ़ में केवल कागजों पर चलने वाले कई दल बंद हो जाएंगे। इससे जहां चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी होगी, वहीं सक्रिय राजनीति में काम कर रहे दलों पर जनता का भरोसा भी बढ़ेगा। निर्वाचन आयोग का मानना है कि किसी भी पंजीकृत दल को टैक्स में छूट, चुनाव चिन्ह और अन्य सुविधाएं तभी मिलनी चाहिए जब वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नियमित रूप से हिस्सा ले और अपने वित्तीय मामलों में पारदर्शिता रखे।

### राहुल गांधी परिपक्व कब होंगे...

**देश के लोकतंत्र को धोखा दे रहे :** भाजपा सांसद ने कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र को धोखा दे रहे हैं। झूठ बोलना, गलत आरोप लगाना और तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करना अब उनकी फितरत बन चुकी है। वे देश में अराजकता और हिंसा फैलाना चाहते हैं और एक ऐसी सरकार को कमजोर करना चाहते हैं जो तीसरी बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई है, क्योंकि लोग उन्हें वोट नहीं देते। उन्होंने सवाल किया कि वे परिपक्व कब होंगे? प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र लोकलाज और जिम्मेदारी से चलता है, जोड़ने की प्रक्रिया से चलता है, तोड़ने की प्रक्रिया से नहीं। राहुल गांधी जितना बोलते हैं, उतना ही खुद को एक्सपोज करते हैं।

**विपक्ष के नेता के पद की गरिमा गिराई :** रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के पद की गरिमा को भी गिराया है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस वालों, अपने नेता के लिए एक अच्छा शिक्षक रखो, जो उन्हें सिखा सके कि कब, क्या और कैसे बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अपनी ही पार्टी की कर्नाटक सरकार से सवाल पूछना चाहिए। 2023 से कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है और सीआईडी भी उसी सरकार के अधीन कार्य कर रही है।

प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की

# पूर्णिया में मां दुर्गा की प्रतिमा तोड़ने पर बवाल, आरोपी युवक को भीड़ ने पीटा

एजेंसी ▶▶ पूर्णिया



बिहार के पूर्णिया जिले के मजगामा में मां दुर्गा की प्रतिमा को तोड़ने के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा प्रतिमा तोड़े जाने की खबर मिलते ही सैकड़ों लोग जमा हो गए। देखते ही देखते भीड़ ने आगजनी करते हुए दुकानों में तोड़फोड़ मचा दी।

गुस्साए लोगों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इस बीच स्थिति को काबू में करने के लिए बैसा, रौटा और अमौर थाने की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद आरोपी को भीड़ से छुड़ाया और सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है और सुरक्षा को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रशासन लगातार शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है।

### टायर जलाकर जाम की सड़क

पुलिस ने युवक को सुरक्षित रखने के लिए उसे पास के एक सरकारी भवन में बंद कर दिया, लेकिन आक्रोशित भीड़ पुलिस पर भी टूट पड़ी और जवानों से मारपीट कर दी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भवन के बाहर जमा होकर युवक को पब्लिक के हवाले करने की मांग करने लगे। विरोध और गुस्से के चलते स्थानीय लोगों ने कई जगह टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया। जिससे माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया।

फर्जी हस्ताक्षर मामले में कोर्ट से मिली बड़ी राहत

# मुख्तार के बेटे उमर अंसारी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। कुर्क जमीन को मुक्त कराने के लिए कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों पर मां अफ्शां बेगम का फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में उमर के खिलाफ गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में जब्त जमीन को छुड़ाने के लिए अपनी मां का फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में उमर अंसारी की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। फर्जी हस्ताक्षर मामले में उमर के खिलाफ गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। उमर अंसारी फिलहाल जेल में बंद हैं। जमानत के लिए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति गौतम चौधरी की एकल पीठ के समक्ष याची उमर की तरफ से अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने पक्ष रखा।



### यह है मामला

गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में उमर पर मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि उन्होंने गैंगस्टर एक्ट में जब्त जमीन को कोर्ट से छुड़ाने के लिए फर्जी दस्तावेज और मां के हस्ताक्षर किए हैं। पुलिस ने उमर को लखनऊ से गिरफ्तार किया था। उमर ने जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल की।

उमर फिलहाल कासगंज की पचलाना जेल में बंद है। 23 अगस्त को उसे गाजीपुर की जेल से कासगंज ले जाया गया था।

रांची: 3 दिवसीय डिफेंस एक्सपो का आगाज

# राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ युवाओं में बढ़ेगा देशभक्ति का जज्बा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने की अपार संभावनाएं हैं। यहां यूरेनियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज उपलब्ध हैं, जो परमाणु ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में उपयोगी हैं।

एजेंसी ▶▶ रांची

राजधानी रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को डिफेंस एक्सपो का शुभारंभ राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय सेठ भी मौजूद रहे। तीन दिवसीय यह प्रदर्शनी 21 सितंबर तक चलेगी। पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोग एक्सपो को देखने पहुंचे। अनिल चौहान ने कहा कि भारत की रक्षा शक्ति लगातार मजबूत हो रही है। मेक इन इंडिया के तहत भारत रक्षा उत्पादन का निर्यात भी कर रहा है। उन्होंने हाल ही में सफल रहे 'ऑपरेशन सिंधु' का भी उल्लेख किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय सेठ ने कहा कि इस एक्सपो का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाना और उन्हें रक्षा सेवाओं की ओर आकर्षित करना है। उन्होंने कहा कि आज युवा अधिकतर मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों की ओर जा रहे हैं, जबकि सेना जैसे गौरवपूर्ण क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं।



### झारखंड में यूरेनियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज उपलब्ध, परमाणु उर्जा में उपयोगी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने की अपार संभावनाएं हैं। यहां यूरेनियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज उपलब्ध हैं, जो परमाणु ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में उपयोगी हैं। उन्होंने रांची स्थित एचईसी का जिक्र करते हुए कहा कि यह कारखाना कभी भारत की सबसे बड़ी औद्योगिक धरोहरों में से एक था, अफसोस की बात है कि आज यह उद्योग हाशिये पर चला गया है। सीएम ने भरोसा दिलाया कि सरकार नए-पुराने सभी उद्योगों को प्रोत्साहित कर रही है और इस दिशा में काम जारी रहेगा।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि यह प्रदर्शनी केवल रक्षा उत्पादन का प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारत की आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया अभियान के तहत भारत आज 92 देशों को रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहा है। चंद्रयान-3, आदित्य एल-1 मिशन और 'ऑपरेशन सिंधु' की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि भारत वैश्विक मंच पर नई ताकत के रूप में उभर रहा है।



ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं, एक शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त पंप करता है, जबकि अन्य दो हृदय गलफड़ों में रक्त पहुंचाते हैं।



फ्लेमिंगो का गुलाबी रंग उनके भोजन में पाए जाने वाले कैरोटीनॉयड नामक रसायन के कारण होता है।



# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी में मिलती हैं कई सुविधाएं




**नॉलेज**

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजातों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं कों गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।
योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक कों बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कों वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

---

सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास व कंप्यूटर अनुप्रयोगों की देता समझ

# बीसीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट व सरकारी जगत में नौकरी के सुनहरे मौके

**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास और कंप्यूटर अनुप्रयोगों की गहन समझ प्रदान करता है। इसमें प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग, डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी जैसे विषय शामिल होते हैं। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बी.सी.ए. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बी.सी.ए. ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। बी.सी.ए. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किसी विशेष क्षेत्र जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कम्प्यूटिंग, डाटा साइंस या साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में सशक्त करियर बना सकते हैं। बी.सी.ए. और बी.सी.ए. (ऑनर्स) के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएँ उपलब्ध हैं।

**प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग की मिलती है जानकारी**

**डाटाबेस की मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी की मिलती है शिक्षा**

## प्रमुख स्पेशलाइजेशन

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)
- डाटा साइंस और बिग डाटा एनालिटिक्स
- साइबर सुरक्षा और नेटवर्क सुरक्षा
- क्लाउड कम्प्यूटिंग
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास
- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग
- मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी)

## बीसीए एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम



### खुलते हैं भविष्य के द्वार

*बीसीए छात्रों के लिए करियर की राहें केवल कंप्यूटर अनुप्रयोगों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खोलती हैं। सही कौशल और उच्च शिक्षा के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www. careerjaano. com** पर भी विजिट कर सकते हैं।*

## आवश्यक कौशल

बी.सी.ए. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्योग में सफल होने हेतु विशेष कौशल आवश्यक हैं। निम्नलिखित प्रमुख कौशल इस प्रकार हैं।

- प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (जावा, पायथन, सी++, जावास्क्रिप्ट) में दक्षता
- समस्या समाधान और तार्किक सोच
- डाटा विश्लेषण और गणितीय क्षमता
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास की समझ
- टीमवर्क और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्किल्स
- नई तकनीकों को शीघ्र सीखने और अपनाने की क्षमता

## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

बी.सी.ए. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई मार्ग खुले हैं।

1. उच्च शिक्षा कार्यक्रम
- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.)
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – आई.टी. एवं मैनेजमेंट
- एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस/डाटा साइंस/ए.आई.)
- पी.जी. डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कम्प्यूटिंग या मशीन लर्निंग

2. विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स (प्रमुख कंपनियों द्वारा)
- **माइक्रोसॉफ्ट**: माइक्रोसॉफ्ट अज़ूर फंडामेंटल्स
- **गूगल**: गूगल क्लाउड प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन
- **अमेज़न**: एडब्ल्यूएस सर्टिफाइड सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट
- **आईबीएम**: आईबीएम डाटा साइंस सर्टिफिकेट
- **ओरेकल**: ओरेकल सर्टिफाइड जावा प्रोग्रामर
- **सिस्को**: सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क प्रोफेशनल

*ये सर्टिफिकेशन न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री-रेडी बनाते हैं और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।*



**बीसीए को 3 वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या 4 वर्षों में बीसीए ऑनर्स भी कर सकते हैं**

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

डिजिटल अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास के दौर में बी.सी.ए. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों में अवसर उपलब्ध हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- सूचना प्रौद्योगिकी
  - सॉफ्टवेयर डेवलपर
  - वेब डेवलपर
  - मोबाइल एप डेवलपर
  - डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर
  - क्लाउड इंजीनियर
- बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ
  - आई.टी. ऑफिसर
  - डाटा एनालिस्ट
  - टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
  - बिज़नेस एनालिस्ट
- ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग
  - ई-कॉमर्स ऑपरेशन मैनेजर
  - डिजिटल मार्केटिंग टेक्नोलॉजिस्ट
  - वेबसाइट मैनेजर
  - एसईओ/एसईएम विशेषज्ञ
- शिक्षा और प्रशिक्षण
  - कंप्यूटर शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
  - ऑनलाइन ट्यूटर
  - आईटी ट्रेनर
  - एड-टेक कंटेंट डेवलपर
- कंसल्टिंग और स्टार्टअप्स आईटी
  - कंसल्टेंट
  - प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर
  - टेक्निकल सपोर्ट स्पेशलिस्ट
  - प्रोडक्ट डेवलपमेंट मैनेजर

### यह इनकम संभव

- बी.सी.ए. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 5 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 20 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में भी बी.सी.ए. स्नातकों के लिए सम्मानजनक अवसर उपलब्ध हैं। यहाँ वे विभिन्न विभागों और संगठनों में तकनीकी एवं प्रशासनिक भूमिकाएँ निभा सकते हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- प्रशासनिक सेवाएं
  - भारतीय प्रशासनिक सेवा
  - भारतीय पुलिस सेवा
  - राज्य लोक सेवा आयोग के पद
- बैंकिंग क्षेत्र
  - प्रोबेशनरी ऑफिसर
  - आईटी ऑफिसर
  - क्लर्कियल पद
- रक्षा एवं अनुसंधान संगठन
  - डी.आर.डी.ओ. में
  - वैज्ञानिक/तकनीकी पद
  - इसरो में अनुसंधान पद
  - राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में आईटी पद
- शिक्षा और विश्वविद्यालय
  - सरकारी कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर
  - कंप्यूटर प्रशिक्षक
  - अनुसंधान सहायक
- रक्षा सेवाएं
  - लेफ्टिनेंट
  - आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
  - अकाउंट अफसर
  - एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
  - लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
  - टेरीटोरियल आर्मी अफसर

### इनकम यह संभव

- सरकारी क्षेत्र में बी.सी.ए. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 6 लाख रुपये वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

---

# मतदान की शक्ति : सावधानी और जिम्मेदारी से चुनें भारत का भविष्य



**मोटिवेशनल**
**डॉ. दिव्या तंवर**

आज का समय बदलाव का समय है, और आप भारत के युवा और भविष्य के कर्णधार इस बदलाव की धुरी हैं। 2025 में, जब भारत एक बार फिर अपने लोकतांत्रिक उत्सव, यानी चुनावों की ओर बढ़ रहा है, आपके पास वह शक्ति है जो देश की दिशा और दशा को बदल सकती है। सावधानी से मतदान करना केवल आपका अधिकार नहीं, बल्कि एक ऐसी जिम्मेदारी है जो आपके सपनों के भारत को साकार कर सकती है। आइए, इस प्रेरणादायक यात्रा में शामिल हों और समझें कि आपका एक वोट कैसे शांतिपूर्ण क्रांति ला सकता है। भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे जीवंत और शक्तिशाली लोकतंत्र है। यहाँ हर वोट एक कहानी लिखता है, जो देश के भविष्य को आकार देता है।

## छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं

आप में से कई छात्र पहली बार मतदान करने जा रहे हैं, और यह एक ऐसा मौका है जहाँ आप एक छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं। लेकिन यह निशान सावधानी और जागरूकता के साथ लगाना होगा। बिना सोचे-समझे किया गया मतदान आपके सपनों को अधूरा छोड़ सकता है, जबकि सही जानकारी और जिम्मेदारी के साथ दिया गया वोट एक समृद्ध, समावेशी और प्रगतिशील भारत का निर्माण कर सकता है। आपके वोट में वह ताकत है जो शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है। यह वोट केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपके विश्वास और सपनों का प्रतीक है। यह वह हथियार है जिसने भारत को स्वतंत्रता दिलाई और आज भी इसे मजबूत बनाए रखता है। 2025 में, भारत के सामने कई अहम मुद्दे हैं बेरोजगारी, शिक्षा में सुधार, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक न्याय। इन मुद्दों को हल करने के लिए हमें सही नेताओं और नीतियों को चुनना होगा। लेकिन सही चुनाव के लिए जागरूकता जरूरी है। सावधानी से मतदान का मतलब है। उम्मीदवारों के पिछले कार्यों, उनके वादों और उनकी विश्वसनीयता की जाँच करें। क्या वे आपके क्षेत्र की समस्याओं को समझते हैं? क्या उनकी योजनाएँ लंबे समय तक टिकाऊ हैं? वोट देते समय भावनाओं या प्रचार में न बहें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर उम्मीदवारों की नीतियों को समझें। आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया जागरूकता फैलाने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचें। सही जानकारी साझा करें और दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें। अपने दोस्तों, परिवार और समुदाय को मतदान के महत्व के बारे में बताएं। एक जागरूक मतदाता समूह पूरे देश को बदल सकता है। भारत का इतिहास युवा शक्ति की गौरवगाथा से भरा पड़ा है। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और लाखों युवा छात्रों ने अहिंसक और संगठित तरीके से देश को आजादी दिलाई। आज भी, 2020 के दशक में भारतीय युवा अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। चाहे वह किसान आंदोलन हो, जहाँ युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के जरिए नीतिगत बदलाव लाए, या फ्राइडेजफॉरफ्यूचर अभियान, जिसमें छात्रों ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जागरूकता फैलाई भारतीय युवा हर बार साबित करते हैं कि वे बदलाव के असली नायक हैं।

## डिजिटल युग में आप अधिक शक्तिशाली

आज, डिजिटल युग में, आप और भी शक्तिशाली हैं। **#MeToo**, **#SaveTheChildren** जैसे अभियानों ने दिखाया कि भारतीय युवा सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोगों को जोड़ सकते हैं और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। 2025 में, आपके पास मतदान के जरिए इस विरासत को और मजबूत करने का अवसर है। कल्पना करें, एक ऐसा भारत जहाँ हर बच्चे को बेहतर शिक्षा, हर युवा को रोजगार और हर नागरिक को सम्मान मिले। आपका वोट इस सपने को हकीकत में बदल सकता है।

**शांतिपूर्ण क्रांति का रास्ता**: आपका वोट भारत का लोकतंत्र हमें सिखाता है कि सच्चा बदलाव शांति और एकजुटता से आता है। महात्मा गांधी ने अहिंसा के जरिए दुनिया को दिखाया कि सही मकसद और संगठित प्रयास से कोई भी सत्ता झुक सकती है। आपका वोट उसी अहिंसक क्रांति का हिस्सा है। यह एक ऐसा हथियार है जो बिना किसी नुकसान के समाज को बेहतर बना सकता है। हर वोट एक कहानी है, और यह आप पर निर्भर है कि वह कहानी प्रगति, समानता और आशा की हो।

**उठें, जागें और वोट करें** : छात्र मित्रों, यह समय है अपने भविष्य को अपने हाथों में लेने का। 2025 का साल आपके लिए एक सुनहरा अवसर है एक ऐसा मौका, जहाँ आप सावधानी और जिम्मेदारी से मतदान कर अपने सपनों के भारत को साकार कर सकते हैं। अपने स्कूल, कॉलेज और मोहल्ले में जागरूकता फैलाएँ। अपने दोस्तों को बताएँ कि उनका वोट कितना कीमती है। सोशल मीडिया पर सकारात्मक अभियान चलाएँ, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए प्रेरित हों।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

मुख्यमंत्री ने आईएसबीटीआई 50वें सम्मेलन 'स्वर्ण जयंती ट्रांसकॉन' के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया

# प्रदेश में 149 ब्लड सेंटर, 3.30 लाख यूनिट एकत्रित करने का लक्ष्य

सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक बनाने, स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और ब्लड बैंक सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि हरियाणा में ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेवाओं का उच्चतम मानक बना रहे और प्रत्येक नागरिक को समय पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री शुक्रवार को गुरुग्राम में आयोजित इंडियन सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन एंड इम्यूनो हेमेटोलॉजी (आईएसबीटीआई) के 50वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन, 'स्वर्ण जयंती ट्रांसकॉन 2025' के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में हरियाणा में कुल 149 ब्लड सेंटर कार्यरत हैं जिनके माध्यम से इस वर्ष 3 लाख 30 हजार यूनिट्स ब्लड एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित लक्ष्यों के तहत अब तक 2 लाख 22 हजार 433 यूनिट ब्लड एकत्रित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सैनिकों, किसानों और युवाओं की भूमि है।




## 2029 तक एमबीबीएस 3400 सीटें करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है। पिछले 11 वर्षों में प्रदेश ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े सुधार दर्ज किए हैं। उन्होंने बताया कि जहाँ पहले 30 बेड के अस्पताल हुआ करते थे, वहां अब 100 बेड की सुविधा उपलब्ध है। इसी प्रकार 100 बेड वाले अस्पतालों को 200 बेड और 200 बेड वाले अस्पतालों को 400 बेड तक विस्तार दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार धरातल पर गंभीरता से कार्य कर रही है ताकि प्रदेश के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## फिट इंडिया-हिट इंडिया पर जोर

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया-हिट इंडिया नारे का उल्लेख करते हुए कहा कि आज हरियाणा इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

## सामुदायिक सहभागिता मजबूत करें पुलिस

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज राज्य भर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जन संपर्क प्रयासों को तेज करें तथा नागरिक शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावी कानून प्रवर्तन की नींव जनता के विश्वास पर टिकी है। उन्होंने कहा कि कमिश्नर से लेकर डीएसपी तक, हर पुलिस अधिकारी को नागरिकों की चिंताओं से गहराई से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों, युवाओं और स्थानीय समुदायों के साथ अधिक संपर्क से नशीली दवाओं के दुरुपयोग और आपराधिक गतिविधियों जैसे मुद्दों से निपटने में मदद मिलेगी। सामुदायिक उपस्थिति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि निवासियों के साथ खुला संवाद बनाए रखना और उनकी समस्याओं को सक्रियता से सुनना पुलिस कर्मियों की मुख्य जिम्मेदारी है। उप्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने पुलिस आयुक्तों, महानिरीक्षकों, डीसीपी, पुलिस अधीक्षकों और सहायक आयुक्तों व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं।

# मुख्यमंत्री ने कटनी जिले को दी 233 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

- सीएम डॉ. यादव ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज कटनी के जनजातीय क्षेत्र को 233 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। पिछले दिनों माइनिंग कॉन्क्लेव के माध्यम से कटनी जिले में 56 हजार करोड़ रुपए का निवेश आया है। कटनी में कोयला, लाइमस्टोन और क्रिटिकल मिनरल्स का भंडार है। अब यहां सोना भी मिलने वाला है। कटनी कनकपुरी बनेगा। साथ ही प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि पन्ना में हीरा पहले ही मिल रहा है। यह पूरा क्षेत्र विकास की नई इबारत लिखेगा। डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार ने पीपीपी मॉडल पर प्रदेश में 4 नए मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए स्वीकृति दी है, इनमें से एक कटनी में बनेगा और शीघ्र ही जिले को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को कटनी के बड़वारा में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।




## मुख्यमंत्री ने किया दो सांदीपनि विद्यालयों लोकार्पण



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कटनी में 2 सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण कर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों के भवन और सुविधाएं देखकर प्राइवेट स्कूल वाले भी दंग रह जाते हैं। देश के किसी राज्य में इतने अच्छे स्कूल नहीं बने जैसे सांदीपनि विद्यालय मध्यप्रदेश में बने हैं। पहले स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कल्पना करना भी मुश्किल था, अब बड़वारा में दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों की तरह स्कूल बनकर तैयार हो चुका है। डॉ यादव ने कहा कि विद्यार्थी सांदीपनि आश्रम से शुरू हुई भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का अनुसरण करें। डॉ. यादव ने क्षेत्रीय मांग पर दतला एवं सागौना जलाशय नहर के मरम्मत एवं गहरीकरण, बेलकुंड नदी पर स्थित गर्रा घाट पुल की ऊंचाई बढ़ाने के साथ ही खरहटा महानदी के जल लिफ्ट इरीगेशन के कार्यों को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं में हितलाभ वितरित किए।

'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान

## मुख्यमंत्री ने कहा, मध्य प्रदेश रक्तदान और सिकल सेल स्क्रीनिंग में देश में अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को मध्यप्रदेश ने एक ही दिन में 14 हजार 573 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान और 20 हजार 379 हितग्राहियों की सिकलसेल स्क्रीनिंग कर पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

यह मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और नागरिकों की जागरूकता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम वर्तमान में प्रथम स्थान पर हैं और इस स्थान को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए आवश्यक है कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाएं, जनप्रतिनिधि और आमजन सभी मिलकर निरंतर और समन्वित प्रयास करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के नागरिकों, महिलाओं, बालिकाओं और अभिभावकों से अपील की है कि 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान से जुड़ी सेवाओं और शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लें। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प और समेकित प्रयास से हम स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार करते हुए मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) और शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) के सूचकांकों सहित स्वास्थ्य स्थिति में देश के अग्रणी प्रदेश बनेंगें। भारत सरकार की राज्यवार दैनिक रिपोर्ट 17 सितंबर के अनुसार मध्यप्रदेश 20 हजार 379 सिकल सेल स्क्रीनिंग के साथ पहले स्थान पर रहा। इसके बाद ओड़िशा 10 हजार 851 और महाराष्ट्र 10 हजार 821 स्क्रीनिंग कर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा को बताया अहम

## मप्र बना साइबर भारत सेतु का व्यापक अभ्यास करने वाला देश का पहला राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बढ़ती डिजिटल निर्भरता और साइबर सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एमपी-सीईआरटी एवं केन्द्र सरकार के सीईआरटी-इन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से ब्रिजिंग स्टेट्स, सिक्योरिंग भारत विषय पर दो दिवसीय साइबर सुरक्षा अभ्यास सायबर भारत सेतु का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन से मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया, जहां सायबर भारत सेतु का व्यापक अभ्यास किया गया है।



दो दिवसीय साइबर सुरक्षा अभ्यास कार्यक्रम में डिजिटल खतरों की बढ़ती जटिलता के मद्देनजर एमपी-सीईआरटी ने संकट संचार एवं प्रबंधन योजना (सीसीएमपी), कठोर ऑडिट प्रोटोकॉल और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बेहतरीन सूचना सुरक्षा प्रक्रियाएं अपनाई हैं। एक्सरसाइज में ड्यूल यूज टेक्नोलॉजी, साइबर एक्सटॉर्शन, रैनसमवेयर, भू-राजनीतिक जोखिम, अंदरूनी खतरे और सार्वजनिक विश्वास जैसी चुनौतियों पर केंद्रित अभ्यास किए गए। सीईआरटी-इन के साइंटिस्ट आशुतोष बहुगुणा ने प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों और जिला सीआईएसओ अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसकी सीईआरटी टीम ने साइबर भारत सेतु जैसे व्यापक अभ्यास का आयोजन किया है। उन्होंने राज्यों के बीच सहयोग और तकनीकी सशक्तिकरण की आवश्यकता को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा के लिए अहम बताया।

## सड़क पर हुड़दंग कर रहे थे युवक पुलिस ने जब्त की ली 18 गाड़ियां

**बिलासपुर।** मस्तूरी रोड पर कार सवार युवकों ने जमकर उधमबाजी की। एक साथ दर्जनभर कार पर निकले युवकों ने खिड़की और सनरूफ से निकलकर स्टंटबाजी की। पुलिस को चुनौती देते हुए वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। इधर पुलिस ने वीडियो मिलने के बाद 18 कार जब्त कर ली है। युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। मस्तूरी थाना प्रभारी हरीशचंद्र टांडेकर ने बताया कि विश्वकर्मा जयंती पर कुछ लोग पार्टी के लिए लावर स्थित एक फार्म हाउस पर एकत्रित हुए थे। फार्म हाउस में पहुंचने से पहले युवकों ने सड़क पर जमकर उधमबाजी की। इस दौरान युवकों ने सड़क भी जाम कर दिया। इससे परेशान हो रहे एक कार सवार ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर पुलिस के अधिकारियों को भेज दिया। वीडियो मिलते ही पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। कार नंबर के आधार पर पुलिस ने पूछताछ की। इसके बाद इस पूरी घटना में शामिल 18 कार को जब्त कर लिया गया।

हरियाणा सरकार



"आज हमारी सरकार का हर निर्णय, हर नीति विकसित भारत को समर्पित है और विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार हमारे किसान हैं।"
- नरेन्द्र मोदी

हरियाणा में वातानुकूलित इकाइयों को स्थापित करने का सुनहरा अवसर

वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित मदों के अन्तर्गत 35% - 50% अनुदान हेतु आवेदन आमंत्रित

• कोल्ड स्टोरेज इकाई • एकीकृत पैक हाउस • फल पकाने वाला चैम्बर
• फार्म गेट पैक हाउस • सोलर पी.वी. पैनल • वातानुकूलित वैन आदि

• इकाइयों पर कृषि अवसंरचना कोष के अन्तर्गत ब्याज दर पर 3% तक छूट।
• फसल तुड़ाई उपरांत इकाइयों/मदों के लिए ₹ 5457 लाख का लक्ष्य निर्धारित है।
• योजना का लाभ 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर।
• इच्छुक प्रार्थी/फर्म http://hortnet.hortharyana.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण करवाएं व पूर्ण प्रोजेक्ट रिपोर्ट सभी सम्बंधित दस्तावेजों के साथ अपने जिले के जिला उद्यान अधिकारी/ब्लॉक इंचार्ज के कार्यालय में जमा करवाएं।


सोलर पी.वी पैनल


कोल्ड स्टोरेज

अधिक जानकारी के लिए
क्यू आर कोड स्कैन करें अथवा अपने जिले के जिला उद्यान अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा कॉल करें (टोल फ्री नंबर) 1800-180-2021

उद्यान विभाग हरियाणा
वेबसाइट :- www.hortharyana.gov.in ई-मेल :-horticulture@hry.nic.in
बागवानी मिशन Horticulture Mission

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

## चिंतन

# कमर टूटी, अब खात्मे के नजदीक है नक्सलवाद

कभी देश के लिए सबसे बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है। उसके बड़े नेता या तो मारे जा चुके हैं या फिर सुरक्षा बलों के समक्ष सरेंडर कर चुके हैं। बीते दिनों हुए इन चार घटनाक्रम को देखें तो तय है कि नक्सलवाद का अंत केंद्र सरकार द्वारा तय समय सीमा से पहले ही होने जा रहा है। 10 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि मटाल पहाड़ी के पास 1.5 करोड़ के इनामी मोडेम बालकृष्ण समेत 20 से 25 नक्सलियों के मौजूद है। तुरंत ऑपरेशन लॉन्च किया गया। 11 सितंबर को दिनभर नक्सलियों के साथ मुठभेड़ चलती रही। पुलिस, एसटीएफ और सीआरपीएफ के कोबरा जवानों ने मिलकर बालकृष्ण समेत 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इसके दो दिन बाद ही 13 सितंबर को नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की सीनियर मेंबर सुजाता ने तेलंगाना में सरेंडर कर दिया। सुजाता अकेली नहीं है, इस साल अब तक 404 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। इसके तीन दिन बाद 16 सितंबर को प्रेस रिलीज वायरल हुई। इसमें सरकार से शांति वार्ता करने और हथियारबंद संघर्ष को अस्थायी रूप से रोकने की बात कही। तय है कि नक्सलवाद की अब कमर टूट चुकी है। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद दम तोड़ रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे, मार्च 2025 तक यह संख्या घटकर केवल 18 रह गई। इसमें भी केवल 6 जिलों को ही 'सबसे अधिक प्रभावित' श्रेणी में रखा गया है। गृह मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि 2010 में नक्सली हिंसा की 1,936 घटनाएं हुईं, जो 2024 में घटकर सिर्फ 374 रह गईं, मतलब 81 प्रतिशत की गिरावट। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐलान किया था कि सरकार मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य को तब बल मिला जब छत्तीसगढ़ में एक मुठभेड़ में कम से कम 27 नक्सलवादी मारे गए, जिनमें टॉप नक्सली नेता नंबाला केशवराव उर्फ बसवराजू भी शामिल है, जिसपर 1.5 करोड़ रुपये का इनाम था। पिछले 20 महीनों में नक्सलवादी मूवमेंट को पहले ही कई बड़े झटके लग चुके हैं। 450 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं। एक समय था जब बीजापुर और दंतेवाड़ा जैसे जिलों में हालात इतने खतरनाक थे कि हमलों से बचने के लिए किसी भी अभियान से पहले रोड ओपनिंग पार्टी भेजनी पड़ती थी। इन इलाकों में हर वक्त बम धमाके या अचानक गोलीबारी का खतरा मंडराता रहता था। इसके कारण सुरक्षाबल रक्षात्मक होकर अपने शिविरों तक सिमट गए। सुरक्षाबलों का अपना मनोबल तो कमजोर हुआ ही, लोगों का उन पर भरोसा भी डगमगाया। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है, जिसने नक्सलवाद की कमर तोड़ दी। अब जरूरत बस इस बात की है कि सरकार इन क्षेत्रों में रोजगार और विकास के की गति को बनाए रखें। वो दिन दूर नहीं, जब नक्सलवाद केवल इतिहास के पन्नों में ही रह जाएगा।

# सर्वोच्च अदालत का संवेदनशील प्रयास



वक्फ कानून
राजेश माहेश्वरी

वक्फ संशोधन कानून, 2025 पर सर्वोच्च अदालत ने रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया, क्योंकि उसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था, लेकिन कानून के कुछ विवादित प्रावधानों पर रोक जरूर लगाई है, क्योंकि वे संविधान की हदें लांघते नजर आए और धार्मिक स्वतंत्रता छिनती भी लगी। भारत में रेलवे और रक्षा मंत्रालय के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। दरअसल, वक्फ की बेशुमार संपत्तियों पर जो अवैध कब्जे हैं, जो धांधलियां निहित हैं, जो पारदर्शिता और प्रबंधन नहीं है, क्या उन्हें इसलिए छोड़ दिया जाए कि वे मुसलमानों से जुड़ी हैं। सरकार के दायित्व सर्वधर्मा होते हैं। विसंगतियां समाप्त होनी चाहिए, भ्रष्टाचार का खात्मा किया जाना चाहिए।

वक्फ संशोधन कानून, 2025 पर सर्वोच्च अदालत ने रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया, क्योंकि उसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था, लेकिन कानून के कुछ विवादित प्रावधानों पर रोक जरूर लगाई है, क्योंकि वे संविधान की हदें लांघते नजर आए और धार्मिक स्वतंत्रता छिनती भी लगी। भारत में रेलवे और रक्षा मंत्रालय के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। करीब 9.4 लाख एकड़, इतनी जमीन में दिल्ली जैसे 3 शहर बस जाएं। इसी वक्फ बोर्ड से जुड़े एक्ट में बदलाव को लेकर विपक्ष के नेता और मुसलमानों का एक बड़ा तबका लगातार विरोध कर रहा है। शीर्ष अदालत ने व्यक्ति के संपत्ति अधिकारों का फैसला करने का अधिकार कलेक्टर को नहीं दिया, लिहाजा कानून में कलेक्टर की भूमिका को सीमित कर दिया गया। सबसे महत्वपूर्ण न्यायिक समीक्षा यह रही कि अदालत ने 5 साल से मुस्लिम होने की शर्त पर रोक लगा दी। न्यायिक पीठ ने कहा कि जब तक राज्य सरकारें इस संदर्भ में कोई नियम-कानून नहीं बना लेतीं कि कोई व्यक्ति मुस्लिम है या नहीं, तब तक तत्काल प्रभाव से इस प्रावधान पर रोक लगाई जाती है।

शीर्ष अदालत ने यह भी तय कर दिया कि राज्य के वक्फ बोर्ड परिषद में अधिकतम 3 और केंद्रीय परिषद में अधिकतम 4 गैर-मुस्लिम सदस्य होंगे। वक्फ बोर्ड का सीईओ भी यथासंभव मुसलमान होना चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण का प्रावधान 1995 और 2013 के कानूनों में भी था और अब फिर से लागू किया गया है। इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले के बिना किसी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकता और न ही राजस्व रिकॉर्ड में कोई बदलाव किया जा सकता है। ऐसी न्यायिक समीक्षा के साथ प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज मसीह की पीठ ने वक्फ संशोधन कानून पर अस्थायी और शुरुआती विचार दिया है। यह सर्वोच्च अदालत का अंतरिम फैसला है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस गवई के अनुसार, यह अंतिम निष्कर्ष नहीं है। फिलहाल हमने इतना ही देखा है कि क्या कानून अथवा उसकी किसी धारा पर तुरंत रोक लगाई जाए अथवा नहीं? बहरहाल अंतरिम निष्कर्ष से ही सत्ता और विपक्ष दोनों संतुष्ट हैं और अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं, लेकिन जिन आधारों पर 20 से अधिक याचिकाएं दाखिल की गई थीं, उन पर शिकायतकर्ताओं को हताशा मिली है। यह न्यायिक निष्कर्ष किसी के भी गाल पर तमाचा नहीं है, बल्कि अदालत की सोच रही है कि देश में अमन-चैन, भाईचारा बना रहे। सांप्रदायिक तनाव के हालात न बनें। यह फैसला संसदीय लोकतंत्र के हित में है। संसद के फैसले पर ही अदालत ने बुनियादी मुहर लगाई है। संसद की सर्वोच्चता को लांघा नहीं जा सकता, अदालत ने अपने निष्कर्ष में परोक्ष रूप से यह माना भी है। कानून के विपक्षियों की दलीलें थीं कि वक्फ संशोधन कानून से संविधान के अनुच्छेदों-14, 15, 25, 26, 29, 30 और 300-ए का उल्लंघन होगा, लिहाजा यह कानून संवैधानिक कैसे हो सकता है? न्यायिक पीठ ने इन दलीलों को खारिज करते हुए संशोधित कानून को बरकरार रखा है। विपक्ष ने यहां तक आरोप लगाए कि सरकार मुसलमानों की मस्जिदें, ईदगाह, उनके कब्रिस्तानों की जमीनों पर कब्जा करके अपने 'मित्र



उद्योगपतियों' को सौंपने की मंशा रखती है। अदालत में इन आरोपों का क्या हुआ? अब भी अदालत के सामने यह मामला है। आगे जब सुनवाई शुरू होगी, तो विपक्ष के वकील दलीलें दे सकते हैं, क्योंकि देश जानना चाहता है कि इन सांप्रदायिक आरोपों की बुनियाद क्या थी। मुस्लिम नेताओं, मौलवियों, मुफ्तियों, इमामों आदि ने नौजवान मुसलमानों के लिए बेहद उत्तेजक आह्वान किए कि वे राजधानी दिल्ली में लामबंद हों और सरकार को अपनी ताकत दिखाएं। क्या वाकई ऐसी नौबत आ गई थी? बहरहाल, सत्तारूढ़ भाजपा इस बात से राहत महसूस कर रही है कि अब इस अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किए जाने का खतरा नहीं है। जबकि कांग्रेस का दावा है कि इस कानून के पीछे विभाजनकारी एजेंडा उजागर हुआ है। दरअसल, सरकार ने अप्रैल में लागू किए इस कानून को देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन के लिए एक 'धर्मनिरपेक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह' व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से लागू करने की बात कही थी। निस्संदेह, वक्फ बोर्डों पर वर्षों से लग रहे भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, अतिक्रमण, संपत्ति की अवैध बिक्री और हस्तांतरण आदि के आक्षेपों को देखते हुए, प्रशासन में सुधार के लिए नियंत्रण और संतुलन स्थापित करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों को यह आशंका रही है कि तथाकथित सुधारों का दुरुपयोग वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने और यहां तक कि संपत्तियों को जब्त करने के लिए किया जा सकता है। उनकी दृष्टि में एक विवादास्पद प्रावधान केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने से संबंधित रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे सदस्यों की संख्या को सीमित करने का प्रयास किया है। कहा गया कि कानून में पर्याप्त सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन न हो सके। बहरहाल, इस मुद्दे पर विपक्ष व कुछ मुस्लिम संगठनों के विरोध का जो आधार रहा है, उन मुद्दों को संवेदनशील ढंग से संबोधित करने का प्रयास शीर्ष अदालत ने किया है। अदालत ने विधायिका की सीमाओं में हस्तक्षेप किए बिना न्यायिक तार्किकता को प्राथमिकता दी है। कोर्ट के इस फैसले से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड संतुष्ट नहीं है. मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसी के चलते प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने दिल्ली के जंतर मंतर पर 24 सितंबर को धरना देने और गिरफ्तारी देने का ऐलान किया है। साथ ही बोर्ड ने मुसलमानों से अपील की है कि 26 सितंबर को सभी मुसलमान अपने ऑफिस और दुकानों को सुबह 8 बजे से 2 बजे तक बंद रखें। असल में जब मामला अदालत में है तो ऐसे में धरना, प्रदर्शन और रैलियां करके मुस्लिम धर्मगुरु या नेता क्या संदेश देना चाहते हैं। क्या ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड खुद को सुप्रीम कोर्ट से ऊपर समझता है। अहम सवाल है कि भारत में 8.72 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं, जो दुनिया में सर्वाधिक हैं, फिर भी औसत मुसलमान गरीब, असहाय, अनपढ़ क्यों है? यह सवाल तो 'सच्चर कमेटी' की रपट में भी उठाया गया था। सवाल यह भी है कि वक्फ ट्रिब्यूनल में आज भी 14,417 विवादित केस क्यों लंबित हैं? न्यायिक पीठ ने 'वक्फ बाय यूजर' के स्थान पर भविष्य में 'वक्फ बाय ऑनर' का फैसला क्यों दिया है? दरअसल, वक्फ की बेशुमार संपत्तियों पर जो अवैध कब्जे हैं, जो धांधलियां निहित हैं, जो पारदर्शिता और प्रबंधन नहीं है, क्या उन्हें इसलिए छोड़ दिया जाए कि वे मुसलमानों से जुड़ी हैं। सरकार के दायित्व सर्वधर्मा होते हैं। विसंगतियां समाप्त होनी चाहिए, भ्रष्टाचार का खात्मा किया जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नवरात्रि विशेष
डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



# मातृशक्ति के जीवनचक्र का प्रतिबिंब है नवरात्रि पर्व

नवरात्रि केवल देवी पूजा का पर्व ही नहीं है , बल्कि यह एक ऐसा समय है जब व्यक्तिगत जीवन में आने वाले परिवर्तनों को सकारात्मक रूप से अपनाने, व्यक्तिगत बाधाओं को दूर करने और एक बेहतर व्यक्ति बनने का दृढ़ निश्चय करता है, जिसे संकल्प कहा जाता है। नवरात्रि देवी मां के सम्मान में हमारे देश में मनाए जाने वाले सारे पर्वों में मुख्य पर्व माना जाता है। यह एक विशेष पर्व है जिसमें पारंपरिक पूजन, नृत्य व संगीत सभी शामिल रहते हैं। नवरात्रि का वास्तविक अर्थ है - हमारे जीवन के सभी तीन तत्वों को नौ दिनों तक विश्राम देना। नवरात्रि के पहले तीन दिन 'तामसिक दिन' होते हैं । उसके बाद 'राजसिक दिन' आते हैं और अंत के तीन दिन 'सात्विक दिन' होते हैं । हर दिन का अपना विशेष महत्व होता है। पूरे नौ दिन यज्ञ, पूजा और होम किए जाते हैं। अग्नि को अर्पित की जाने वाली सामग्री में विभिन्न जड़ी-बूटी, फल, वस्त्र और मंत्र शामिल होते हैं, जो मुग्ध कर देने वाले तेजोमय दैवीय वातावरण का निर्माण करते हैं। नवरात्रि की शुरुआत सर्वप्रथम मन की अशुद्धियों को दूर करने के लिए मां दुर्गा के आह्वान के रूप में की जाती है। कहा जा सकता है कि पहला कदम - लालसा, द्वेष, दंभ, लोभ आदि प्रवृत्तियों पर विजय पाना होता है। इसके पश्चात उत्कृष्ट मूल्यों व गुणों और समृद्धि को विकसित करने के लिए मां लक्ष्मी का आह्वान किया जाता है । अंत में आत्म के सर्वोच्च ज्ञान की प्राप्ति हेतु मां सरस्वती का आव्हान किया जाता है। नवरात्रि जैसे परम कल्याणकारी पर्व को मनाने का उद्देश्य जड़ता से प्रसन्नता की ओर, कामना से तृप्ति की ओर अग्रसर होना ही है । जिस प्रकार हम प्रतिदिन रात्रि के समय विश्राम करते हैं, ठीक उसी तरह भारतीय संस्कृति के अनुसार वर्ष में दो बार ध्यान साधना के द्वारा गहरे विश्राम में जाने और स्वयं का पुनर्नवीनीकरण करने की परंपरा है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित होते हैं। यह पूजा अपनी ऊर्जा और शक्ति द्वारा की जाती है। नवरात्रि के चौथे-पांचवें प्रत्येक दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप को समर्पित हुआ करता है। नवरात्रि के चौथे ,पांचवें और छठवें दिन समृद्धि को समर्पित और शांति की देवी लक्ष्मी की पूजा लिए समर्पित होते हैं। मां लक्ष्मी की पूजा से व्यक्ति अहंकार, क्रोध , वासना और अन्य पशु प्रवृत्ति की बुरी चीजों से छुटकारा पाने का संकल्प लेता है। शक्ति और धन से परिपूर्ण होने के बावजूद मानव जीवन जीने के लिए ज्ञान आवश्यक है। यही कारण है कि नवरात्रि के पांचवें दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। सातवें , आठवें और नवें दिन आध्यात्मिक ज्ञान के उद्देश्य से मां से प्रार्थना की जाती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण नवमी तिथि पर उन 9 लड़कियों की पूजा की जाती है , जो अभी तक अपनी युवावस्था में नहीं पहुंची हैं। ऐसा माना जाता है कि यही 9 लड़कियां मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक हैं। हिंदू दर्शन में नवरात्रि काल को शक्ति संचय की दृष्टि से अति विशिष्ट माना जाता है। विशिष्ट साधना काल में साधक आदि शक्ति की उपासना के साथ नारी शक्ति की गरिमा को साकार रूप प्रदान करता है। भारतीय संस्कृति में नारी को प्राचीन काल से ही सम्मान और सुरक्षा दी गई है, हमारे पौराणिक एवं महाकाव्यात्मक ऐतिहासिक शास्त्रों में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं। नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के प्रति सनातन परंपरा के सम्मान का प्रतीक मानी जाती है। यह केवल उपवास और व्रत का पर्व नहीं बल्कि नारी शक्ति एवं कन्याओं के सम्मान का भी महापर्व है। वास्तव में देखा जाए तो नवदुर्गा एक स्त्री के पूरे जीवन चक्र का प्रतिबिंब है। हम जिन 9 स्वरूपों की पूजा करते हैं उन सभी का स्वरूप नारी के बाल स्वरूप से युवावस्था तक के पौराणिक कथानकों का चित्रण कहा जा सकता है। जन्म ग्रहण करती हुई कन्या को शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। कौमार्य अवस्था ब्रह्मचारिणी का स्वरूप हुआ करता है। एक युवती विवाह से पूर्व तक चंद्रमा के समान निर्मल होने के कारण चंद्रघंटा का रूप ग्रहण करती है। जब वही युवती नए जीव को जन्म देने के लिए गर्भधारण करती है ,तो कुष्मांडा के रूप में पूजी जाती है। संतान को जन्म देने के बाद वही स्त्री अब स्कंदमाता हो जाती है। संयम और साधना को धारण करने वाली स्त्री कात्यायनी रूप में दर्शन देती है। अपने संकल्प से पति की अकाल मृत्यु को भी जीत लेने से वही कालरात्रि रूप में पूजी जाती है। संसार जिसे मां ,अपना कुटुंब मानती है, सभी पर उपकार करने से महागौरी का रूप प्राप्त करती है और धरती को छोड़कर स्वर्ग प्रयत्न करने से पहले संसार में अपनी संतान को सिद्धि का आशीर्वाद देने वाली मां सिद्धिदात्री कहलाती है । अतः हम कह सकते हैं कि प्रत्येक स्त्री अपने आप में कही ना कहीं मां जगदंबे का ही प्रतिबिंब है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## उपकार



संकलित
दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**कंप्यूटर शिक्षा वैकल्पिक नहीं, अनिवार्य हो**

आधुनिक युग में कंप्यूटर जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। हर काम कंप्यूटर से किया जाता है और आसान हो गया है। दूरसंचार हो या बिजनेस शिक्षा हो या खेलकूद विज्ञान, बैंकिंग हो या मनोरंजन। हर जगह कंप्यूटर का उपयोग हो रहा है। नई-नई खोजें कंप्यूटर के माध्यम से हो रही हैं। व्यापार कंप्यूटर के माध्यम से हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स ने चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम कायम किए हैं। आज हमारे वैज्ञानिक चांद और मंगल ग्रह पर पहुंच गए हैं। यह भी कंप्यूटर के माध्यम से संभव हो पाया है। सूचनाओं का आदान-प्रदान कंप्यूटरों के माध्यम से हो रहा है। इंटरनेट के माध्यम से हम किसी भी विषय की जानकारी ले सकते हैं।

-**अमित देवांगन**, कुम्हारी

## ट्रेंड

### कदम्ब का पौधा



आज सुबह, 7, लोक कल्याण मार्ग पर एक कदम्ब का पौधा लगाया, जो महामहिम राजा चार्ल्स तृतीय द्वारा उपहार में दिया गया था। वे पर्यावरण और स्थिरता के प्रति बहुत समर्पित हैं, और यह विषय हमारी चर्चाओं में भी शामिल होता है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गहरी संवेदनाएं व्यक्त



प्रसिद्ध गायक, गीतकार, संगीतकार और ज़ुबीन गर्ग के सिंगापुर में एक दुर्घटना में असामयिक निधन से मैं स्तब्ध हूँ। 'असम की आवाज़' के रूप में प्रशंसित, कई भारतीय भाषाओं में उन्होंने अपनी आवाज़ से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### छात्र शक्ति की विजय



दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में 4 में से 3 पदों पर एबीवीपी की शानदार जीत छात्र राजनीति में नई ऊर्जा और नई दिशा का प्रतीक है। यह केवल एक संगठन की नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद और छात्र शक्ति की ऐतिहासिक विजय है।

**- मनोज तिवारी, सांसद, भाजपा**

### सामुदायिक संसाधन



पानी कोई व्यक्तिगत संसाधन नहीं है। यह सामुदायिक संसाधन है। यह किसी एक व्यक्ति का नहीं हो सकता। हमें पानी की पूजा करनी चाहिए, न कि उसे सिर्फ़अपने शौचालयों में बहा देना चाहिए।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# 'हे भगवान, अब हमारे देश का क्या होगा ?'



अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपनी नयी किताब में बताया कि जब उन्हें 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप से हारने की खबर मिली तो उन्हें इस पर यकीन नहीं हुआ। किताब में बताया गया है कि हार की खबर मिलने के बाद हैरिस की एक सहयोगी ने कपकेक पर लिखे वाक्यांश ''मैडम प्रेसिडेंट'' को हटाया और उन्हें वहां निराश कर्मचारियों में बांट दिया। खबर सुनकर हैरिस ने कहा, ''हे भगवान, अब हमारे देश का क्या होगा?'' अगले दिन भी वह सदमे में रहीं और इस खबर को स्वीकार नहीं कर पा रही थीं। हैरिस ने अपनी किताब ''107 डेज़'' में ये वाकये बताए हैं जिसका मंगलवार को विमोचन होगा। किताब का शीर्षक राष्ट्रपति चुनाव के लिए चलाए गए उनके अभियान की ओर इशारा करता है। इसमें उन्होंने अपनी गलतियों को स्वीकार किया है, अपनी नाराजगियां उजागर की हैं और कई अजीब क्षणों का जिक्र किया है। हैरिस लिखती हैं कि 81 वर्ष की उम्र में बाइडन थक गए थे और चुनाव संबंधी बहस के दौरान उनकी यह स्थिति साफ झलक रही थी। फिर भी उनकी टीम 'जो बाइडन जीतो' जैसे नारे देती रही। हैरिस ने माना कि कभी-कभी उनके और बाइडन के रिश्तों में खटास भी आयी। किताब में हैरिस अपनी कुछ गलतियों को स्वीकार करती हैं, खासकर 'द व्यू' टॉक शो में अपनी एक खराब उपस्थिति को लेकर।

## ऑफ बीट

# क्या सार्वजनिक शौचालय का इस्तेमाल करना सुरक्षित है?



स्वस्थ वयस्क प्रतिदिन एक लीटर से ज़्यादा मूत्र और 100 ग्राम से ज़्यादा मल त्यागते हैं। हर कोई मल और मूत्र में बैक्टीरिया और वायरस छोड़ता है, और इनमें से कुछ शौचालय में पहुँच जाते हैं। कुछ लोग, खासकर दस्त से पीड़ित लोग, शौचालय का इस्तेमाल करते समय ज़्यादा हानिकारक रोगाणु (बैक्टीरिया और वायरस) छोड़ सकते हैं। सार्वजनिक शौचालय /"सूक्ष्मजीवों का ढेर/" हो सकते हैं, विशेषकर तब जब बहुत से लोग उनका उपयोग करते हैं और उनकी सफाई उतनी बार नहीं होती जितनी होनी चाहिए। टॉयलेट सीट पर कौन से कीटाणु पाए जाते हैं? टॉयलेट सीट और उसके आस-पास कई तरह के रोगाणु पाए गए हैं। इनमें शामिल हैं: आंत के बैक्टीरिया, जैसे ई. कोलाई, क्लेबसिएला, एंटरोकोकस, और नोरोवायरस व रोटावायरस जैसे वायरस। ये गैस्ट्रोएंटेराइटिस, उल्टी और दस्त का कारण बन सकते हैं। त्वचा के बैक्टीरिया, जिनमें स्टैफिलोकोकस ऑरियस और यहाँ तक कि बहु-दवा प्रतिरोधी एस. ऑरियस और स्यूडोमोनास व एसिनेटोबैक्टर जैसे अन्य बैक्टीरिया संक्रमण का कारण बन सकते हैं। मल में मौजूद परजीवियों (कीड़ों) के अंडे और प्रोटोज़ोआ जैसे एक कोशिकीय जीव भी संक्रमण और पेट दर्द का कारण बन सकते हैं।

# कृषि यंत्र निर्माता संगठन, बिचौलियों की भूमिका को निष्क्रिय करते हुए किसानों तक सीधा लाभ पहुंचाएं: चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रीकरण संघ (टीएमए), कृषि मशीनरी निर्माता संघ (एएमएमए), अखिल भारतीय कम्बाइन हार्वेस्टर निर्माता संघ (एआईसीएमए) तथा पावर टिलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीटीएआई) सहित अन्य संबंधित संगठनों के प्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत और वर्चुअल माध्यम से भागीदारी की। इस बैठक में कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहें।

बैठक के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कृषि यंत्रों पर भी जीएसटी की दरें जो पहले 18 प्रतिशत और 12 प्रतिशत थी, अब घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। यह घटी हुई दरें 22 सितंबर से लागू हो जाएंगी। इसका लाभ सीधा किसान भाइयों-बहनों को

» केंद्रीय कृषि मंत्री की अध्यक्षता में कृषि मशीनरी पर जीएसटी सुधारों को लेकर अहम बैठक हुई

» कृषि यंत्रीकरण से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधि हुए शामिल, सभी ने जीएसटी दरों में कमी का किया स्वागत

मिलेगा।

उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में सुधार एक बड़ा कदम है। इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ट्रैक्टर 35 एचपी अब 41,000 रुपए सस्ता हो गया है। ट्रैक्टर 45 एसपी पर अब 45,000 रुपए सस्ता मिलेगा। वहीं ट्रैक्टर 50 एचपी पर 53,000 रुपए और ट्रैक्टर 75 एचपी पर 63,000 रुपये की बचत होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बागवानी व निराई-गुड़ाई करने वाले छोटे ट्रैक्टर पर भी बचत होगी। छोटे से लेकर बड़े ट्रैक्टर्स पर जीएसटी दरों में कमी के बाद कीमत कम हो गई है। धान रोपण यंत्र (4 पंक्ति– वॉक बिहाइंड) पर 15,400 रुपये कम हो गए हैं। 4 टन प्रति घंटा क्षमता वाला बहुफसली थ्रेशर अब 14,000 रुपये सस्ता हो गया है।

चौहान ने बताया कि पावर वीडर- 7.5 एचपी की कीमत अब 5,495 रुपए कम हो गई है। सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल– 11 टाइन अब 10,500 रुपए सस्ता मिलेगा। सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल 13 टाइन 3,220 रुपए कम कीमत में मिलेगा। हार्वेस्टर कंबाइन पर अब 4,375 रुपए की बचत होगी। वहीं 14 फीट कटर बार का दाम सीधे-सीधे 1,87,500 रुपए कम हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्ट्रॉ रीपर- 5 फीट अब 21, 875 रुपए सस्ता मिलेगा। सुपर सीडर- 8 फीट खरीदने पर 16,875 रुपए बचेंगे। हैप्पी सीडर- 10 टाइन 10,625 रुपए सस्ता हो गया है। रोटावेटर- 6 फीट खरीदने पर 7,812 रुपए की बचत होगी। स्क्वायर बेलर- 6 फीट पर 93,750 रुपए कम होंगे। मल्चर– 8 फीट पर 11,562 रुपए की बचत होगी। न्यूमैटिक प्लांटर- 4 पंक्ति 32,812 रुपए कम कीमत में मिलेगा। वहीं ट्रैक्टर माउंटेड स्प्रेयर– 400 लीटर क्षमता भी 9,375 रुपए सस्ता मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### आयुर्वेद संस्थान गोवा में मनाएगा आयुर्वेद दिवस




**पणजी।** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान गोवा में 23 सितंबर को 10वां आयुर्वेद दिवस मनाएगा। यह पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति के वैश्विक प्रचार में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। नई दिल्ली में आयुर्वेद दिवस समारोह के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि यह सभी के लिए गर्व की बात है।

### असम राइफल्स के वाहन पर हमला, 2 जवान शहीद



**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में हथियारबंद लोगों के एक समूह ने शुक्रवार शाम असम राइफल्स के वाहन पर हमला कर दिया, जिसमें अर्धसैनिक बल के दो जवान की मौत हो गई और कम से कम तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के नांबोल सबल लेइकाई इलाके में शाम करीब छह बजे हुई। घायल जवानों का अस्पताल में इलाज जारी है।

### पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बीजेपी ने आरोप लगाया है कि उसके कार्यकर्ता संजय भौमिक की टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने पीट-पीटकर हत्या कर दी है। भाजपा ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है और इसे राजनीतिक हत्या बताया है लेकिन टीएमसी ने आरोपों को गलत बताया है। भौमिक की उम्र 36 साल थी। परिवार ने एफआईआर दर्ज कराई है।

### सीवर की सफाई के दौरान दम घुटने से 3 की मौत



**थूथुकुडी।** तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले के पुराने बंदरगाह पर बुधवार को एक बजरे के अंदर गिट्टी के टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से 3मजदूरों की मौत हो गई। जहाज के निचले हिस्से में जहरीली गैस की चपेट में आ गए थे। इनकी पहचान राजस्थान के संदीप कुमार, थूथुकुडी जिले के पुन्नकयाल जेनिसन थॉमस और तिरुनेलवेली के सिरोन जॉर्ज के रूप में हुई है।


### तमिल एक्टर-कॉमेडियन रोबो शंकर का निधन



**चेन्नई।** तमिल एक्टर और कॉमेडियन रोबो शंकर का गुरुवार को चेन्नई में निधन हो गया। वे 46 साल के थे। बताया जा रहा है कि शंकर जिस फिल्म पर काम कर रहे थे, उसके सेट पर बेहोश हो गए। उन्हें 16 सितंबर को तुरंत जीईएम अस्पताल ले जाया गया. लेकिन उनकी मौत हो गई। रोबो शंकर के अचानक निधन से पूरी तमिल इंडस्ट्री सदमे में हैं। शोक जताया है।

## पश्चिम बंगाल में मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने प्रक्रिया तेज की

# बिहार के बाद अब बंगाल में भी एसआईआर की तैयारी,यहां 6 अक्टूबर के बाद आएगी बारी



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

एक तरफ बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर पहले ही बवाल मचा हुआ है तो वहीं खबर है कि अब पश्चिम बंगाल में भी एसआईआर की तैयारियां शुरू हो गई है। पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी ने लक्ष्मी पूजा (6 अक्टूबर) के बाद राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

सीईओ कार्यालय के सूत्रों के अनुसार यह प्रक्रिया पूरे देश में होगी। बंगाल में 2002 के एसआईआर आंकड़ों का जनवरी 2025 की मतदाता सूची से मिलान कल पूरा हो जाएगा। इससे पहले, पश्चिम बंगाल में मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी है। गुरुवार को मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने चुनाव जनशक्ति प्रबंधन प्रणाली (ईएमएमएस) पोर्टल लॉन्च किया। शुक्रवार से, इस नए ईएमएमएस 2.0 पोर्टल का उपयोग राज्य भर के लगभग 32,000 कार्यालयों से मतदान कर्मियों की सूची तैयार करने के लिए किया जाएगा। राज्य में लगभग 14,000 अतिरिक्त बूथों की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे बूथ-स्तरीय अधिकारियों की भारी कमी होने की आशंका है।

> पश्चिम बंगाल में मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी है। गुरुवार को, मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने चुनाव जनशक्ति प्रबंधन प्रणाली पोर्टल लॉन्च किया। 2.0 पोर्टल का उपयोग राज्य भर के 32,000 कार्यालयों से मतदान कर्मियों की सूची तैयार करेगा।

**मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने चुनाव जनशक्ति प्रबंधन प्रणाली पोर्टल किया लॉन्च**

### बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) नियुक्त

देशभर में लागू करने की खबर आ रही




मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने इस कमी पर चिंता व्यक्त की है। इसके समाधान के लिए, कई चुनाव कर्मचारियों को पहले ही बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के रूप में नियुक्त किया जा चुका है। 32,000 कार्यालयों को कर्मचारियों के नाम ईएमएमएस 2.0 पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। यदि कोई भी अधिकारी विवरण अपलोड करने में विफल रहता है, तो चुनाव आयोग जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा।

**2002 की मतदाता सूची ऑनलाइन अपलोड**

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दिल्ली के सीईओ ने 2002 की मतदाता सूची भी ऑनलाइन अपलोड की और वर्तमान विधानसभा क्षेत्रों को 2002 के निर्वाचन क्षेत्रों से जोड़ा, ताकि मतदाताओं को यह पता लगाने में मदद मिल सके कि उनका (या उनके माता-पिता का) नाम उस पुरानी सूची में है या नहीं।

### आला अधिकारी की होगी जिम्मेदारी

कार्यालय के सर्वोच्च पदस्थ अधिकारी को जवाबदेह ठहराया जाएगा। यह पोर्टल जिला प्रशासन के लिए चुनावी जनशक्ति के प्रबंधन, जिसमें कर्मचारियों की भर्ती, स्थानांतरण, संपादन और सत्यापन शामिल है, उसके लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा। यह चुनाव से संबंधित कर्मचारियों के डेटा के प्रबंधन और नए कर्मचारियों को जोड़ने की अनुमति देगा। विशिष्ट कारणों से सेवानिवृत्त या स्थानांतरित होने वाले कर्मचारियों को इस पोर्टल के माध्यम से सिस्टम से हटाया जा सकता है. यह जानकारी जिला और ब्लॉक-स्तरीय प्रकोष्ठों द्वारा दर्ज की जाएगी।

### डेटाबेस बनाने पर विचार

एसआईआर अभ्यास से पहले, आयोग राज्य में चुनावी कर्मचारियों या अधिकारियों की संख्या पर नजर रखने और कर्मचारियों की वास्तविक संख्या का डेटा एकत्र करने के लिए एक डेटाबेस बनाने पर विचार कर रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने ईएमएमएस 2.0 पोर्टल लॉन्च किया । यह एनआईसी और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की पहल पर विकसित किया है। इसका उद्घाटन एनआईसी के संयुक्त निदेशक सैकत नारायण भट्टाचार्य और संयुक्त निदेशक शमिक कुमार भट्टाचार्य के साथ किया गया।

### जिनके नाम दर्ज उन्हें गणना प्रपत्र का अंश देना होगा

सीईओ कार्यालय द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि सभी संबंधित अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों और बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण दिया गया है.

एसआईआर के दौरान घर-घर (एच2एच) भ्रमण के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। मतदाताओं से 2002 की मतदाता सूची में अपने और अपने माता-पिता के नामों का सत्यापन करने के लिए कहा जा रहा है। बयान के अनुसार, जिनके नाम 2002 और 2025 की मतदाता सूचियों में हैं, उन्हें केवल गणना प्रपत्र और 2002 की मतदाता सूची का अंश जमा करना होगा।

## प्रियंका गांधी का 'हर बूथ मज़बूत' अभियान

# छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश में बूथ-स्तरीय संगठन को मज़बूत करने की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा शुरू किया गया 'हर बूथ मज़बूत' कार्यक्रम अब छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में सक्रिय हो गया है। इसका उद्देश्य उन विधानसभा क्षेत्रों में प्रशिक्षित बूथ-रक्षक तैयार करना है, जहां पिछले विधानसभा चुनावों में जीत-हार का अंतर बेहद कम था। यह पहल पार्टी की चुनावी रणनीति को मजबूती देने के साथ-साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। प्रदेश कमेटियों की चौतरफा जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिला स्तर के नेताओं को मजबूती के साथ उभारा जाएगा ताकि पार्टी की बुनियाद को वैचारिकी के लिहाज से टिकाऊ बनाया जा सके।

इन क्षेत्रों में पार्टी का मानना है कि बूथ-स्तरीय संगठन और प्रशिक्षित कार्यकर्ता मतदाता-सूची की निगरानी और मतदान केंद्रों पर पारदर्शिता बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

### मध्य प्रदेश की इन सीटों सहित कुछ और पर है निगाहें

**शाजापुर:** कांग्रेस उम्मीदवार 28 वोटों के अंतर से हार गए।
**धारमपुरी:** यहां कांग्रेस को 356 वोटों के मामूली अंतर से हार मिली।
**निवास:** भाजपा के केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को कांग्रेस के उम्मीदवार से 9,723 वोटों से हार मिली।

रणनीतिकारों का मनना है कि इन समीपी हार वाली सीटों पर भी बूथ रक्षक और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की भूमिका निर्णायक हो सकती है।

प्रियंका गांधी के नेतृत्व में शुरू किए गए इस अभियान में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची की जाँच, मतदान केंद्रों पर निगरानी और चुनावी प्रक्रिया की तकनीकी जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षित बूथ रक्षक मतदान प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और किसी भी अनियमितता को रोकने में मदद करेंगे। स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस पहल का स्वागत किया है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और तकनीकी संसाधनों की सीमित उपलब्धता कुछ कठिनाइयाँ उत्पन्न कर सकती हैं। कांग्रेस पार्टी इन बाधाओं को दूर करने और बूथ-रक्षकों को सभी आवश्यक संसाधन प्रदान करने के लिए अलग से सेटअप कर रही है।

### छत्तीसगढ़ की इन सीटों पर तैनात होंगे बूथ रक्षक

**कांकेर:** 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार ने कांग्रेस को मात्र 16 वोटों के अंतर से हराया।
**अंबिकापुर:** भाजपा ने कांग्रेस को 94 वोटों के मामूली अंतर से पराजित किया।
**पथलगांव:** भाजपा के विजयी उम्मीदवार ने कांग्रेस को 255 वोटों से पीछे छोड़ा।
**पाली-तानखर:** 714 वोटों के अंतर से कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा।

# 3 पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों को किसने राजनीतिक प्रमोशन दिया?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार यह आरोप लगा रहे हैं कि चुनाव आयोग नरेंद्र मोदी सरकार के साथ मिला हुआ है और उसका रवैया पक्षपात वाला है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल को इसका जवाब दिया है। अनुराग ने कहा है कि किस तरह तीन पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त अपना कार्यकाल खत्म होने के बाद राजनीति में गए और कांग्रेस ने उन्हें आगे बढ़ाया। ठाकुर ने कहा कि रमादेवी, एमएस गिल, टीएन शेषन को किस पार्टी ने उन्हें चुनाव आयुक्त नियुक्त किया और वे किस पार्टी में शामिल हुए? उन्होंने चुनाव आयोग का दुरुपयोग किया, बड़ी-बड़ी पोस्टिंग दी। राहुल की कोशिश है कि भारत के लोकतंत्र पर बार-बार हमला किया जाए, उसे कमज़ोर किया जाए, लोगों को गुमराह किया जाए और देश में बांग्लादेश और नेपाल जैसी स्थिति पैदा की जाए।

अनुराग का राहुल पर फिर बड़ा हमला



### दो राज्यों की राज्यपाल रहीं रमादेवी

रमादेवी को 1990 को मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। वीपी सिंह सरकार ने उन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया था। तब वे विधि और न्याय मंत्रालय में विधायी विभाग की सचिव थीं। जुलाई 1993 में वह राज्यसभा की महासचिव बनीं और इसके बाद उन्हें हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल भी नियुक्त किया गया। उन्हें कर्नाटक का राज्यपाल भी बनाया गया।

### शेषन ने कांग्रेस से चुनाव लड़ा

टीएन शेषन देश के सबसे हाई प्रोफाइल मुख्य चुनाव आयुक्तों में से एक थे। शेषन का यह बयान काफी चर्चित था जिसमें उन्होंने कहा था कि वह नेताओं को नाश्ते में खा जाते हैं। शेषन को चुनाव सुधारों के लिए जाना जाता है। चुनाव आयोग में आने से पहले वह नौकरशाह रहे थे। शेषन ने 1997 में के. नारायणन के खिलाफ राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा। गांधीनगर से पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के खिलाफ लोकसभा का चुनाव लड़ा था।

### यूपीए सरकार में मंत्री थे गिल

एमएस गिल 1996 में मुख्य चुनाव आयुक्त बने थे और लंबे वक्त तक नौकरशाह रहे। गिल के मुख्य चुनाव आयुक्त रहते हुए ही चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की शुरुआत की थी। रिटायर होने के बाद एमएस गिल कांग्रेस में शामिल हो गए और 2004 से 2016 तक पंजाब से राज्यसभा सांसद रहे। उन्होंने केंद्र सरकार में युवा मामलों और खेल का मंत्रालय भी संभाला।

## सुप्रीम कोर्ट ने मैसूर दशहरा पर दाखिल याचिका खारिज की

# संविधान धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर आधारित राज्य का कार्यक्रम किसी संस्था का नहीं

## बुकर पुरस्कार विजेता लेखिका बानू के उद्घाटन का विरोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें बुकर पुरस्कार विजेता लेखिका बानू मुश्ताक को इस साल के मैसूर दशहरा समारोह का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किए जाने का विरोध किया गया था। अदालत ने कहा कि भारत का संविधान धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर आधारित है और राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम किसी निजी संस्था का आयोजन नहीं होता। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि मैसूर दशहरा केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हिंदू धार्मिक परंपराओं और आस्थाओं से जुड़ा है।

### अदालत ने पूर्व के फैसले का दिया हवाला



सुप्रीम कोर्ट ने तर्क को खारिज करते हुए कहा कि 2017 में भी प्रसिद्ध मुस्लिम कवि निसार अहमद ने मैसूर दशहरा का उद्घाटन किया था। हमारे संविधान की प्रस्तावना स्पष्ट करती है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। ऐसे में किसी भी धर्म विशेष के आधार पर भेदभाव करना न्यायोचित नहीं है। बेंगलुरु के एक निवासी, एचएस गौरव की ओर से दायर पीआईएल में कहा गया कि दशहरा के उद्घाटन को हिंदू परंपरा का अभिन्न हिस्सा घोषित किया जाना चाहिए और इसे हिंदू गणमान्य व्यक्ति द्वारा ही किया जाना चाहिए।

## जाते-जाते मानसून ने दिखाए तेवर, 2 राज्यों में मचा दी तबाही

ट्रांसपोर्ट नगर में भर गया पानी

# उदयपुर में हाइवे की सर्विस रोड पर कारें डूबीं

एजेंसी ▶▶ उदयपुर

राजस्थान के उदयपुर जिले में एक नए परिसंचरण तंत्र के प्रभाव से बीते 24 घंटे में अति भारी बारिश हुई। ममौसम विभाग के अनुसार इस नए परिसंचरण तंत्र के कारण बीते 24 घंटे के दौरान राजस्थान के उदयपुर जिले में अतिभारी तथा चित्तौड़गढ़ व प्रतापगढ़ जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई। राज्य के कुछ अन्य स्थानों पर भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहा। सर्वाधिक 117.0 मिलीमीटर बारिश उदयपुर में हुई। देहलीगेट, बापूबाजार, फतहपुरा, आरके सर्कल, शोभागपुरा, केशवनगर, रूपसागर रोड, आरटीओ रोड आदि क्षेत्रों में तेज बरसात हुई। ट्रांसपोर्ट नगर के पास पेसेफिक यूनिवर्सिटी मेन रोड पर एकाएक भरे पानी से यहां खड़ी कारें डूबी नजर आईं।

चित्तौड़गढ़ व प्रतापगढ़ जिलों में भारी बारिश दर्ज



### 22 सितंबर तक बारिश की संभावना

चूरू में अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस तंत्र के प्रभाव से 22 सितंबर तक भरतपुर, कोटा, उदयपुर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर और जोधपुर संभाग के अधिकांश भागों में आगामी दिनों में मौसम मुख्यतः शुष्क बने रहने की प्रबल संभावना है।

## बेंगलुरु में भी सावधान रहने की चेतावनी

### पानी-पानी हो गई भारत की सिलिकॉन वैली

**बेंगलुरु:** भारत की सिलिकॉन वैली का हाल भारी बारिश की वजह से बेहाल हो गया है। यहां बेंगलुरु में गुरुवार को रात भर भारी बारिश हुई। शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। वहीं कई प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक भी जाम रहा। बेंगलुरु शहर में पिछले 24 घंटों में 65.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। डोड्डाबल्लापुरा में 60 मिमी, रामनगर के चंद्रायनहल्ली में 46 मिमी और बेंगलुरु ग्रामीण के हेसरघट्टा में 43 मिमी बारिश दर्ज की गई।



**पूरे राज्य में यलो अलर्ट जारी**

आईएमडी ने बेंगलुरु के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने और कुछ स्थानों पर 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

## गोवा में सामाजिक कार्यकर्ता पर हमला

# चेहरे पर पोत दिया गोबर, पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ पणजी

गोवा में सामाजिक कार्यकर्ता रामा कांकणकर पर गुरुवार को पणजी के पास छह लोगों ने हमला किया। हमलावरों ने उनके चेहरे पर गोबर भी थोप दिया। इस घटना के बाद से गोवा में राजनीति गरमा गई है। विपक्षी दलों का कहना है कि यह खराब हो रहे लॉ एंड ऑर्डर का नतीजा है और लोगों की आवाज बंद करने की साजिश है। पुलिस ने हमले में शामिल 5लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य की तलाश चल रही है।



### हमलावरों ने चेन और चाकू भी चलाए

कांकणकर ने 2022 में सेंट आंद्रे निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव भी लड़ा था, लेकिन वे हार गए थे। उन्हें पहले सीएम प्रमोद सावंत के खिलाफ अपमानजनक बयान देने के आरोप में गिरफ्तार भी किया गया था। पुलिस के अनुसार रामा कांकणकर पर हमला गुरुवार दोपहर पणजी के पास एक पार्क में हुआ। हमलावरों ने उन पर चेन और चाकू से हमला किया और उनके चेहरे पर गोबर भी मल दिया।

## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे बढ़कर 88.11 पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे मजबूत होकर 88.11 पर बंद हुआ। अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के चलते रुपये में तेजी आई। भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से भी घरेलू मुद्रा को अस्थिरता को नियंत्रित करने और तेज मूल्यह्रास को रोकने में मदद मिली।

### सीईएससी कर रही 5,000 करोड़ रुपए का निवेश




**नई दिल्ली।** सीईएससी ग्रीन पावर लि. स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में करीब 5,000 करोड़ रुपये निवेश करने की प्रक्रिया में है। इसमें 3,000 मेगावाट क्षमता का सौर सेल/मॉड्यूल संयंत्र लगाना शामिल है। सीईएससी ग्रीन पावर आरपी-संजीव गोयनका समूह की सीईएससी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है।

### टेक्समैको को मिला अल्ट्राटेक सीमेंट से वैगन का ऑर्डर




**कोलकाता।** टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसे अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड से विशेष मालवाहक वैगनों और ब्रेक वैन की आपूर्ति के लिए 86.85 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। एडवेंट्ज़ समूह की प्रमुख कंपनी ने कहा कि ये वैगन अल्ट्राटेक के मध्य प्रदेश स्थित मैहर और सरलानगर संयंत्रों के लिए होंगे।

## रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी की ताजा रिपोर्ट

# जीएसटी दरों में कटौती से सरकार पर नहीं पड़ेगा खास राजकोषीय बोझ : क्रिसिल

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने शुक्रवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में हाल ही में किए गए बदलाव से सरकार पर कोई खास राजकोषीय बोझ नहीं पड़ेगा।

रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने दर कटौती की वजह से अल्पावधि में सालाना करीब 48,000 करोड़ रुपये के शुद्ध नुकसान का अनुमान लगाया है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी संग्रह 10.6 लाख करोड़ रुपये रहा था। रिपोर्ट कहती है कि कुल जीएसटी संग्रह के अनुपात में यह राजस्व नुकसान बहुत अधिक नहीं है।

### सेवाओं की कीमतों में कमी आएगी

जीएसटी परिषद ने हाल ही में कर दरों को तर्कसंगत बनाते हुए पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब में रखने का फैसला किया है। यह संशोधन 22 सितंबर से प्रभावी होने वाला है जिससे कई उत्पादों और सेवाओं की कीमतों में कमी आएगी।

### कर वसूली में मजबूती मिलेगी

क्रिसिल ने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाने से अधिक वस्तुएं और सेवाएं औपचारिक कर दायरे में आ सकेंगी, जिससे मध्यम अवधि में कर वसूली में मजबूती मिलेगी। पहले 70-75 प्रतिशत जीएसटी राजस्व 18 प्रतिशत स्लैब से आता था, जबकि 12 प्रतिशत स्लैब से केवल पांच-छह प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब से 13-15 प्रतिशत राजस्व मिलता था।




- सालाना करीब 48,000 करोड़ रुपए के शुद्ध नुकसान का अनुमान
- वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी संग्रह 10.6 लाख करोड़ रहा

***स्लैब घटाने से राजस्व को नुकसान नहीं :*** *रिपोर्ट के मुताबिक, 12 प्रतिशत स्लैब में शामिल वस्तुओं पर कर घटाने से राजस्व को कोई खास नुकसान नहीं होगा। वहीं, मोबाइल शुल्क जैसी तेजी से बढ़ती सेवाओं पर दरें पहले की ही तरह हैं। वहीं, ई-कॉमर्स डिलीवरी जैसी नई सेवाओं को जीएसटी दायरे में शामिल कर 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया गया है।*

### उपभोक्ताओं की वास्तविक आय बढ़ेगी

*क्रिसिल ने कहा कि कर में कटौती से उपभोक्ताओं की वास्तविक आय बढ़ेगी, जिससे मांग और जीएसटी संग्रह दोनों को प्रोत्साहन मिल सकता है। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उत्पादक कर में बदलाव का लाभ उपभोक्ताओं को किस हद तक पहुंचाते हैं।*

### जीएसटी में कटौती से कम होगा कर बोझ : फिक्की

*सरकार के 'जीएसटी 2.0' की घोषणा से परिवारों पर कर का बोझ कम होगा, छोटे और मझोले उद्यम (एमएसएमई) मजबूत होंगे और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को गति मिलेगी। उद्योग निकाय फिक्की ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि इन सुधारों के साथ भारत एकल कर व्यवस्था के और करीब आएगा।*

### पांच फीसदी कर वाली वस्तुओं की हिस्सेदारी तिगुनी होगी

*फिक्की की तस्करी और जालसाजी गतिविधियों के विरुद्ध काम करने वाली समिति (कैस्केड) ने एक रिपोर्ट में कहा कि जीएसटी में इस बदलाव से पांच प्रतिशत कर वाली वस्तुओं की हिस्सेदारी लगभग तिगुनी हो जाएगी। इस स्लैब वाली श्रेणियों की संख्या 'जीएसटी 2.0' में 54 से बढ़कर 149 हो जाएगी। इसमें कहा गया कि ग्रामीण परिवारों के लिए जिन उत्पादों को छूट प्राप्त है, उनकी हिस्सेदारी 56.3 प्रतिशत से बढ़कर 73.5 प्रतिशत होने की उम्मीद है।*

### शहरी परिवारों की हिस्सेदारी बढ़ेगी

*शहरी परिवारों के लिए यह हिस्सेदारी 50.5 प्रतिशत से बढ़कर 66.2 प्रतिशत होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया कि इसके चलते ग्रामीण परिवारों के लिए प्रभावी जीएसटी दर 6.03 प्रतिशत से घटकर 4.27 प्रतिशत हो गई है। शहरी परिवारों के लिए यह 6.38 प्रतिशत से घटकर 4.38 प्रतिशत हो गई है*

## मार्केट न्यूज

### अभिनेत्री दिविता जुनेजा की मासूमियत ने जीता दर्शकों का दिल, फिल्म हीर एक्सप्रेस का एक हफ़्ते में वर्ल्डवाइड कलेक्शन पहुँचा ₹5.34 करोड़




**मुंबई।** दिविता जुनेजा अभिनीत फिल्म हीर एक्सप्रेस ने रिलीज़ के पहले हफ़्ते में ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की है। वर्ल्डवाइड स्तर पर फिल्म की कमाई 5.34 करोड़ तक पहुँच चुकी है। लंबे समय बाद कोई ऐसी फिल्म आई है, जिसे पूरा परिवार इकट्ठे साथ बैठकर देख रहा है। हर उम्र के लोग चाहे वो बच्चे हैं या पेरेंटस या फिर दादा-दादी, सभी इक्ट्ठे सिनेमा आ रहे हैं। दर्शकों का कहना है कि आजकल इतनी साफ-सुथरी फिल्में बहुत कम देखने को मिलती हैं। फिल्म की नायिका दिविता जुनेजा, जो इस फिल्म से अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं, पूरे हफ़्ते चर्चा का केंद्र बनी हुई हैं। दिविता ने अपनी मासूमियत, आत्मविश्वास से हर दिल में जगह बना ली है। समीक्षकों का मानना है कि यह बॉलीवुड का सबसे स्ट्रांग डेब्यू है। सिनेमाघरों में नज़ारा बेहद खास है। लंबे समय बाद ऐसा हो रहा है जब बच्चे, माता-पिता और दादा-दादी—तीनों पीढ़ियाँ एक ही शो में साथ बैठकर फिल्म का आनंद ले रही हैं। यही वजह है कि हीर एक्सप्रेस 'बुक माय शो' पर रिलीज़ के दिन से ही लगातार ट्रेंड में है।

### वेदांता को नीलामी में आंध्र का पुन्नम मैंगनीज ब्लॉक मिला

**नई दिल्ली।** धातु एवं खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड ने आंध्र प्रदेश में स्थित पुन्नम मैंगनीज ब्लॉक को नीलामी प्रक्रिया के जरिये हासिल किया है। यह खनिज ब्लॉक 152 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है और फिलहाल जी4 स्तर की खोज के चरण में है। जी4 स्तर खनिज खोज की सबसे प्रारंभिक अवस्था होती है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मेसर्सः कुनाल ट्रेडिंग कंपनी, मालिकः मनीष कौशिक, निवासः 306, गली नंबर–1 प्रथम तल, रणजीत नगर, पश्चिम पटेल नगर, दिल्ली** ने **CC No. 210/1B, U/s: 138 NI ACT, पुलिस थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मेसर्सः कुनाल ट्रेडिंग कंपनी, मालिकः मनीष कौशिक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मेसर्सः कुनाल ट्रेडिंग कंपनी, मालिकः मनीष कौशिक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अभियुक्त **कुनाल ट्रेडिंग कंपनी, मालिकः मनीष कौशिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.10.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
एलडी. एमएम–01, उत्तर पूर्वी जिला, कमरा नं. – 73,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/12055/NE/2025

## शेयर बाजार में तीन दिनों की तेजी पर लगा ब्रेक

**मुंबई।** प्रमुख कंपनियों एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में मुनाफावसूली होने के कारण स्थानीय शेयर बाजार में तीन दिनों से चली आ रही तेजी शुक्रवार को थम गई। सेंसेक्स 387 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 96 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 387.73 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,626.23 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 528.04 अंक गिरकर 82,485.92 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 96.55 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 25,327.05 अंक पर आ गया। एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक में सबसे अधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, एसबीआई, एनटीपीसी और सन फार्मा के शेयर लाभ में रहे।



- सेंसेक्स 387 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में
- एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक में हुई मुनाफावसूली

## अमेरिका के बाद अब भारत में भी सस्ता होगा लोन? ब्याज दर में कटौती संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अपनी ब्याज दरों में एक बार फिर कटौती कर दी है। फेड के ब्याज दरें घटाने के बाद अब भारत के लोगों की उम्मीदें भी कर्ज और सस्ता होने को लेकर बढ़ गई हैं। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई में अगले महीने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक होने वाली है, जिसमें रेपो रेट में कटौती को लेकर फैसला किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो कर्ज की ब्याज दरें और नीचे आ जाएंगी। संजय मल्होत्रा ने जब से आरबीआई गवर्नर की कमान संभाली है, रेपो रेट में तीन बार कटौती की जा चुकी है। रिजर्व बैंक ने तीन बार रेपो रेट में कटौती करके ब्याज दर को 1 फीसदी सस्ता कर दिया है। अब चौथी बार कटौती की उम्मीद भी जाग चुकी है।

### अक्टूबर से शुरू हो रहा त्योहारी सीजन

आरबीआई की ओर से रेपो रेट में कटौती की उम्मीद इसलिए भी ज्यादा दिखने लगी है, क्योंकि अक्टूबर से ही त्योहारी सीजन शुरू हुआ है। सरकार ने पहले ही उपभोक्ता खपत बढ़ाने की तैयारियां कर ली हैं, जिसके लिए जीएसटी की दरों में बड़ी कटौती की जा चुकी है।

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग, कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, धरमजयगढ़, जिला - रायगढ़ (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 09.10.2025, 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|
| 175934 | 04/ व.ले.लि. / 2025-26 / दिनांक 18.09.2025 | रायगढ़ जिले के विकासखंड धरमजयगढ़ में पेलमनाला जलाशय का नाला - बंधान कार्य सह बांध, नहर व स्पिल चैनल का रिसेक्शनिंग कार्य, 4 नग माइनर हेड, 3 नग नहर फाल, 2 नग ड्रेनेज पुलिया, 2 नग व्ही. आर. बी. कम फाल, 3 नग व्ही. आर. बी. का निर्माण कार्य एवं हेड स्लूस व स्पिल वे का मरम्मत कार्य तथा 44 नग आउटलेट निर्माण कार्य। | 207.78 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 25.09.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, धरमजयगढ़ (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव कछार
जल संसाधन विभाग बिलासपुर (छ. ग.)
G-252603609/3

## सोने में 800 और चांदी में 500 रुपये की रही मजबूती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सोना चढ़कर 1,14,000 प्रतिशत 10 ग्राम
- चांदी बढ़कर 1,32,000 रुपए प्रति किलोग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 800 रुपये चढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते सोने में तेजी आई। चांदी की कीमत भी 500 रुपये बढ़कर 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 700 रुपये बढ़कर 1,13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''सप्ताह के आखिरी कारोबारी सत्र में सोने में सकारात्मक रुख रहा और कीमती धातुओं में तेजी रही। इस तेजी के कई कारण हैं।

### चांदी में लगातार दूसरे दिन बढ़त

*इसके अलावा, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन बढ़त दर्ज की गई और शुक्रवार को यह 500 रुपये बढ़कर 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। एसोसिएशन के अनुसार, बृहस्पतिवार को चांदी 1,31,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।*



### भारतीय रेलवे एवं SHRM के सहयोग से मानव संसाधन प्रबंधन पर सेमिनार का आयोजन

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (**HRMS**) के सहयोग से उत्तर रेलवे मुख्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मानव संसाधन प्रबंधन के समकालीन मुद्दों, श्रेष्ठ प्रथाओं तथा उभरते रुझानों पर विशेष रूप से भारतीय रेल पर केंद्रित विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में महानिदेशक/मानव संसाधन, अतिरिक्त सदस्य/स्टाफ, अतिरिक्त सदस्य/एच.आर., प्रधान कार्यकारी निदेशक/औद्योगिक संबंध, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी/उ.रे., **SHRM** के गणमान्य सदस्य तथा दिल्ली में पदस्थ सभी आई.आर.पी.एस. अधिकारियों ने भाग लिया।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में आग लागने से संपत्ति को नुकसान

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय नई दिल्ली की आसफ अली शाखा में दिनांक 18-19 सितंबर को दुर्भाग्यवश रात करीब 12 बजे भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचित किया, जिसके बाद दमकल विभाग द्वारा आग पर काबू पाया गया। आग की जानकारी मिलते ही बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रारम्भिक आकलन के अनुसार कार्यालय फर्नीचर, उपकरण और दस्तावेजों का भारी नुकसान पहुंचा है, जिनमें कुछ ऋण दस्तावेज भी शामिल हैं। बैंक प्रबंधन द्वारा स्थिति की गंभीरता से जांच की जा रही है और शाखा में जल्द ही सामान्य कामकाज बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के तहत वॉकथॉन और साइकिल रैली का आयोजन

**नई दिल्ली।** 'स्वच्छता ही सेवा-2025' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के प्रतिजन-जन को जागरूक करने तथा स्वच्छता का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से आज दिनांक 19.09.2025 को अंबाला मण्डल, दिल्ली मण्डल, जम्मू मण्डल व मुरादाबाद मण्डल में वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस वॉकथॉन में मंडल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनोंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वॉकथॉन का मुख्य उदेश्य सफाई के साथ-साथ लोगों को सेहत के प्रति जागरूक करना और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना है। इस दौरान आम लोगों से स्वच्छता को अपनाने और पर्यावरण को बेहतर बनाने का आग्रह किया गया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका रतिया (फतेहाबाद) | एम.सी. एरिया रतिया में ओपन जिम की स्थापना + 15 कार्य। | 15.09.2025 26.09.2025 | रु.1,43,62,624/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996678131 secratia@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/38929/I/88/7 दि. 19.09.25

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवशिवास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवशिवास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

### शब्द पहेली - 5994




**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना–5
5.चतुर, जहीन–5
9.दया, तरस–3
10.कामदेव–3
11.लीन, तल्लीन–2
13.बोली, आवाज–2
14.राजदुर्वा–2
15.एक प्रकार का बिस्किट–2,3
18.मत, सलाह–2
19.जो लायक न हो–4
20.अधीनस्थ–4
21.कहानी, गाथा–2
22.श्रवर्णेद्रिय–2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा–4
26.दान देने वाला–4
29.वरदान, दूल्हा–2
30.पत्नी का नाना–2,3
33.सूर्य, दिनकर–2
34.भीगा हुआ–2
35.सुर आलाप–2
36.फूलों का रस,अर्क–3
38.तरंग, हिलोर–3
41.जरुरतमंद–5
42.सेंधमार–5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण–5
2.टैक्स,हाथ–2
3.महीना, मास–2
4.नामवर, प्रसिद्ध–4
5.संधि, सामंजस्य–4
6.सरुर, नशा–2
7.झंकार–2
8.रमण योग्य–5
12.तगारी, नांद–3
13.सुअर–3
15.अभिमान मर्दित होना –2,3
16.समाप्त–2
17.नेकनीयत–5
23.हनुमान–3,2
24.मुलायम–3
25.उम्मीद, आशा–2
27.बहादुरी–3
28.शिव, रविलोचन–2,3
31.नामचीन–4
32.सुसंचालन–4
36.चेहरे का तेज, दर्प–2
37.रिश्तेदार–2
39.अधिकार–2
40.ईश्वर, भगवान–2

**शब्द पहेली- 5993 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |



# विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूसरे वनडे में रिकॉर्ड जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम 20 सितंबर को तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के निर्णायक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली वनडे श्रृंखला जीतकर विश्व कप से पहले अपनी उम्मीदों को पंख लगाने की कोशिश करेगी। भारतीय महिला टीम अभी तक द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को नहीं हरा पाई है और अगर वह यहां जीत हासिल करने में सफल रहती है तो इससे उसका 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**महिला क्रिकेट**

- 30 सितंबर से शुरू हो रहा विश्व कप
- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा एकदिवसीय मैच आज 1.30 बजे से




### अरुंधति को शामिल करना भारत के लिए अच्छा

स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबरने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाली तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर और क्रांति गौड़ ने ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया, जबकि स्पिनरों ने बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखा। तेज गेंदबाजी में तीसरे विकल्प के रूप में अरुंधति रेड्डी को शामिल करना भी भारत के लिए अच्छा रहा। लेकिन मेजबान टीम के एक बार फिर अलग संयोजन के साथ उतरने की उम्मीद है।

### हर विभाग में करना होगा अच्छा प्रदर्शन

ऑस्ट्रेलिया को हराना हालांकि इतना आसान काम नहीं है और अगर भारत को इतिहास रचना है तो उसे खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में बुरी तरह हारने के बाद हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे मैच में 102 रन से जीत हासिल की, जो रनों के लिहाज से ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी हार थी। यह भारत की भी ऑस्ट्रेलिया पर 12 मैचों में पहली जीत थी।

### दूसरे मैच में भारत ने छोड़े छह कैच

भारतीय टीम की कुछ कमजोरियां भी हालांकि इनमें उजागर हुई। इसमें खराब फील्डिंग भी शामिल है। दूसरे मैच में उन्होंने छह कैच छोड़े और इस तरह से भारतीय टीम दो मैच में 10 कैच छोड़ चुकी है। इनमें से अधिकतर कैच बहुत आसान थे। भारतीय टीम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है, जो चिंता का विषय है। दूसरे मैच में हालांकि गेंदबाजों ने अच्छे मौके बनाए, जो टीम के लिए सकारात्मक पहलू है।




### ऑस्ट्रेलिया वापसी के लिए बेताब

इस बीच ऑस्ट्रेलिया वापसी के लिए बेताब होगा। उसकी कप्तान एलिसा हीली ने स्वीकार किया कि दूसरे वनडे में उनकी टीम खेल के हर विभाग में नाकाम रही। आठ बार की विश्व चैंपियन टीम अपनी कमियों को दूर करने के साथ-साथ भारत की भीषण गर्मी से सामंजस्य बिठाने के लिए भी उत्सुक होगी। यह हार ऑस्ट्रेलिया के लिए एक झटका थी, जो फरवरी 2024 में दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद से 13 एकदिवसीय मैचों में अजेय रही थी। ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप से पहले अपने विजय अभियान पर लौटने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी और इसलिए भारतीय टीम को बेहद सतर्क होकर खेलना होगा।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), उमा छेत्री, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, तेजल हसब्निस, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, श्रीचरणी, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्राथ, डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## खबर संक्षेप




### स्पीड स्केटर राज ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर स्पीड स्केटर अनीश राज ने चीन के बेइदैहे में हुई 73वीं इनलाइन स्पीड विश्व चैंपियनशिप में जूनियर पुरुषों के वन लैप रोड स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। अनीश ने 39.714 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन में 13 से 21 सितंबर तक चल रहे टूर्नामेंट में 42 देशों के प्रतियोगी भाग ले रहे हैं। भारत के 19 खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में भाग लिया। अनीश ने इस साल दक्षिण कोरिया में हुई 20वीं एशियाई रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था।

### फेडेक्स ओपनः अहलावत की धीमी शुरुआत



**पेरिस।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने फेडेक्स ओपन डी फ्रांस में अपने अभियान की शुरुआत इवन पार 71 के राउंड के साथ की और वह डीपी वर्ल्ड टूर की गोल्फ डी सेंट-नोम-ला-ब्रेटेचे में खेली जा रही इस प्रतियोगिता के पहले राउंड के बाद संयुक्त 71वें पर हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी शुभंकर शर्मा पहले राउंड में ही लड़खड़ा गए और अब उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने दो ओवर 74 का स्कोर बनाया और वह 127वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के मार्कस आर्मिटेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले राउंड के बाद बढ़त बना ली। उन्होंने छठे और 15वें होल के बीच 10 होल में आठ बर्डी बनाई और 17वें होल पर बोगी के बावजूद दो स्ट्रोक की बढ़त बनाए रखी।

### टूर्नामेंट छोड़कर स्वदेश लौटे ऑलराउंडर वेल्लालागे



**अबुधाबी।** श्रीलंका के दुनीथ वेल्लालागे अपने पिता सुरंगा के निधन के कारण एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के बीच से लौट गए हैं। उनके पिता का निधन गुरुवार को हुआ। उसी दिन यह ऑलराउंडर अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी लीग मैच खेल रहा था। वेल्लालागे को अपने पिता के निधन की खबर मैच के बाद ही पता चली और वह सबसे पहले उपलब्ध उड़ान से कोलंबो के लिए रवाना हो गए। सुरंगा का दिल का दौरा पड़ने से 54 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। यह स्पष्ट नहीं है कि यह 22 वर्षीय खिलाड़ी टूर्नामेंट में वापसी करेगा या नहीं। श्रीलंका सुपर 4 में अपना पहला मैच शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद उसका सामना 23 सितंबर को पाकिस्तान से और 26 सितंबर को भारत से होगा। श्रीलंका के पूर्व कप्तान लसिथ मलिंगा ने एक्स पर लिखा, 'दुनीथ वेल्लालागे के पिता सुरंगा वेल्लालगे के निधन से बहुत दुखी हूं। परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

### भारत के 8 खिलाड़ियों ने गेंदबाजी की, फिर भी ओमान के 4 विकेट ही गिरे

# संजू की फिफ्टी से भारत ने ओमान को 21 रन से हराया

*वर्ल्ड नंबर-20 ओमान से 40 ओवर में जीत सकी टीम इंडिया*

एजेंसी ▶▶| अबु धाबी

डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने एशिया कप 2025 में अपना विजय अभियान जारी रखा है। शुक्रवार को अबू धाबी में भारतीय टीम ने ओमान को 21 रन से हराया। भले ही यह मैच भारतीय टीम ने जीता हो, लेकिन ओमान ने फैंस का दिल जीत लिया। ओमान की टीम ने वर्ल्ड चैंपियन के खिलाफ पूरे 40 ओवर में संघर्ष किया। इस मुकाबले में भारतीय टीम को 10 बल्लेबाज उतारने पड़े, जबकि 8 खिलाड़ियों को गेंदबाजी में लगाना पड़ा। फिर भी इंडियन टीम ओमान के 4 विकेट ही गिरा सकी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 188 रन बनाए। जवाब में ओमान 167 रन ही बना सकी। टीम से आमिर कलीम (64 रन) और हमाद मिर्जा (51 रन) ने अर्धशतक लगाए। कुलदीप यादव और हर्षित राणा को एक-एक विकेट मिला। भारत से संजू सैमसन (56 रन) ने अर्धशतक बनाया। ओमान की ओर से फैसल शाह, जितेन रामनंदी और आमिर कलीम को 2-2 विकेट मिले।







### *श्रीलंका की जीत की लय जारी बांग्लादेश कर सकता है पलटवार*

***दुबई।*** *ग्रुप बी में अपने सभी मैच जीत कर उत्साह से भरी श्रीलंका की टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार 20 सितंबर को होने वाले एशिया कप सुपर 4 के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। चरिथ असलांका के कुशल नेतृत्व में, श्रीलंकाई टीम ग्रुप बी में तीन मैचों में जीत के साथ शीर्ष पर रही। बांग्लादेश ने दूसरे स्थान पर रहकर अगले दौर में प्रवेश किया। श्रीलंका ने बांग्लादेश को छह विकेट से पराजित किया और फिर उसके बाद हांगकांग और अफगानिस्तान को क्रमशः चार और छह विकेट से हराया।*

**चाइना मास्टर्स**

# आन के खिलाफ सिंधू की लगातार 8वीं हार



एजेंसी ▶▶| शेनझेन


शटलर पीवी सिंधू का विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में इस कोरियाई खिलाड़ी से सीधे गेम में हार गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली 23 वर्षीय कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 38 मिनट में 14-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू की आन के खिलाफ यह लगातार आठवीं हार थी। वह कोरिया की खिलाड़ी के खिलाफ अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई हैं।

### सिंधू की शुरुआत रही खराब

सिंधू की शुरुआत खराब रही और वह पहले गेम में एक समय 1-6 से पीछे चल रही थीं, लेकिन बाद में उन्होंने स्कोर 5-9 कर लिया। आन ने हालांकि ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बना ली। सिंधू 11-14 पर स्कोर को करीब लाने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने अपनी पकड़ बनाए रखी और पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधू ने कुछ देर के लिए 3-2 की बढ़त बना ली, लेकिन आन ने जल्द ही नियंत्रण हासिल कर लिया। भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक खेल से बढ़त बनाने की कोशिश की और एक समय वह 7-8 से पीछे चल रही थीं, लेकिन आन के बेहतरीन खेल और विविधता ने उन्हें ब्रेक तक 11-7 से आगे कर दिया। कोरिया के खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपना दबदबा बरकरार करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## ला सेला ओपनः संयुक्त 17वें स्थान पर त्वेसा

एजेंसी ▶▶| एलिकांटे



लेडीज यूरोपियन टूर में खेलना जारी रखने के लिए अपना कार्ड बरकरार रखने को प्रयासरत भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने ला सेला ओपन में एक अंडर 71 के स्कोर के साथ अच्छी शुरुआत की और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। त्वेसा ला सेला गोल्फ रिसोर्ट में आयोजित की जा रही इस 10 लाख यूरो इनामी प्रतियोगिता में खेल रही सात भारतीय महिला खिलाड़ियों में पहले दौर के बाद सबसे आगे हैं।

हिताशी बख्शी (72) संयुक्त 28वें, जबकि दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स 73-73 के स्कोर के साथ संयुक्त 44वें स्थान पर हैं। रिद्धिमा दिलावरी (75) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं। अवनि प्रशांत (78) और वाणी कपूर (78) संयुक्त 113वें स्थान पर हैं और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। युवा खिलाड़ी अन्ना हुआंग ने बोगीरहित 64 का स्कोर बनाकर पहले दिन के अंत में दो स्ट्रोक की बढ़त बना ली।

## महीने की शुरुआत से ही परेशान कर रहा था बैक पैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहना उनके लिए सत्र के अंत की उम्मीद के अनुरुप नहीं था लेकिन वह ब्रेक के बाद दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछली बार के चैंपियन चोपड़ा गुरुवार को टोकियो में 84.03 मीटर ही भाला फेंक सके और पांचवें दौर के बाद बाहर हो गए। इस दौरान वह पीठ दर्द से परेशान रहे। उन्होंने बाद में खुलासा किया कि पीठ की समस्या इस महीने की शुरुआत से ही उन्हें परेशान कर रही थी, लेकिन वह इसे अपने खराब प्रदर्शन का कारण नहीं बताना चाहते थे।





### वह मेरा दिन नहीं थाः चोपड़ा

चोपड़ा ने एक्स पर लिखा, 'मैंने टोकियो में विश्व चैंपियनशिप के साथ सत्र का इस तरह से अंत करने की उम्मीद नहीं की थी। मैं सभी चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था, लेकिन वह मेरा दिन नहीं था।' उन्होंने कहा, 'मैं सचिन के लिए बहुत खुश हूं, जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह लगभग पदक जीत ही गए थे।'

## धीमी ओवर गति के लिए ऑस्ट्रेलिया महिला टीम पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम पर मुल्लांपुर (चंडीगढ़) में भारत के खिलाफ दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। ऑस्ट्रेलिया को बुधवार को दूसरे एकदिवसीय मैच में 102 रन से हार का सामना करना पड़ा, जो रनों के लिहाज से उनकी सबसे बड़ी हार थी। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मैच रेफरी जीएस लक्ष्मी ने उस पर यह जुर्माना लगाया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के धीमी ओवर गति से संबंधित अनुच्छेद 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर प्रत्येक ओवर कम करने के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

### विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप...




**टोकियो।** बाएं से दाएं, ब्रिटेन की एबिगेल पावलेट, संयुक्त राज्य अमेरिका की तलियाह ब्रूक्स, कोलंबिया की मार्था अराउजो और लिथुआनिया की बीट्राइस जुस्केविसीउते टोकियो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हेप्टाथलॉन 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रतिस्पर्धा करती हुई।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में (कैथल निर्वाचन क्षेत्र (कोर्ट केस की वजह से) कैथल कवारतन रोड (आईडी-7116) आरडी 2.25 से 2.575 कि.मी. तक शिफ्टिंग। | बंद होने की तिथि 24.09.2025 | 26.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिला में गांव साहिला में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX स्कीम के तहत)। | 17.09.2025 24.09.2025 | 25.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2631396 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में टोहाना धारसुल रतिया से राज्य बॉर्डर रोड (एमडीआर-101) (आरडी 0.00 से 34.15) पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार (रोड आईडी 5370 और 5468) (कि.मी. 0 से 34.15) (सी.एम. घोषणा कोड 27232 दिनांक 23.01.2023)। | 17.09.2025 18.10.2025 | 6163.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में (सी.एम. घोषणाओं के तहत) (सी.एम. घोषणा कोड सं. 27991 दिनांक 23.12.2024) करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में अग्रलिखित के प्रावधान द्वारा 3 अदद रोड के सुधार का कार्य। (1) कि.मी. 2.150 में धनौरा से शेखुपुरा ऐप रोड (रोड आईडी 7213) पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी और सीसीबी को पुनः बिछाकर मजबूतीकरण (2) कुंजपुरा से मुगल माजरा (रोड आईडी 7230) लम्बाई 3.500 पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी और सीसीबी को पुनः बिछाकर मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण और (3) कि.मी. 0.00 से 2.210 में नाथौरी से कालरी जागीर रोड (रोड आईडी 11342) कि.मी. 0.00 से 2.210 में डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण (सी.एम. घोषण कोड 27978 दिनांक 23.12.2024) + 1 कार्य। | 18.09.2025 29.09.2025 | 707.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प करनाल | एमएनएसएस राई जिला सोनीपत के परिसर में 300 विद्यार्थियों के गर्ल हॉस्टल का निर्माण (सब स्टेशन, डीजी सैट का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 19.09.2025 25.09.2025 | 57.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव सिवाह जिला पानीपत में नये खेल कूद स्टेडियम का निर्माण (अतिरिक्त कैम्पस लाइटिंग और सिक्योरिटी सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 19.09.2025 29.09.2025 | 113.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में टोहाना में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स (ज्यूडिशियल ब्लॉक) के चारों ओर चारदिवारी को ऊपर उठाना और कंसरटीना वायर का प्रावधान। | 17.09.2025 24.09.2025 | 22.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | भाखड़ा मेन ब्रांच के आरडी 401500 पर पैच मरम्मत। | बंद होने की तिथि 24.09.2025 | 0.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666235426 xenrorisrs@gmail.com |
| 9 | जिला परिषद सोनीपत | सीएचसी पुरखास ब्लॉक गन्नौर में बीपीएचयू का निर्माण + 1 कार्य। | 18.09.2025 29.09.2025 | 89.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |
| 10 | जिला परिषद पानीपत | गांव पाथरी, ब्लॉक इसराना, जिला पानीपत में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 17.09.2025 24.09.2025 | 45.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | 19.09 - गांव खापड़वास ब्लॉक मातनहेल, जिला झज्जर में फिरनी का निर्माण। | 17.09.2025 24.09.2025 | 15.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज सिरसा | चौबुर्जा - गांव चौबुर्जा, ब्लॉक नाथूसरी चौपटा, जिला सिरसा में पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण (सी.एम. कोड 24031 स्कीम-एचजीवीवाई वर्ष 2025-26)। | 13.09.2025 22.09.2025 | 38.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज ढाण्ड | गांव सलीमपुर मडूड ब्लॉक ढाण्ड में सुखबीर के मकान से और जगदीश तक आंगनवाड़ी की गली और स्कूल का निर्माण, गांव पाबला में इशाम सिंह के मकान से चंदगी राम के मकान तक नाला का निर्माण, गांव पाबला, ब्लॉक ढाण्ड (कैथल) में गुरू ब्रह्मानंद भवन में शैड का निर्माण ... डी प्लान कार्य + 6 कार्य। | 18.09.2025 25.09.2025 | 20.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416550000 sutharprithviraj1972@gmail.com |
| 14 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी करनाल में हीटिंग, वेंटिलेशन और एयरकंडीशनिंग (एचवीएसी) का व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा। | 24.09.2025 09.10.2025 | ईएमडी 2.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/280/38937/I/88/7 दि. 19.09.25

# इंसान नहीं, 'व्योममित्र' करेगी अंतरिक्ष की सैर, सारी प्रणाली को जांचेगी, परखेगी

यह मिशन बताएगा कि भारत अंतरिक्ष में इंसानों को भेजने के लिए कितना तैयार है। इसका मकसद उन प्रणाली को परखना है जो इंसानों को अंतरिक्ष तक भेजने और सकुशल वापस लाने में काम आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत जल्द ही अंतरिक्ष विज्ञान में एक और बड़ी छलांग लगाने वाला है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) प्रमुख वी. नारायणन ने ऐलान किया है कि दिसंबर 2025 में संगठन 'गगनयान मिशन' के तहत पहली अनक्रूड फ्लाइट लॉन्च करेगा। खास बात यह है कि इसमें इंसान की जगह 'व्योममित्र' नाम के एक हाफ-ह्यूमनॉइड रोबोट को भेजा जाएगा। इस रोबोट को एक महिला का रूप दिया गया है जो मिशन के दौरान इंसान की जगह काम करेगी। यह मिशन बताएगा कि भारत अंतरिक्ष में इंसानों को भेजने के लिए कितना तैयार है। इसका मकसद उन प्रणाली को परखना है जो इंसानों को अंतरिक्ष तक भेजने और सकुशल वापस लाने में काम आएंगे। नारायणन के मुताबिक, अगर यह उड़ान सफल रहती है तो अगले साल दो और बिना इंसान वाले मिशन पूरे किए जाएंगे। इसके बाद 2027 की शुरूआत में भारत अपना पहला गगनयात्री अंतरिक्ष में भेजेगा और उसे सुरक्षित वापस लाएगा। गगनयात्रियों का चयन पहले ही हो चुका है और उनका बेंगलुरु में प्रशिक्षण भी चल रहा है।

**इस साल दिसंबर में पहली अनक्रूड फ्लाइट लॉन्च होगी**

**साल 2027 में जाएंगे गगनयात्री बेंगलुरु में प्रशिक्षण जारी**

गगनयान मिशन के लिए इसरो ने तैयार की एआई महिला रोबोट!




**हाफ-ह्यूमनॉइड रोबोट है व्योममित्र**

व्योममित्र एक हाफ-ह्यूमनॉइड रोबोट है जिसके निचले अंग नहीं हैं। एआई-सक्षम रोबोट को उड़ान के दौरान कंपन और झटके को झेलते हुए रॉकेट पर उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया है। इसे चेहरे के हाव-भाव, बोलने और देखने की क्षमता के साथ इंसान जैसा बनाया गया है। व्योममित्र की मदद से इंटीग्रेटेड एयर ड्राप, पैड अबार्ट टेस्ट और टेस्ट वीकल फ्लाइट्स के ऑपरेशन को समझने में मदद मिलेगी।

### अंतरिक्ष यात्रियों से करेगी बात

व्योममित्र के जरिए जो भी खामियां होंगी उन्हें सुधारने में मदद मिलेगी। व्योममित्र मॉड्यूल पैरामीटर के जरिए न सिर्फ निगरानी बल्कि अलर्ट भेज सकती है यह स्विच पैनल संचालन जैसी गतिविधियां कर सकती है। रोबोट अंतरिक्ष यात्रियों से बातचीत कर सकती है और उन्हें पहचान के साथ सवालों के जवाब भी दे सकती है।

### भारत की ताकत दिखेगी

यह मिशन केवल तकनीक का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि भारत के सपनों और आत्मविश्वास की उड़ान है। जब दिसंबर में व्योममित्र अंतरिक्ष की ओर बढ़ेगा, तो यह आने वाले भारतीय गगनयात्रियों के लिए रास्ता साफ करेगा। 2027 में जब भारत का पहला गगनयात्री अंतरिक्ष से तिरंगा लहराएगा, तो यह पल पूरी दुनिया के लिए भारत की ताकत और क्षमता का सबूत होगा।

### गगनयान के लिए तैयारियां तेज

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने संसद में जानकारी दी कि गगनयान मिशन के लिए मानव रेटेड लॉन्च व्हीकल एचएलवीएम3 का विकास और परीक्षण पूरा हो चुका है। इसके अलावा क्रू मॉड्यूल, सर्विस मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम जैसी सभी अहम तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं।

### 2035 में भारत का स्पेस स्टेशन

लेकिन गगनयान केवल पहला कदम है। भारत की नजर इससे कहीं आगे है। इसरो की योजना 2035 भारत का पहला अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और 2040 तक चांद पर भारत का मिशन भेजने की है।

## खबर संक्षेप

### ईरान यात्रा को लेकर विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को जारी किया जरूरी परामर्श

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** रोजगार के झूठे वादों के जाल में फंसकर ईरान पहुंचने वाले भारतीयों का आपराधिक गिरोह द्वारा किए जा रहे अपहरण और उसके बाद मांगी जा रही फिरौती का मामला सामने आने के बाद शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने देश के सभी नागरिकों के लिए जरूरी परामर्श जारी किया है। जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि नौकरी से संबंधित किसी भी अवसर पर हामी भरने से पहले उसके संबंध में अति सतर्कता के साथ जरूरी पड़ताल की जानी चाहिए। यहां ये बात भी सनद रहे कि ईरान की सरकार भारतीयों को केवल पर्यटन के उद्देश्य को लेकर ही अपने देश में वीजा फ्री एंट्री प्रदान करती है। अगर कोई एजेंट रोजगार या अन्य किसी मकसद के लिए ईरान में वीजा फ्री एंट्री के साथ प्रवेश को लेकर किसी व्यक्ति से संपर्क करे तो बहुत संभव है कि उसका संबंध किसी आपराधिक गिरोह से हो सकता है। जिसे देखते हुए मंत्रालय यह सलाह देता है कि ऐसे किसी लुभावने रोजगार या अन्य किसी अवसर के जाल में फंसने से बचें। मंत्रालय की तरफ से ये परामर्श हालिया समय में नौकरी के झूठे वादों के साथ ईरान पहुंचकर भारतीयों को किसी आपराधिक गिरोह द्वारा अपहरण करने के बाद उनके परिवारों से मांगी गई भारी भरकम फिरौती के संदर्भ में जारी किया गया है।

### इजराइली रक्षा मंत्री ने हूती नेता को दी धमकी



**गाजा।** गाजा के हमास आतंकियों के साथ इजराइल यमन के हूती विद्रोहियों पर भी कार्रवाई कर रहा है। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने हूती नेता अब्दुल-मलिक अल-हूती को जान से मारने की धमकी दी है। काट्ज ने कहा है कि जल्द ही तुम्हारा नंबर आएगा। 28 अगस्त को इजराइल ने यमन में हवाई हमला कर हूती सरकार के पीएम और कई महत्वपूर्ण सदस्यों को मार दिया था। हूती विद्रोहियों के ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद अब इजराइल ने फिर से ऐसे हमले की धमकी दी है।

1965 के युद्ध की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में युद्ध नायकों के परिवार के सदस्यों और पूर्व सैनिकों से बातचीत में बोले रक्षा मंत्री

# ऑपरेशन सिंदूर से मिली जीत कोई अपवाद नहीं, भारत की आदत बन गई है: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेनाओं के इस सैन्य अभियान ने हमारे शत्रुओं को ये दिखा दिया है कि हम कितने शक्तिशाली हैं। जिस समन्वय और साहस के साथ हमारे बलों ने इसे अंजाम दिया है। वह इस बात का प्रमाण है कि जीत अब हमारे लिए कोई अपवाद नहीं है। बल्कि ये हमारी आदत बन गई है। हमें इस आदत को हमेशा बनाए रखना चाहिए।

उन्होंने कहा, बार-बार देश के नागरिकों ने यह साबित किया है कि देश अपना भाग्य स्वयं रचता है। पहलगाम का कायराना आतंकी हमला आज भी हमारे दिलों में शोक और पीड़ा को भर देता है। लेकिन इससे हमारा मनोबल नहीं टूटा है। हमले के बाद पीएम मोदी ने आतंकियों को ऐसा सबक सिखाने का निर्णय लिया। जिसकी आतंकवादियों ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने 1965 के युद्ध की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में 19 सितंबर को रक्षा मंत्रालय में आयोजित किए गए एक समारोह के दौरान युद्ध नायकों के परिवार के सदस्यों और पूर्व सैनिकों से बातचीत करते हुए दी है। समारोह में सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी समेत बल के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।



उपेंद्र द्विवेदी समेत कई अधिकारी शामिल हुए

**पीवीसी विजेता अब्दुल हमीद को किया याद**

रक्षा मंत्री ने युद्ध के दौरान लड़ी गई कई लड़ाइयों का उल्लेख किया। जिसमें परमवीर चक्र (पीवीसी) विजेता कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद का उल्लेख करते हुए कहा कि असल उत्तर की लड़ाई के दौरान मशीन गन और टैंक की लगातार गोलीबारी के बीच शत्रु के असंख्य टैंकों को नष्ट करते हुए हमीद ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। उन्होंने हमें सिखाया कि वीरता हथियार के आकार पर नहीं बल्कि हृदय के आकार पर निर्भर करती है। उनका अदम्य साहस हमें ये भी सीख देता है कि सबसे कठिन परिस्थितियों में भी साहस, संयम और देशभक्ति का मेल असंभव को भी संभव बना सकता है।

### सैनिकों का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों के सम्मान और कल्याण सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है और वह इसे लेकर प्रतिबद्ध है। राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा आधुनिकीकरण, सैनिकों के बेहतर प्रशिक्षण और हथियारों के उन्नयन के हमारे संकल्प का मकसद ये सुनिश्चित करना है कि सेनाओं को कभी भी संसाधनों की कमी का सामना न करना पड़े।

### बरकरार रही राष्ट्रीय अखंडता-संप्रभुता

राजनाथ ने अपने संबोधन की शुरुआत में 1965 के युद्ध में कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने सोचा था कि वह घुसपैठ, गुरिल्ला रणनीति और आश्चर्यजनक हमलों के जरिए भारत को डरा सकता है। लेकिन उसे ये नहीं पता था कि प्रत्येक भारतीय सैनिक इस भावना के साथ मातृभूमि की सेवा करता है कि जिससे राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता से किसी भी कीमत पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने युद्ध के दौरान बनी हुई देश के तत्कालीन राजनीतिक इच्छाशक्ति और नेतृत्व को जीत का श्रेय देते हुए कि कोई भी युद्ध केवल युद्ध भूमि पर ही नहीं लड़ा जाता। बल्कि युद्ध में मिली जीत पूरे देश के सामूहिक संकल्प का परिणाम होती है। 1965 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के दृढ़ इच्छाशक्ति वाले नेतृत्व की वजह से ही भारत अनिश्चितताओं और चुनौतियों का डटकर मुकाबला कर पाया। उन्होंने ने केवल देश को एक निर्णायक राजनीतिक नेतृत्व प्रदान किया। बल्कि पूरे राष्ट्र का मनोबल भी ऊंचाइयों तक पहुंचाया। राजनाथ ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी हमने एकजुटता का परिचय दिया और युद्ध जीता।

एयरफोर्स चीफ एपी सिंह बोले

# ऑपरेशन सिंदूर में 'गेम चेंजर' साबित हुआ एस-400 व लंबी दूरी की मिसाइलें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के चीफ एयर मार्शल एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस्तेमाल किए गए एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को 'गेम चेंजर' करार दिया। उन्होंने कहा कि आज की लड़ाइयों में ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है लेकिन लड़ाइयां ड्रोन से ही नहीं जीती जा सकतीं। उन्होंने कहा कि हमारी इस लड़ाई में कई ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। ड्रोन बहुत अच्छे हैं। ये किसी भी सिस्टम को सैचुरेट करने के लिए अच्छे हैं। बहुत सारे ड्रोन एक साथ आएंगे तो सैचुरेशन होती है लेकिन अगर हमें युद्ध जीतना है, तो वह सिर्फ ड्रोन से नहीं जीता जा सकता। हमारे लिए कुछ लंबी दूरी के, कुछ भारी क्षमता वाले हथियार, कुछ ऐसे विमान जो लंबी दूरी की मिसाइलें दाग सकें, बहुत जरूरी हैं। इसलिए हमें मानव-मानवरहित प्रणालियों के एक सुखद मिश्रण की आवश्यकता होगी।

### रडार और मिसाइल सिस्टम ने दुश्मन को नुकसान पहुंचाया

एपी सिंह ने कहा कि हमने जो लंबी दूरी की एलआर-एसएएम, एस-400 खरीदी थी, वे इसमें गेम चेंजर साबित हुईं। उनके लंबी दूरी के रडार और मिसाइल सिस्टम दुश्मन के विमानों को उनके ही क्षेत्र में घुसकर नुकसान पहुंचा सकते थे। इसलिए हम कुछ ऐसा करने में सक्षम हो पाए कि वे अपने क्षेत्र में भी काम नहीं कर सकते थे। एस-400 की रेंज उनके हथियारों की रेंज से कहीं अधिक थी, इसलिए उनके एयरक्रॉफ्ट हथियार छोड़ने की सीमा तक भी नहीं आ सके और जो आते भी थे, उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ता था। इसलिए यह एक गेम चेंजर था।

### ऑपरेशन सिंदूर दुनिया के लिए उदाहरण

एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण देते हुए कहा कि कैसे किसी भी संघर्ष को जल्द से जल्द शुरू करके लक्ष्य और उद्देश्य प्राप्त कर उसे समाप्त करना है, दुनिया को भारत से यह सबक सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज जो भी युद्ध चल रहे हैं, चाहे वह रूस-यूक्रेन युद्ध हो या इजराइल-हमास युद्ध, वे लंबे अर्से से चल रहे हैं, क्योंकि कोई भी संघर्ष समाप्ति के बारे में नहीं सोच रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में हमने सुना है कि लोग कह रहे हैं कि पाकिस्तान का हमें और नुकसान करना चाहिए। हमने इस युद्ध को बहुत जल्दी रोक दिया। हमने पाकिस्तान को गहरा घाव दिया, वे पीछे हट गए थे, इसमें कोई शक नहीं, लेकिन हमारे उद्देश्य क्या थे? हमारा उद्देश्य आतंकवाद विरोधी था। हमें उन पर हमला करना था।

दिशा पाटनी के घर फायरिंग मामला

# दो गिरफ्तार, एक का एनकाउंटर पिस्टल, तमंचा, कारतूस बरामद

एजेंसी ▶▶ बरेली

बरेली पुलिस ने बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर पर हुई फायरिंग की साजिश में शामिल पांचवे रेकी करने वाले अपराधी को शाही थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया। शुक्रवार देर रात बिहारीपुर नदी पुल के पास पुलिस और अपराधियों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें 19 वर्षीय रामनिवास उर्फ दीपक उर्फ दीपू निवासी बेडकला, थाना जैतारण, जनपद बियावर (राजस्थान) गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी पर



25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्टल .32 बोर, चार जिंदा व चार खोखा कारतूस बरामद किए। वहीं मौके से एक अन्य आरोपी अनिल पुत्र सतीश निवासी राजपुर, थाना बडी, जनपद सोनीपत को भी पकड़ा गया, जिसके पास से तमंचा .315 बोर, दो जिंदा और चार खोखा कारतूस मिले। दोनों बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर प्लस बाइक पर थे।

भारत-ईयू के बीच जल्द एफटीए को लेकर ग्रीस के पीएम ने दिया समर्थन

# ग्रीस के प्रधानमंत्री मित्सोताकिस और पीएम मोदी के बीच हुई फोन पर बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक संघर्षों और टैरिफ संकट की चुनौती के बीच शुक्रवार को ग्रीस (यूनान) के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने पीएम नरेंद्र मोदी को फोन कर उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। जिस पर पीएम ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

दोनों शीर्ष नेताओं ने बातचीत के दौरान द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न क्षेत्रों जैसे व्यापार, निवेश, तकनीक, शिपिंग, रक्षा, सुरक्षा, कनेक्टिविटी और आमजन के बीच संबंधों से जुड़े हुए घटनाक्रम का स्वागत किया। साथ ही भारत-ग्रीस सामरिक साझेदारी को भविष्य में और अधिक मजबूत बनाने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही इनकी वार्ता में साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान



फाइल फोटो

किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

**भारत-ईयू एफटीए को ग्रीस का समर्थन:** मंत्रालय ने बताया कि ग्रीस के प्रधानमंत्री मित्सोताकिस ने प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत में भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच जल्द ही पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर अपना समर्थन प्रदान किया है। इसके अलावा उन्होंने अगले साल-2026 में भारत की मेजबानी में आयोजित किए जाने वाले कृत्रिम मेधा (एआई) शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए भी अपना सहयोग प्रदान किया है।

पीएम मोदी और पीएम मित्सोताकिस ने भविष्य में भी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने को लेकर सहमति जताई है। उल्लेखनीय है कि बीते सप्ताह भारत और ईयू के बीच नई दिल्ली में एफटीए को लेकर 13वें दौर की वार्ता हुई थी। इसमें कोई शक नहीं है कि ईयू भारत का एक बड़ा व्यापारिक साझेदार है। पिछली बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच सीमा शुल्क, व्यापार सुविधा, विवाद निपटान, डिजिटल व्यापार, टिकाऊ खाद्य प्रणाली, प्रतिस्पर्धा-सब्सिडी और पूंजीगत आवाजाही जैसे विषय शामिल किए गए थे।

### भूमध्य सागर में बढ़ेगी उपस्थिति

यहां बता दें कि भारत और ग्रीस से बढ़ते संबंध एक प्रकार से ग्रीस की मौजूदगी वाले भूमध्य सागर के इलाके में चीन की अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिशों के साथ ही पाकिस्तान, अजरबैजान और तुर्किये के त्रिपक्षीय गठजोड़ की काट के दृष्टिकोण से भी काफी अहमियत रखते हैं।

अब लश्कर कमांडर कासिम ने खोली पाकिस्तान की पोल

# भारतीय सेना से मची हुई तबाही को कबूला कहा- आतंकी शिविर का पुनर्निर्माण हो रहा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

जैश के बाद लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर कासिम ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है। लश्कर कमांडर कासिम ने माना कि सात मई सुबह किए गए हमले में मुरिदके स्थित लश्कर मरकज को तबाह कर दिया गया था। उसने यह भी कहा कि आतंकी शिविर का पुनर्निर्माण हो रहा है। पाकिस्तान भारतीय सेना की कार्रवाई में हुए नुकसान को नकारता रहा है। मुरिदके, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शेखूपुरा जिले में स्थित एक शहर है। लश्कर का यह मुरिदके वाला शिविर उन नौ आतंकी ठिकानों में शामिल था, जिन्हें भारतीय सेना ने 7 मई की रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में की गई एक बड़ी कार्रवाई में तबाह कर दिया था।



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो

**आतंकी ने दिखाए तबाही के निशान**

वीडियो में कासिम एक अधूरे निर्माण स्थल के सामने खड़ा दिख रहा है और कहता दिख रहा है, मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जिसे (भारत के) हमले में नष्ट कर दिया गया था। अब इसका फिर से निर्माण हो रहा है। अल्लाह की रहमत से यह मस्जिद पहले से बड़ी बनेगी। कासिम ने यह भी कबूला कि इस नष्ट की गई मरकज तैयबा मस्जिद में कई आतंकियों को प्रशिक्षण दिया गया था।

जेकेएलएफ आतंकी यासीन मलिक के हलफनामे में बड़ा खुलासा

# हाफिज से मिलने पर पूर्व पीएम मनमोहन ने दिया था थैंक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के आतंकी यासीन मलिक ने कहा है कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने आतंकी हाफिज सईद से मिलवाने के लिए मलिक को धन्यवाद दिया था। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक और 26/11 के मास्टरमाइंड सईद से यह मुलाकात 2006 में हुई थी। दिल्ली हाईकोर्ट में 25 अगस्त को दिए हलफनामे में मलिक ने दावा किया कि यह मुलाकात उनकी पहल नहीं थी, बल्कि पाकिस्तान के साथ गुप्त शांति प्रक्रिया के तहत इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारियों की अपील पर रखी गई थी। मलिक ने हलफनामे में यह दावा भी किया है कि उन्हें साफ-साफ बताया गया था कि पाकिस्तान के साथ बातचीत तब तक




दावा- पाक के साथ गुप्त शांति प्रक्रिया के तहत आईबी के कहने पर मिले थे

फाइल फोटो

सार्थक नहीं हो सकती जब तक आतंकवादी नेताओं को भी उसमें शामिल न किया जाए। बता दें, यासीन मलिक पर जनवरी 1990 में श्रीनगर में चार भारतीय वायु सेना अधिकारियों की हत्या का आरोप है। वह टेरर फंडिंग केस में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है।

### आतंकियों से बात करने को कहा गया था

मलिक के बयान के मुताबिक 2005 में कश्मीर में आए भूकंप के बाद पाकिस्तान जाने से पहले खुफिया ब्यूरो (आईबी) के तत्कालीन विशेष निदेशक वीके जोशी ने दिल्ली में मलिक से मुलाकात की थी। जोशी ने मलिक से कहा था कि वे इस मौके का इस्तेमाल न केवल पाकिस्तानी राजनीतिक नेताओं के साथ, बल्कि सईद समेत आतंकवादी सरगनाओं के साथ बातचीत करने के लिए करें, ताकि तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह के शांति प्रयासों का समर्थन किया जा सके। इसके बाद वह पाक में एक समारोह में हाफिज सईद से मिला था।

### मनमोहन ने अहिंसक आंदोलन का जनक कहा

मलिक ने दावा किया कि आईबी से डीब्रीफिंग के बाद, उन्हें सीधे पीएम को जानकारी देने के लिए कहा गया था। मलिक ने 17 फरवरी की शाम दिल्ली में तत्कालीन एनएसए एमके नारायणन की मौजूदगी में मनमोहन सिंह से मुलाकात की थी। इसी मुलाकात के दौरान सिंह ने व्यक्तिगत रूप से उन्हें पाकिस्तान में सबसे कट्टरपंथी तत्वों से निपटने में उनके द्वारा दिखाए गए प्रयास, धैर्य और समर्पण के लिए धन्यवाद दिया था। मलिक के मुताबिक जब मैं पीएम मनमोहन सिंह से मिला था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109